सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-09 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 27 जून 2024
20 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# बिरला फिर से बने स्पीकर



आसन तक लेकर गए पीएम मोदी, राहुल गांधी और किरन रिजिजू

- बिरला फिर से आसन पर विराजमान
- एनडीए ने ध्वनि मत से जीता चुनाव

**नई दिल्ली।** ओम बिरला एक बार फिर लोकसभा के अध्यक्ष बन गए हैं। बुधवार को ध्वनिमत से उन्हें स्पीकर चुना गया। एनडीए ने बिरला को अपना प्रत्याशी बनाया था, जबकि इंडिया ब्लॉक ने के. सुरेश को मैदान में उतारा था। ओम बिरला को स्पीकर चुने जाने के बाद नेता सदन नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी स्पीकर के आसन तक लेकर गए। बिरला के आसन तक पहुंचने पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने कहा कि आपकी चेयर है, आप संभालें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि हम सबको विश्वास है कि आने वाले पांच साल आप हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि विनम्र और व्यवहार कुशल व्यक्ति सफल सदृश होता होता है। आपको तो मुस्कान भी मिली है। आपकी ये मीठी मीठी मुस्कान हम सबको प्रसन्न करती आई है। दूसरी बार स्पीकर का कार्यभार मिलना नए-नए रिकॉर्ड बनते देख रहे हैं। आप जीतकर आए हैं। नया इतिहास आपने गढ़ा है। लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर ओम बिरला के नाम एक नया रिकॉर्ड जुड़ गया है।

## आशा है, विपक्ष की आवाज नहीं दबेगी: राहुल

**नई दिल्ली।** संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा, मैं आपको दूसरी बार स्पीकर चुने जाने के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं आपको पूरे विपक्ष और इंडिया गठबंधन की तरफ से बधाई देना चाहता हूं। यह सदन भारत के लोगों की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज़ के अंतिम निर्णायक हैं। सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है और इस बार विपक्ष ने पिछली बार की तुलना में भारतीय लोगों की आवाज़ का अधिक प्रतिनिधित्व किया है। विपक्ष आपके काम करने में आपकी सहायता करना चाहेगा। हम चाहते हैं कि सदन अक्सर और अच्छी तरह से चले। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि विश्वास के आधार पर सहयोग हो। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि विपक्ष की आवाज़ को इस सदन में प्रतिनिधित्व दिया जाए।

## शराब घोटाला: केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड

**नई दिल्ली।** केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड मिल गई है। सीबीआई की तरफ से केजरीवाल की पांच दिन की रिमांड विशेष अदालत से मांगी गई थी। तीन दिन की कस्टडी में भेजे जाने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी की तरफ से अरविंद केजरीवाल से पूछताछ की जाएगी। इससे पहले आज सुबह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री



और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में आप नेता को पेश करने वाली जांच एजेंसी ने कहा कि एजेंसी यह कवायद लोकसभा चुनाव से पहले कर सकती थी लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। जांच एजेंसी ने मंगलवार को तिहाड़ जेल में आप सुप्रीमो से पूछताछ की और उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित उनका बयान दर्ज किया।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच बुधवार सुबह से मुठभेड़ जारी है। एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। एक और आतंकवादी की तलाश जारी है। डोडा जिले में पहाड़ी की चोटी पर चाल आतंकी छिपे थे। इस मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात के जवान आशिक हुसैन घायल हो गए। उन्हें डोडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके दाहिने पैर में गोली लगी है। अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को डोडा में आतंकवादी हमला हुआ था।







# 30 जून तक किसान जमा करें सहकारी देय: एआरसीए

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के 132 सहकारी समितियों (बी- पैक्स) के माध्यम से सक्रिय किसानों, सदस्यों को रबी एवं खरीफ अभियान के दौरान ऋण वितरण एवं बीज खाद नैनो यूरिया आदि का वितरण किया जाता है। 01 जुलाई 2023 से अब तक लगभग 99091.16 लाख रू0 सहकारी देयों की धनराशि वसूली हेतु बकाया है, जिसके सापेक्ष मु. 69549.99 लाख की वसूली की गयी, जो कुल बकाया का 70.19 प्रतिशत है, जबकि गतवर्ष बकाया की वसूली इसी अवधि में 69.94 प्रतिशत थी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता) रजनीश प्रताप सिंह ने विभागीय समीक्षा में सहकारी देयों की वसूली में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण सख्त रवैया अपनाते हुए विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड/तहसील में भ्रमण कर किसानों से वसूली कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं । वसूली हेतु सघन अभियान चलाने हेतु प्रत्येक तहसील में एक-एक वसूली वाहन चलायी जा रही है। उक्त वाहन अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं उप महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक लि0, लखीमपुर खीरी के निर्देशन में चलायी जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने तहसील सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया मोहम्मदी, गोला एवं मितौली में वसूली प्रगति में तेजी लाने हेतु तहसीलवार अधिकारियों की टीम गठित कर सहकारी देयों की वसूली की जा रही है। 30 जून तक सहकारी देयों/माँग को जमा करने, इस पर न्यूनतम ब्याज देय होगा। वहीं 30 जून के बाद सहकारी देयों पर दण्डात्मक ब्याज 12.70 प्रतिशत की दर से देय होगा साथ ही 5 प्रतिशत संग्रह शुल्क अतिरिक्त देय होगा। निर्धारित समय तक धनराशि जमा न करने वाले किसानों पर दण्डात्मक कार्यवाही यथा साइटेशन, वारन्ट, कुर्की व नीलामी आदि की कार्यवाही की तैयारी चल रही है। समस्त कृषकों/समिति सदस्यों से अपील करते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने कहा कि अपने समस्त सहकारी देयों की धनराशि बैंक में ससमय जमा कर शासन द्वारा प्रदत्त ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त करें, जिससे अलावा ब्याज तथा दण्डात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। कृषकों/सदस्यों को वसूली के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिये कार्यालय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता) में हेल्प लाइन/कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसके प्रभारी प्रतीक कुमार शुक्ला मोबाइल नं0 7007918909 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# तांत्रिक महिला ने मासूम पर किया अत्याचार, मासूम हुई बदहवास

**लखीमपुर-खीरी।** रमियाबेहड़ ब्लॉक के ग्राम मिझरिया में अंधविश्वास में एक तांत्रिक महिला ने मासूम पर बहुत अत्याचार किया है। महिला ने शैतान का साया बताकर तीन साल की बच्ची के दोनों हथेलियों को कंडे के बीच रखकर जला दिया इसके बाद थप्पड़ों से पीटा, फिर तख्त पर पटक दिया। इससे मासूम की हालत बिगड़ गई और वह बदहवास होकर गिर पड़ी। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां गंभीर हालत बता जिला अस्पताल भेज दिया है। परिजन तांत्रिक महिला के खिलाफ कार्रवाई कराने की बात कह रहे हैं ग्राम मिझरिया निवासी संदीप राज की तीन वर्षीय पुत्री माही को कई दिनों से बुखार की शिकायत थी। वह उनकी इकलौती पुत्री है। परिजनों का कहना था कि कई डॉक्टरों से इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बुखार के साथ ही माही को झटके आने लगे। मामला एक सप्ताह पुराना है ग्रामीणों के कहने पर माही के परिजन उसे पड़ोसी गांव अभयपुर स्थित एक मंदिर ले गए। जहां पर एक महिला तांत्रिक ने मासूम को देखने के बाद उस पर तीन शैतानों का साया बता दिया। माही की मां सुमन ने बताया कि तांत्रिक ने तंत्र-मंत्र से बच्ची को ठीक करने का दावा किया। महिला तांत्रिक ने पहले उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद कंड़े से कई बार हथेली जलाई।इसके बाद भी जब बुखार और झटके आने कम नहीं हुए तो उस महिला ने मासूम को कई बार तख्त पर भी पटका। हाथ जलाने और तख्त पर पटकने से मासूम बदहवास हो गई। माही के शरीर में किसी तरह की हरकत न होते देख तांत्रिक ने उसे घर ले जाने को कह दिया। रास्ते में ही माही की हालत और ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद परिजनों ने माही का निजी अस्पताल में करीब पांच दिनों तक इलाज कराया। वहां कोई फायदा न होते देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि मासूम पर किसी तरह का कोई साया नहीं है, बल्कि वह दिमागी बुखार से पीड़ित है बच्ची की मां सुमन ने बताया कि अभी उसने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी है। हालांकि पीड़ित बच्ची की मां का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पूरा घटना बताते हुए तांत्रिक महिला का जिक्र कर रही है। मामला अभी तक पुलिस तक नहीं पहुंचा है।

# नशीली दवाओं से होने वाले दुरुप्रभावों व नुकसान के बारे में जानकारी देकर किया जागरुक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर।** खीरी युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर में नशा विरोधी पखवाड़ा दिनांक 12 से 26 जून 2024 के अंतर्गत प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल के दिशा-निर्देशन में चीफ़ प्रॉक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्र-छात्राओं को मादक द्रव्यों व नशीली दवाओं से होने वाले दुरुप्रभावों व नुकसान के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने से शारीरिक संरचना को क्षति पहुंचती है साथ ही नशा अपराध का भी कारण बनता है।नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार व समाज पर बोझ बन जाता है।नशे का व्यसनी व्यक्ति परिवार और समाज पर विनाशकारी प्रभाव डालता है।इसलिए यह आवश्यक है कि नशा मुक्त और अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। युवा विद्यार्थी नशा विरोधी जन अभियान का हिस्सा एवं कार्यकर्ता बनकर अधिक से अधिक लोगों को मादक द्रव्यों के सेवन व नशा से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रो0 नीलम त्रिवेदी, प्रो0 एस0 के पाण्डेय, प्रो0 विशाल दिवेदी तथा कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## भिन्न- भिन्न स्थानों से 03 नफर वारण्टियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा भिन्न- भिन्न स्थानों से 03 नफर वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## बिजली गिरने से चार बच्चे गंभीर रूप से झुलसे, इलाज के दौरान दो बच्चो की मौत

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में बुधवार की सुबह मौसम के करवट बदलने के साथ बिजली गिरने का मामला सामने आया है। पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पडरी गांव में बिजली गिरने से चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भेजा गया। जहां दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। दो बच्चों की हालत गंभीर है। उनका इलाज शुरू कर दिया है। परिवार जनों में कोहराम मच गया है। सभी बच्चे ग्राम पड़री के हैं। सभी बच्चे घर के पास में आम के पेड़ के पास खेल रहे थे, सुबह 8=30 घटना हुई। अचानक बच्चों के ऊपर बिजली गिर गई। मृतकों की पहचान तक अभयराज (6) पुत्र तेजपाल और आनंद (10) पुत्र तेजपाल के रूप में हुई है।

## कॉलेज छात्राओं को कराटे व मार्शल आर्ट का दिया प्रशिक्षण

सहारनपुर। कराटे एसोसिएशन ऑफ़सहारनपुर व ब्रूस ली मार्शल आर्टस अकैडमी के तत्वावधान में विभिन्न स्कूल कॉलेजों में छात्राओं को कराटे व मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय हाई स्कूल पठलोकर, राजकीय हाई स्कूल भागूवाला में कराटे एसोसिएशन एवं सहारनपुर के सचिव व ब्रूस ली मार्शल आर्ट एकेडमी के संस्थापक ग्रैंड मास्टर नंद किशोर के नेतृत्व में प्रशिक्षक एकता, पुष्कर सिंह पुंडीर, सुरेन्द्र, गुलशेर, प्रदीप कुमार, रोहित, शिवम कश्यप, रितू देवी, पूनम सैनी, कु.अर्चना, काजल ने छात्राओं को आत्म रक्षा का सफल प्रशिक्षण दिया। ग्रैंड मास्टर नंद किशोर ने बताया कि कराटे में नवयुवकों के लिए बहुत ही स्कोप है और आत्मरक्षा की भी बहुत ही अच्छी कला है। हम अपनी वह दूसरों की आत्मरक्षा कराटे द्वारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कराटे प्रशिक्षण से हमारा मन एकाग्र रहता है। चुस्ती फुर्ती रहती है मोटापा नहीं बढ़ता है और भी बहुत सारे फायदे हैं। खिलाड़ियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट में महिलाओं को सेल्फडिफेंस सीखना चाहिए, जिससे वह अपनी आत्मरक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण हासिल करने के बाद छात्राएं आसामाजिक तत्वों से अपनी आत्म रक्षा कर सकती है। इस दौरान भारी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

## टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**सहारनपुर।** टैक्स बार एसोसिएशन की आयोजित प्रथम कार्यकारिणी की बैठक में जीएसटी कर प्रणाली को सरल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कर अधिवक्ताओं को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। कोर्ट रोड स्थित आयकर भवन कार्यालय परिसर में टैक्स बार एसोसिएशन के कार्यालय में वर्ष 2024-25 कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सॉफ्टवेयर इंजीनियर मनीष भाटिया और उनकी टीम ने कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के संबंध में अपना प्रेजेंटेशन दिया। तत्पश्चात कर अधिवक्ता अंकित गर्ग ने जीएसटी काउंसिल की नवीनतम सिफारिशों का विवरण दिया। बैठक में एजेंडे के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान सभी ऐजेंडो पर विचार-विमर्श किया गया। कर अधिवक्ता अचिंत तायल ने सभी सदस्यों से शुल्क प्राप्त किया। बार प्रोग्राम चेयरमैन अमित गोयल ने सभी अधिवक्ता सदस्यों का आभार जताया।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री से मिले मेयर डॉक्टर अजय सिंह

**सहारनपुर।** नगर निगम के महापौर डॉ.अजय सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर निगम के सर्वांगीण विकास को लेकर शिष्टाचार भेंट की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। लखनऊ स्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महापौर डॉक्टर अजय सिंह ने उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की और नगर निगम के सर्वांगीण विकास एवं अन्य परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा कि महानगर के विकास में कोई कमी शेष न रहे। विशेष कर ढमोला नदी एवं पांवधोई नदी का विकास एंव सौंदर्यकरण किया जाए। उन्होंने अपनी ओर से सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि जहां भी उनकी आवश्यकता पड़ेगी, वह उनका मार्गदर्शन अवश्य करेंगे। इनके अलावा महापौर डॉक्टर अजय सिंह ने प्रदेश के जल शक्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से उनके कार्यालय में भी शिष्टाचार शिष्टाचार भेंट की।

# जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन करने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल संगठन के उत्तराखंड



प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष आलोक तनेजा एवं मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में सहारनपुर मंडलायुक्त से मिला। उन्होंने मंडल के तीनों जिलों में जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति समिति का गठन एवं पत्रकार उत्पीड़न को लेकर शासनादेश के अनुसार स्थाई समिति की बैठक बुलाई जाने की मांग की है।

संगठन के मंडलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कमिश्नर डॉक्टर हरिकेश भास्कर यशोद को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सहारनपुर में स्थाई समिति गठित होने के बाद भी करीब सात माह से सूचना विभाग के द्वारा स्थाई समिति की बैठक नहीं बुलाई गई है जबकि शासनादेश अनुसार प्रत्येक माह बैठक बुलाए जाने का प्रावधान है ताकि प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच एक सामंजस्य बना रहे। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद मुजफ्फरनगर में करीब एक वर्ष से जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन ही नहीं हुआ तथा शामली जनपद में करीब छः वर्षो से जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन नहीं हुआ। पत्रकार उत्पीड़न को लेकर सूचना विभाग के द्वारा कोई बैठक भी नहीं बुलाई गई। इस दौरान उत्तराखंड राज्य प्रभारी एवं संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक तनेजा ने मंडलायुक्त को अवगत कराते हुए कहा कि कवरेज के दौरान पत्रकार उत्पीड़न के मामले सामने आते हैं जिनके समाधान के लिए सूचना विभाग के द्वारा प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय बैठक होनी अति आवश्यक है। मंडलायुक्त ने जिला सूचना अधिकारी दिलीप गुप्ता को कार्यालय बुलाकर शीघ्र ही जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन कर आगामी जुलाई माह में स्थाई समिति की बैठक बुलाए जाने के निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल ने मंडला आयुक्त को इस संबंध में एक पत्र एवं शासनादेश की छाया प्रति भी सोपी। प्रतिनिधि मंडल में मंडल महामंत्री आलोक अग्रवाल, शाहनवाज खान, नवाजिश खान, राजकुमार जाटव, ओमवीर सिंह, रोहतास वर्मा, दीपक त्यागी, राहुल प्रजापति, अनु सैनी, श्रीकांत शर्मा, अशोक रोहिला आदि पत्रकार शामिल रहे।

## चोरी की बाईक बेचने जाता एक वाहन चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने 01 वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 बाईक व 01 अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

चिलकाना थानाध्यक्ष कपिल देव ने जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों की चैंकिग हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने आरोपी हुसैन उर्फबोलर पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम बरथाकायस्थ पठेड थाना चिलकाना को मस्करा नदी पुल के पास से 01 चाकू व 01 बाईक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह स्मैक का नशा करने का आदि है और वह स्मैक खरीदने के लिये चोरी करता है। जो बाईक उसके पास से मिली है वह उसने कचहरी के पास से कुछ दिन पहले चुराई थी जिसे वह आज बेचने की फिराक में था। पुलिस ने बाईक चोर का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

# चोरी की बाईक के साथ शातिर चोर दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली नकुड़ पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 बाईक व एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की है। गौरतलब रहे कि 25 जून को अरविन्द कुमार पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम लहेबाँस थाना नकुड की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफउसकी बाईक चोरी हो जाने के संबंध में थाना नकुड़ पर मुकदमा दर्ज कराया था।

प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में उपनिरीक्षक उदयवीर सिंह, विवेक कुमार, हैड कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोनू पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम पदम नगली थाना नकुड़ को नसरुल्लागढ़ रोड थाना क्षेत्र नकुड़ से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी की बाईक व एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की गयी। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह गांव-गांव पैदल घूमकर स्टोव व गैस चूल्हा ठीक करने का कार्य करता है। उसने लालच में आकर यह बाईक चोरी कर ली थी, जिसको बेचकर वह कोई पुरानी बाईक या साईकिल खरीदना चाहता था। उसने पकड़े जाने के डर से बाईक पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

# ऑस्टियोपोरोसिस मे हड्डी फ्रैक्चर होने की संभावना बहुत अधिक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ऑस्टियोपोरोसिस हड्डी का एक चयापचय रोग है, जिसके कारण हड्डी के घनत्व में कमी हो जाती है। प्रभावित हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और हड्डियां अधिक नाजुक हो जाती है। हड्डियों का आकार, प्रकार और संरचनात्मक घनत्व बदल जाता है। यही ऑस्टियोपोरोसिस है।

उक्त विचार द्रोणाचार्य आयुर्वेदिक एजूकेशनल इंस्टीट्यूट एवं हॉस्पिटल के क्रिया शरीर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर आयुर्वेद वाचस्पति डॉ.हर्ष ने दिल्ली रोड पर आयोजित निशुल्क बीएमडी शिविर में व्यक्त किए। शिविर मे 109 रोगियों की जांच की गई, जिसमें 67 महिलाएं ऑस्टियोपीनिया और ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित मिली। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ.हर्ष ने कहा कि अस्थि द्रव्यमान बचपन और किशोरावस्था में तेजी से बनता है और 30 की उम्र के बीच में अपने चरम पर पहुंच जाता है। लगभग 40 वर्ष की आयु से अस्थि द्रव्यमान घटने लगता है और हड्डी फ्रैक्चर होने की संभावना हल्की सी चोट या गिरने से अधिक हो जाएगी। डॉ.हर्ष ने इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धूम्रपान, अत्याधिक शराब और कैफीन का सेवन, कम कैल्शियम का सेवन, सोडियम (नमक) बहुत अधिक सेवन, स्टेरॉयड या अन्य दवाओं का लंबे समय तक उपयोग, समय से पहले रजोनिवृत्ति (उम्र 40 वर्ष) वाली महिलाओं में एस्ट्रोजन की कमी, जल्दी रजोनिवृत्ति (40-45 वर्ष की आयु) या अंडाशय की सर्जरी आदि ऐसे कारण हैं, जिससे पहले ऑस्टियोपीनिया और बाद मे ऑस्टियोपोरोसिस होता है। ऑस्टियोपोरोटिक फ्रैक्चर की सामान्य जगहों में जांघ की हड्डी, रीढ़ और अग्र बाहु शामिल हैं। रीढ़ में किसी भी आघात के बिना फ्रैक्चर हो सकता है। कशेरुकी फ्रैक्चर से पीठ में कूबड़ हो सकता है और शरीर की ऊंचाई में कमी और कभी-कभी पीठ में दर्द हो सकता है। बीएमडी टेस्ट से इसका पता लगने पर कैल्शियम और विटामिन डी दो आवश्यक पोषक तत्वों का सेवन, सूर्य का प्रकाश, दूध, दही, पनीर, बादाम, अखरोट और तिल संतरे, अंजीर, किसमिस, सूखी अंजीर और खुबानी इत्यादि का सेवन करना चाहिए। शिविर मे मुख्य सहयोग झंडू कम्पनी के भूपेन्द्र सैनी का रहा।

## नियमितीकरण को लेकर वर्कचार्ज कर्मचारी संघ का धरना जारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नियमितीकरण समेत नौ सूत्रीय मांगों के निराकरण करे लेकर उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ का धरना आज दूसरे दिन भी जारी रहा। उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ से जुड़े नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी अधिशासी अभियंता निर्माण खंड 3 लोनिवि के कार्यालय पर एकत्रित हुए तथा अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। धरने को सबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संघ के बैनर तले नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी नियमितीकरण समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है, इसके बावजूद भी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तथा वह रणनीति बनाकर अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड 3 लोनिवि ने धरने पर बैठे कर्मचारियों को शीघ्र ही उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। धरने पर बैठने वालो में संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार बाठला, साधूराम, धर्मेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, सुलेख चंद, नौशाद अली, टेशन लाल, मनीष कुमार उपाध्याय, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# छह कुवंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन और 20 कंटेनर प्लास्टिक गिलास पकड़े

## प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर निगम में किया गया जमा



**सहारनपुर।** नगर निगम ने राज्य कर के मोबाइल स्कवॉड की मदद से 20 बोरियों में भरी छह कुवंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास के 20 कंटेनर पकड़े है। यह प्रतिबंधित पॉलीथिन शहर की एक ट्रांस्पोर्ट के वाहन से पकड़े है। ट्रांसपोर्टर पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए पकड़ी गयी प्लास्टिक जब्त कर निगम लायी गयी है।

नगर निगम ने शहर की एक ट्रांस्पोर्ट के वाहन से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास की खेप पकड़ी है। राज्य कर के मोबाइल स्कवॉड द्वारा एक वाहन को जीएसटी जांच के लिए रोककर जब उसकी जांच की गयी तो उसमें काफी मात्रा में प्लास्टिक बोरे और गत्ते के कंटेनर पाये गए। बोरो की जांच की गयी तो उनमें प्रतिबंधित पॉलीथिन व कंटेनरों में प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास पाये गए। राज्यकर के सहायक आयुक्त विवेक कुमार ने इसकी सूचना नगर निगम को दी।

इस सूचना पर नगर के मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, सफाई निरीक्षक आशीष, प्रवर्तनदल की टीम के साथ दिल्ली रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचे और मोबाइल स्कवॉड द्वारा रोके गए वाहन की जांच की तो 20 प्लास्टिक बोरों में 30-30 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन तथा गत्ते के 20 कंटेनरों में प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास भरे पाये गए मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल ने बताया कि गत्ते के कंटेनरों पर नींबू पानी लिखा था। निगम अधिकारियों ने 20 बोरियों में भरे 600 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन और कंटेनरों में भरे प्लास्टिक गिलास जब्त कर लिया और ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर निगम ले आए। ट्रांस्पोर्टर पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।

# गोल्डन कार्ड देने, सम्मान राशि बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## लोकतंत्र सैनानियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लोकतंत्र सैनानियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड देने, सम्मान राशि बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर लोकतंत्र सैनानी कल्याण परिषद के बैनर तले लोकतंत्र सैनानी आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

लोकतंत्र सैनानी जिला संयोजक आचार्य राजेन्द्र अटल के नेतृत्व में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग की। लोकतंत्र सैनानियों का कहना था कि 15 अगस्त 1947 में अंग्रेजो की गुलामी के पश्चात देश में लोकतंत्र स्थापित हुआ। आजादी की इस लड़ाई को लड़ने वालो को स्वतंत्रता संग्राम सैनानी घोषित किया गया, परन्तु 25 व 26 जून की आधी रात को तत्कालीन केन्द्र सरकार ने देश में



आपातकाल घोषित करते हुए प्रेस पर सेंसर लगाते हुए विरोधी नेताओं को मीसा/डीआईआर की धाराओं के तहत जेल में निरूद्ध कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 21 मार्च 1977 को आपातकाल समाप्त हुआ तथा देश में जनता पार्टी की सरकार बनी। लंबे अरसे के बाद कुछ राज्य सरकारों ने आपातकाल पीड़ितों को लोकतंत्र रक्षक सैनानी घोषित किया, क्योंकि यह आंदोलन भी स्वतंत्रता संग्राम से कम नहीं था। यातनाएं वैसी ही थी जैसी अंग्रेजों ने स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को दी थी। उन्होंने लोकतंत्र सैनानियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड देने, जनपद मुख्यालय पर उस जनपद के लोकतंत्र सैनानियों का स्मृति स्तम्भ लगवाने, लोकतंत्र सैनानियों के गृह स्थानों को जोड़ने वाले मार्ग पर उनका नाम अंकित करने अथवा उस पर स्मृति द्वार बनवाने, लोकतंत्र सैनानियों की सम्मान राशि बढ़ाये जाने, लोकतंत्र सैनानियों के तहसील मुख्यालयों पर उनका स्मृति फलक लगाये जाने, विद्यालयों में लोकतंत्र सैनानियों का इतिहास पढ़ाये जाने व 26 जून को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की।

इस दौरान पूर्व विधायक सुखबीर सिंह पुंडीर, अध्यक्ष बलदेव राज जोशी, नासिर हैदर जैदी, निसार अहमद सिद्दकी, मौ.जमाल गौरी, मौ.युसूफ तासीन, अशोक, रविन्द्र कुमार, राकेश कुमार गर्ग, रघुवीर सिंह, इनाम, सुभाष चन्द्र, अनवार, रमेश चंद, जसपाल, पंचम सिंह, मकसूद अली आदि मौजूद रहे।

# जलजनित बीमारियों से बचाव को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ऑफ ग्रामीण नीडी सोसायटी लखनऊ के तत्वाधान में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में ग्राम स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर जल गुणवत्ता की सर्विलांस एवं निगरानी, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जलजनित बीमारियों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।

नागल विकास खंड सभागार में आयोजित कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी असलम परवेज ने जल शपथ दिलायी। उन्होंने बढ़ते तापमान को देखते हुए उपस्थित लोगो से पेड़ लगाने और वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद कुमार एवं बाल विकास अधिकारी ने जल से होने वाली समस्याओं से कैसे निपटे तथा जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया और उसके बचाव हेतु जन-जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यशाला में वाल राइटिंग, नुक्कड़ नाटक टीम, स्वच्छता मेला टीम, स्वास्थ्य कल्याण समिति की बैठक, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, कार्यशाला, आंगनबाड़ी एवं स्कूल पर स्वच्छता क्लब का गठन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के प्रति जागरूकता हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला समन्वयक अहमद सलीम खान, सह जिला समन्वयक अनुराग ओझा, सह जिला समन्वयक आजाद खान, अभिमन्यु कुशवाह, कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश मिश्रा एवं अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# पर्यावरण के लिहाज से जिम्मेदार औद्योगिक क्षेत्र खड़ा करना सरकार का उद्देश्य : सैनी

अवधनामा संवाददाता



**कार्बन निरपेक्षता की दिशा में भारत ने अपनी यात्रा कर दी है शुरू**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास राज्य मंत्री श्री जसवंत सैनी ने बुधवार को कहा कि सरकार पर्यावरण के प्रति अनुकूल औद्योगिक विकास के लिये प्रयास कर रही है और उसकी इन कोशिशों का उद्देश्य राज्य में सतत और पर्यावरण के लिहाज से जिम्मेदार औद्योगिक क्षेत्र खड़ा करना है।

सैनी ने उद्योग मंडल द एसोसिएटेड चैम्बर्स आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री आफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा बुधवार को आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के एक सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने कार्बन निरपेक्षता हासिल करने के लिये महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य कार्बन उत्सर्जन कम करने वाली प्रौद्योगिकी और व्यवहारों को बढ़ावा देकर कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इस मामले में सरकार रणनीति बनाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये उद्योगों से मिलकर काम कर रही है। औद्योगिक विकास राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों का मकसद राज्य में सतत और पर्यावरण के लिहाज से जिम्मेदार औद्योगिक क्षेत्र खड़ा करना है। श्री सैनी ने कहा कि कार्बन निरपेक्षता की दिशा में भारत ने अपनी यात्रा शुरू कर दी है और वर्ष 2070 तक देश को कार्बन निरपेक्ष यानी शून्य उत्सर्जन वाला देश बनने पर सहमति जतायी है। कार्बनीकरण समाप्त करने के लिये हरित वित्त सुविधा को एक बेहतर जरिया माना गया है। इस वक्त पर्यावरण के अनुकूल हरित ढांचागत सुविधाएं विकसित करने के लिये सरकारों और निजी इकाइयों में पूंजी प्रवाह बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाए। उत्तर प्रदेश देश का बहुत बड़ा बाजार है। राज्य को बड़ा निर्यात केन्द्र बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ–साथ औद्योगिक विकास पर भी जोर है। प्रदेश की आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की विशेष सचिव नेहा जैन ने महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसी बहुत सी एमएसएमई इकाइयां है जो महिलाओं के नाम पर पंजीकृत तो हैं लेकिन उनके कार्य संचालन में उन महिलाओं की कोई भूमिका नहीं होती। उन्होंने अपना व्यक्तिगत उदाहरण देते हुए कहा कि उनके पिता भी एक एमएसएमई उद्यमी है और फर्म का पंजीकरण उनकी मां के नाम पर है मगर उसके संचालन में वास्तव में उनका कोई योगदान नहीं होता।

# उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म पर संवाद कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म पर 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरक्यूरी हॉल में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन और पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ. अरुण कुमार सक्सेना एवं आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ शुभारम्भ हुआ।

इस अवसर पर वन मंत्री डॉ0 अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि ईको टूरिज्म प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा के लिए सबसे उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थलों को विस्तृत रूप से ईको टूरिज्म में रूप में विस्तारित किया जा रहा है जिसकी पूर्ण रूप रेखा वन विभाग द्वारा बना दी तैयार कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि वन विभाग पर्यटन विभाग के साथ मिलकर शीघ्र ही इसको मूर्त रूप देगा। इससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अतिरिक्त अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को बढ़ाने में गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केरल तथा अन्य प्रदेशों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी ईको टूरिज्म का हब स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आउटडोर कैंपिंग तथा नाइट सफारी जैसी गतिविधियों से लैस होगा। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राकृतिक रूप से काफी समृद्ध है तथा यहां ईको टूरिज्म की अपार संभावनायें हैं। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पर्यटक स्थलों तथा धार्मिक स्थलों को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित एवं विस्तारित करते हुए पर्यावरण को विशेष रूप संरक्षित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में निदेशक (प्रशासन), ईको टूरिज्म विकास बोर्ड, महानिदेशक पर्यटन ने स्वागत संबोधन करते हुए ईको पर्यटन के भविष्य और संभावनाओं पर विचार रखा।

## द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा लोगों को दिए गए तोहफे




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन द्वारा ईद गदीर के मौके पर करबला दियानतुददौल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौलाना सैयद आली रिजवी बतौर अतिथि सैयद अली हुसैन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद आली रिजवी ने सभी को ईद गदीर की मुबारकबाद दी। इस कार्यक्रम में हजरत अली के नाम से नजर की गई और बच्चों को तोहफे भी दिए गए। इस मौके पर द एस एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से किसा रिजवी, सदफ इकबाल, रबाब फ़ातिमा, मोहम्मद आलम, शम्स, समद, आबान रिजवी और मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

## शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की सड़क हादसे में मौत के बाद पार्टी में शोक की लहर है। बस्ती में जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में पार्टी कार्यालय पर शोकसभा व प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमे पार्टी के लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर अपने साथी नेता को श्रद्धांजलि दी और गंभीर अस्पताल में अस्पताल में भर्ती उनकी पत्नी व दो बच्चियों के जीवन की सुरक्षा हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा आशुतोष तिवारी के असमय चले जाने से कांग्रेस की भारी क्षति हुई है। वे कांग्रेस के बब्बर शेरों में थे। उन्होने कहा कांग्रेस पार्टी शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ी है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों मे प्रमुख रूप से मो. रफीक खां, गंगा प्रसाद मिश्रा, सुनील पाण्डेय, अलीम अख्तर, शौकत अली नन्हू, अशोक श्रीवास्तव, राजबहादुर निषाद, डीएन शास्त्री, लक्ष्मी यादव, सुजीत शुक्ला, सर्वेश शुक्ला, आनंद कुमार, बबलू आर्य सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# सोन पम्प नहर से डोंगिया जलाशय में 30 वर्ष बाद सफलतापूर्वक पूरा भरा गया पानी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि सोन नदी में बने सोन पम्प नहर से डोंगिया जलाशय में गत 30 वर्षों में पहली बार जलाशय पूरा भरा गया और क्षेत्रीय लोगों को इस जलाशय से पानी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद सोनभद्र में वर्ष 1918 में गरई नदी पर डोगिया बांध का निर्माण किया गया था। जिसकी जलाशय क्षमता 28.33 एम0सी0एम0 है। डोगिया जलाशय से लगभग 15 कि0मी0 दूरी पर जनपद मीरजापुर के लखनिया दरी (लखनिया बियर) पर पानी आता है। लखनिया दरी के बांये तरफ से अहरौरा उच्च स्तरीय नहर निर्मित है जिसकी लम्बाई 07.700 किमी एवं डिस्चार्ज 125 क्यूसेक है। इस नहर से अहरौरा मुख्य नहर में पानी दिया जाता है। अहरौरा मुख्य नहर से 06 नहरें निकलती है जिसका कुल सी0सी0ए0 3609 हेक्टेयर है। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि डोंगिया जलाशय से वर्ष 2023 से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तालर ग्राम समूह योजना हेतु 6.07 एम0सी0एम0 प्रतिवर्ष पानी की आपूर्ति की जा रही है। विगत वर्षों में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण डोंगिया जलाशय में पानी की उपलब्धता कम होने से जल जीवन मिशन हेतु डोगिया जलाशय से पानी देना सम्भव नहीं था। उन्होंने बताया कि डोंगिया जलाशय में पानी की आपूर्ति हेतु घाघर मुख्य नहर के कि0मी0 38.500 के दायें बैंक से निकली डोंगिया फीडर जिसकी कुल लम्बाई 3.200 कि0मी0 व शीर्ष क्षमता 200 क्यूसेक एवं कनेक्टिंग ड्रेन के माध्यम से डोंगिया जलाशय को पानी की आपूर्ति पर विचार किया गया। इसे लगभग 30 वर्ष पूर्व (वर्ष 1995) में मीरजापुर में घाघर मुख्य नहर टेल से निकली मडिहान ब्रांच में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण घाघर मुख्य नहर से डोंगिया फीडर को पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी।

# उद्यमियों को उद्योगों के संचालन में न हो कोई असुविधा, उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निदान

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु की बैठक में अधिकारियों को आदेशित करते हुये कहा कि किसी भी उद्यमी को उद्योगों के संचालन में कोई असुविधा न हो, उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निदान हो, उनकी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाये।

उन्होने उद्योग विभाग की संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार कार्यक्रम योजना की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान बैंकर्स से कहा कि उक्त योजनाओं में प्रेषित पत्रावलियों को तत्काल स्वीकृत कर ऋण-वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि एक जनपद-एक उत्पाद में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में भौतिक लक्ष्य 31 के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को 20 पत्रावलियां प्रेषित की गयीं, जिनमें से बैंकों द्वारा 04 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया, 16 पत्रावलियां अभी बैंकों में अनिस्तारित हैं, जिसमें सर्वाधिक पत्रावलियां आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में लंबित हैं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पाया कि अभी इसमें शासन स्तर से लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है, जिस पर उन्होने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुये कहा कि जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं होता तब तक गत वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को चालू वित्तीय वर्ष में भी मानकर कार्यवाही करें ताकि युवाओं को योजना का लाभ मिले। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना की समीक्षा करने पर पाया कि भौतिक लक्ष्य 106 के सापेक्ष 28 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए, जिसमें से 09 आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर 06 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 19 आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु एवं 22 आवेदन ऋण वितरण हेतु लंबित है, जिस पर उन्होंने बैंकों के शाखा प्रबंधकों से कहा कि तत्काल लंबित आवेदन पत्रों को स्वीकृत करना सुनिश्चित करें, जो आवेदन पत्र स्वीकृत हो चुके हैं उन पर माह के अंत तक ऋण उपलब्ध कराया जाए। एकल मेज व्यवस्था के अन्तर्गत 01 अप्रैल से अब तक 608 आवेदन पत्र प्राप्त हुये, प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को निर्धारित समयसीमा में निराकरण किया जा चुका हैं।

## पिछड़ी पर की लड़कियों के लिए शासन ने स्वीकृत की शादी की धनराशि

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना की स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में 1199 लोगो को अनुदान का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 600 की धनराशि प्राप्त हो गई है, 01 अप्रैल से आवेदन पोर्टल पर शुरू हो गये है जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी ये सुनिश्चित करे कि शासनादेश के अनुसार समस्त आवेदनों की जाँच करा ली जाये कोई भी पात्र छूटे नही पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सभी आवेदन को क्रॉस चेक कर ले अगली बैठक में आवेदित हर पात्र अपात्र आवेदन की डिटेल प्रस्तुत की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जन प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रामगंगा पुल पर डंपर रेलिंग तोड़ता हुआ नदी में गिरा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राजेपुर थानाक्षेत्र में राम गंगा के पुल से डंपर नदी में गिर गया।



स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक परिचालक को बाहर निकाला। दोनों को सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर देखते हुए राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाक्षेत्र के गांव उजरामऊ निवासी धीरेंद्र 35 पुत्र बलवीर अपने दोस्त चालक सत्यम 27 पुत्र विजय श्रीवास्तव गांव हथौड़ा थाना रोझा जिला शाहजहांपुर के साथ इटावा से डंपर लेकर शाहजहांपुर जा रहा था। जैसे ही चालक धीरेंद्र थाना राजेपुर क्षेत्र में रामगंगा पुल पर डंपर लेकर पहुंचा। तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाने में डंपर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ता हुआ रामगंगा में जा गिरा। स्थानीय लोगों की मदद से चालक धीरेंद्र और सत्यम को बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आकाश बंसल ने बताया 108 एंबुलेंस से घायल युवक धीरेंद्र और सत्यम को लाया गया है। दोनों को गंभीर हालत में भर्ती कर डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।

## 9 लाख 21 हजार 950 रुपये की धोखाधड़ी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बैंक में धनराशि को दुगना करने के नाम से लिए गए रुपए को धोखाधड़ी कर हड़प लेने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। सिहारी दाउदपुर निवासी राघवेंद्र पुत्र भागवती कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही धीरज व नीरज पुत्र गण फूल सिंह दोनों भाई एक बैंक में काम करने की बात कह कर बैंक के एजेंट के नाम पर मुझसे 9लाख21हजार 950 रुपए लिए तथा कहा कि उक्त धनराशि को बैंक में जमा कर दुगनी कर देंगे जब पूरा समय हो गया और मैंने अपने रुपए वापसी मांगे तो वह बहाने बनाने लगा। जब रुपये मांगने के लिये लगातार मैं उनके घर गया तो उक्त धीरज कहीं भाग गया। उक्त दोनों भाइयों ने धोखाधड़ी करके मेरे 9 लाख 21 हजार 905 रुपए हड़प लिए हैं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# जालौन जिले के एफपीओ को बुंदेली कृषि विपणन मोबाइल ऐप पर दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** जिला सहकारी बैंक लि के सभागार में जालौन जिले के एफपीओ को बुंदेली कृषि विपणन मोबाइल एप पर प्रशिक्षण का आयोजन रानी लक्ष्मी बाई केंद्र कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। बुंदेली कृषि विपणन एप नाबार्ड परियोजना के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई है जिसका उद्देश्य बुंदेलखंड के एफपीओ स्वयं सहायता समूह एवं किसानो को अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने रानी लक्ष्मीबाई कृषि विद्यालय का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल बुंदेलखंड का किसान सशक्त बनेगा बल्कि आर्थिक उन्नयन की ओर अग्रसर होगा, उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के तकनीक के दौर में हम किसानो को भी तकनीकी से जुड़कर इसका लाभ लेकर अपने मुनाफे को बढ़ाना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीडीएम नाबार्ड जालौन पारितोष कुमार ने कहा कि यह परियोजना किसानों को न केवल सशक्त बनाएगी बल्कि उनको तकनीकी के साथ खेती करने के लिए प्रशिक्षित भी करेगी बुंदेलखंड के किसानों को यह ऐप विक्रय हेतु नए अवसर उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सहकारी बैंक लिमिटेड के महाप्रबंधक डॉ भानु प्रताप सिंह ने अपने संबोधन कहा कि बुंदेली कृषि विपणन एप उन किसानों के लिए वरदान साबित होगी जिन्होंने अभी अपना नया काम शुरू किया है। विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजीव कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार, और डॉ. तनुज मिश्रा ने मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ऐप के विभिन्न फीचर्स और उपयोग के तरीकों को समझाया। कार्यक्रम में सौरभ गौड़ ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया, जिससे उपस्थित सदस्यों को ऐप को डाउनलोड और उपयोग करने में मदद मिली। प्रशिक्षण के दौरान एफपीओ के निर्देशकगणो ने ऐप को डाउनलोड किया और उसके विभिन्न पहलुओं को समझा। अंतिम सत्र में एफपीओ के साथ कृषक वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया, जिसमें कृषि संबंधित नई तकनीकों पर चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि के निदेशक एवं अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि किसान बुंदेली विपणन एप के माध्यम से अपने प्रोडक्ट का प्रचार प्रसार कर सकते हैं तथा उचित दाम पर अपने प्रोडक्ट को बेच सकते हैं।

## अज्ञात वाहन के टक्कर मे एक व्यक्ति घायल

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के लोटन मोहाना रोड पर ग्राम अजान कुंड के पास दो बाईक के आमने सामने की टक्कर में ग्राम विजदेईया निवासी हीरा लाल पुत्र सुरेश उम्र 24 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया। घटना दोपहर दो बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरा अपने गांव विजदेईया से अपने बहन के घर नौगढ़ के पास जा रहा था कि मोहाने के तरफ से आ रहे अज्ञात बाईक सवार ने ठोकर मारकर फरार हो गया। जिसमे हीरा बुरी तरह घायल हो गया । सूचना पर पुलिस व परिजन पहुंच कर एम्बुलेंस से सीएचसी लोटन ले आये। मामले के गम्भीरता को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हीरा को मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया।

## नेपाल में आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पड़ोसी देश नेपाल के कपिलवस्तु जिले में बुधवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गयीं। जिले की यशोधरा के ग्रामीण नगर पालिका वार्ड नंबर 8 भैसहिया से कलवार 22 वर्षीय महेश एवं बुद्धभूमि नगरपालिका वार्ड क्रमांक 10 धनकौली के 18 वर्षीय राजू ठाकुर अंदाज़ी की आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गयीं। आपको बतातें चलें कि घर के पास खेत में जाते समय दोनों लोगों पर आकाशीय बिजली गिरी थीं। वहीं कपिलवस्तु के पुलिस अधीक्षक नवरत्न पौडेल ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतक का शव कपिलवस्तु अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद अन्तिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया जायेगा।

## प्रदेश में मछुआ समाज को सीधे तौर पर मिल रहा है लाभ

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास 01 विक्रमादित्य मार्ग पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालन कर रही है, जिसका प्रदेश में मछुआ समाज को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है, जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बिमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, निषाद राज बोट योजना समेत अन्य योजनाएं प्रदेश में संचालित हैं।

## डा. फायजा अब्बासी निशान-ए-उर्दू पुरस्कार से सम्मानित

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) की निदेशक डॉ. फायजा अब्बासी को उत्तर प्रदेश सरकार के फखरुद्दीन अली अहमद स्मारक समिति द्वारा प्रतिष्ठित निशान-ए-उर्दू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार समारोह लखनऊ में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हिंदी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में आयोजित समारोह के दौरान प्रदान किया गया। निशान-ए-उर्दू पुरस्कार उन हस्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने भारत में उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो और उन्हें उर्दू से न तो रोजगार मिला हो और न ही उन्होंने उर्दू माध्यम से पढ़ाई की हो। डॉ. फायजा अब्बासी को उर्दू भाषा में उनके योगदान के लिए चयनित किया गया, इस तथ्य के बावजूद कि उनके पास वन्यजीव विज्ञान में पीएचडी की डिग्री है और वह खलीक अहमद निजामी कुरानिक अध्ययन केंद्र, एएमयू में स्नातक छात्रों को शिया और सुन्नी धर्मशास्त्र और कुरानिक पर्यावरण नैतिकता की शिक्षा दे रही हैं, जो मुख्य रूप से मदरसों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करता है।



# वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील

## एक से सात जुलाई तक चलेगा जन जागरण अभियान

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 2024-25 में पौधरोपण पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अमृत सरोवरों पर सरोवर की पटरी छोड़कर छोटे से बड़े के क्रम में तीन लाइनों में वृक्षारोपण करे,सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष अपनी माँग पोधो के अनुसार डीएफओ को उपलब्ध करा दे,01 से07 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है सभी विभागों के अधिकारियों के द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाये, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लगाये गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संवंधित विभाग की होगी, सभी स्कूलों में बच्चों व कार्यालयों में कर्मचारियों को पौधों को गोद दिया जाये इस वर्ष 3709240 पौधे लगाने का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है, इस वर्ष पौधरोपण की थीम पेड़ लगाओ, पेड़ बचायो व माँ के नाम एक वृक्ष होगी, परिवहन, रेलवे, रक्षा व विधुत विभाग द्वारा अभी तक कार्ययोजना प्रस्तुत नही की गई है, जिलाधिकारी द्वारा कल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये व जनजागरण अभियान चलाया जाये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गंगा किनारों व गंगा घाटों पर प्रदूषण न फैले इसके लिए नियमित रूप से भ्रमण कर मॉनिटरिंग की जाये,जनपद में चल रहे छापेखानों में कितने का पानी गंगा नदी में जा रहा है इसकी सूचना जी एम डी आई सी डी एफ ओ को उपलब्ध कराए, जिले के बड़े स्नान घाटो का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश डी पी ओ जिला गंगा समिति को दिए गए होगी। इस अवसर पर डीएफ़ओ, सीएमओ नगर मजिस्ट्रेट व संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालू लदी ट्रक पलटने से खलासी की दबकर मौत

अवधनामा संवादाता

**खड्डा, कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जुड़ाछपरा के मौजा पटखौली जाने वाली मार्ग पर बालू से भरी एक ट्रक पलट जाने से खलासी की कुचल कर जान चली गई है। पुलिस लास को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। बताते चले कि बालू खनन बंद होने के बाद भी बालू माफिया स्थानीय पुलिस के रहमो करम पर बालू आपूर्ति करने में माहिर है। इसी का नतीजा देखा जा रहा है कि दिन बुधवार को थाना जटहां बाजार के ग्राम कटाई भरपुरवा के टोला मदरहवा निवासी नगीना के पुत्र पंकज उम्र 23 वर्ष ने गांव के ही एक ट्रक ड्राइवर के साथ खलासी के तौर पर ट्रक से थाना नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के ग्राम सभा जुड़ाछपरा के टोला पटखौली में करीब 6 बजे सुबह बालू पहुंचाने आया हुआ था। बालू क्रेता के खरीदारी नही करने पर पुनः उसी रास्ते बालू लदी ट्रक लेकर जा रहा था कि पटखौली से आगे मोड़ लेते वक्त ट्रक पलट गई



जिससे ट्रक में मौजूद बैठा पंकज दब गया और उसका तत्काल मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस लास को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। वही इस घटना की जानकारी घर वालो को होने पर परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है।

# पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने जौनपुर जिले के प्रथम जी. आई. उत्पाद जौनपुर इमरती पर जारी किया विशेष आवरण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** डाक विभाग द्वारा 'वित्तीय समावेशन डाक मेला' एवं जीआई उत्पाद पर 'विशेष आवरण व विरूपण' विमोचन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हिंदी भवन, जौनपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने भौगोलिक संकेतक प्राप्त जौनपुर जिले के प्रथम जी.आई. उत्पाद 'जौनपुर इमरती' पर विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया। वहीं सुकन्या समृद्धि योजना और महिला सम्मान बचत पत्र की लाभार्थियों को पासबुक वितरित करते हुए सशक्त नारी-समृद्ध समाज का आह्वान किया।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि अपनी ऐतिहासिक विरासतों के साथ जौनपुर खान पान के मामले में भी समृद्ध रहा है। जौनपुर की इमरती का इतिहास ब्रिटिश शासन काल (लगभग 200 वर्ष) का है। इसकी देश-विदेश में अत्याधिक मांग है। इसकी भौगोलिक विशिष्टता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा 30 मार्च, 2024 को इसे भौगोलिक संकेतक प्रदान किया गया है। यह दर्जा प्राप्त करने वाला यह जौनपुर का प्रथम उत्पाद है। इस पर विशेष आवरण से इसकी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग और व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। यह 'वोकल फॉर लोकल' की प्रधानमंत्री जी की संकल्पना को भी आगे बढ़ाता है। भारत की समृद्ध विरासत को डाक टिकटों और विशेष आवरण के माध्यम से अगली पीढ़ियों तक संचारित करने में डाक विभाग की अहम भूमिका है।

श्री यादव ने बताया कि वाराणसी क्षेत्र के आसपास के 34 उत्पादों को जीआई प्राप्त है। दुनिया के किसी भी भूभाग में यह सर्वाधिक है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश INDRAJEET KAUR लिख गई है मेरे नाम की सही स्पेलिंग INDERJEET KAUR है जो मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है।

**इंद्रजीत कौर**
**फ्लैट नंबर 2 बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्ट नंबर 288/19 288/108 ए आर्यनगर मोती लाल नेहरू मार्ग लखनऊ**

## भारी बारिश ने विकास कार्यों की खोल दी पोल,कई कॉलोनियां जलमग्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या जुड़वा शहर फ़ैज़ाबाद के कई इलाकों में जबरदस्त जलभराव से लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। अयोध्या में कई जगह सीवर का गंदा पानी घरों में घुस गया है वहीं का सच सामने ला दिया है। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा एक साल में कराए गए विकास की पोल भी खुल गई है। अनियोजित विकास के कारण रामपथ के किनारे और उससे जुड़ने वाली सभी 13 गलियों में जबरदस्त जलभराव हो गया है। जिस



रामपथ, भक्तिपथ समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया है। कौशलपुरी, निराला नगर, जनौरा, दत्ता का पुरवा उसरू लालबाग क्षेत्र में जलभराव होने के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है वही अयोध्या रिकाबगंज हनुमानगढ़ी से लेकर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल रोड पर भीषण जलभराव से हो गया है। एक ओर जहां नगर निगम मानसून को लेकर नालों और नालियों की सफाई की योजना बना रहा था वहीं प्री मानसून की बारिश ने ही व्यवस्था जोरशोर से अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के दावे किये गए, करोड़ों की लागत से निर्माण कार्य हुआ। पूरे विश्व में यहां की ब्रांडिंग की गई, उस सब पर मानसून से पहले आई बारिश ने पानी फेर दिया। शहर में हुई भारी वर्षा ने यहां के विकास कार्यों की पोल खोल दी। जगह-जगह जलभराव तो हुआ ही, पक्की सड़कों पर बड़े-बड़े होल हो गए। पहली ही बारिश से अयोध्या राम पथ और भक्ति पथ धंसने लगा है। जल भराव से अयोध्या के स्थानीय निवासी सहित आने वाले श्रद्धालु भी परेशान हैं।

# कृषि उत्पाद निर्यात में उत्तर प्रदेश का देशभर में तीसरा स्थानः शाही

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दलहन खेती करने पर किसानों को एमएसपी के उपर सरकार 3500 रुपये देगी। प्राकृतिक, गो आधारित एवं आर्गेनिक की मार्केटिंग के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। सभी कृषि विश्वविद्यालयों में आर्गेनिक टेस्टिंग लैब बनाया जाएगा। किसानों के उत्पादों को निर्यात करने में उत्तर प्रदेश देशभर में तीसरे नंबर पर आ गया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि उत्तर प्रदेश से 40 कुंटल आम पहली बार अमेरिका में और गोरखपुर से चने का बेसन सिंगापुर में निर्यात किया गया है। यह बातें कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बतौर मुख्यअतिथि कही। वे आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या एवं देवीपाटन मंडल के तत्वाधान में आयोजित मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मंत्री शाही ने कहा कि हाल में गोरखपुर से चने का बेसन सिंगापुर गया है। उन्होंने सरकार अब प्रदेश के 75



जनपदों में मक्का की खेती तेजी के साथ कार्य कर रही है। बाजरे की खेती में राष्ट्रीय औसत में उप्र को तेजी के साथ काम करना होगा। उन्होंने कृषि विवि को नैंक मूल्यांकन में,++ हासिल करने पर जमकर सराहना की। कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध, शिक्षा एवं प्रसार के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में तेजी के साथ आगे बढ़ा है जो सभी के लिए गर्व की बात है। कृषि मंत्री ने कृषि विवि के शैक्षिक प्रक्षेत्र में धान की रोपाई कर उद्घाटन किया।

### खरीफ गोष्ठी में आकर्षण के केंद्र बने प्रसादम व गाय के गोबर से बने पेंट

गोष्ठी में सभी अतिथियों ने प्रसादम का पैकेट की वेबसाइट लांच किया गया जो रानी लक्ष्मीबाई महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किया गया है। आने वाले दिनों में फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध होगा। इन स्टालों में एक खास बात यह रही कि सखी प्रेरणा महिला लघु उद्योग की ओर से पेंट का स्टाल लगाया गया जो गाय के गोबर से बनाया गया है। निर्मित उत्पाद की अध्यक्षा संगीता ने बताया कि इस पेंट को घर में लगाने से तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट होती है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री के सामने की नारेबाजी, रोका वाहन

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के ऑडिटोरियम में आयोजित मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का उद्घाटन करने पहुंचे प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सामने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 8 छात्र छात्रों के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्यवाही से नाराज एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का उग्र प्रदर्शन देख पुलिस एवं प्रशासन हरकत में आ गया और कृषि विश्वविद्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों को बंद कर करा दिया। उधर छात्रों द्वारा द्वारा तीन सूत्रीय मांगो का एक ज्ञापन भी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नहीं लिया। जिससे नाराज और आक्रोशित छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता कृषि मंत्री के वाहन के आगे पहुंचकर उन्हें विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाने से रोकने लगे। भारी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को घसीट घसीट कर कृषि मंत्री के वाहन के आगे से हटाया। उधर मीडिया कर्मियों ने कृषि मंत्री से समूचे प्रकरण पर जानकारी के लिए वार्ता करना चाहे लेकिन उन्होंने चुप्पी साध ली। देवीपाटन मंडल और अयोध्या मंडलों के कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों एवं किसानों की एक समन्वय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में बुधवार को किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही थे। कृषि मंत्री को विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर ही रोके जाने एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह का पुतला जलाए जाने के मकसद से भारी संख्या में छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार नंबर एक पर पहुंच गए थे। मामले की नजाकत भाप एसडीएम एवं सीओ मिल्कीपुर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने उग्र एवं आंदोलित छात्रों के हाथों से पुतला छीनवा लिया और आक्रोशित छात्रों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए कृषि मंत्री से वार्ता कराए जाने का आश्वासन दिया।

## अयोध्या में राम पथ के गड्ढों और जल भराव का सीएम योगी ने लिया संज्ञान

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी में जल भराव और राम पथ सहित और कई अन्य सड़कों पर गड्ढे होने की खबरों को गंभीरता से संज्ञान में लिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में संबंधित विभाग जुट गए। अयोध्या में दो दिनों से लगातार हो रही बरसात ने जहाँ राम नगरी की गलियों को लबालब कर दिया है। वहीं रामपथ व अन्य सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए, जिसे लेकर नगर निगम, लोक निर्माण विभाग व जल निगम ने युद्धस्तर पर मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। रामपथ पर कुल 13 किमी की लम्बाई में कुल 12.50 किमी नई सीवर लाइन बिछाई गयी है। जिसमें 105 गलियां जुड़ी हैं। इस पथ पर कुल 520 मैनहोल का निर्माण कराया गया है। जिसमें बीस फीट गहरे मात्र 6 मैनहोल के पास रात्रि में अत्यधिक वर्षा के कारण पानी के रिसाव से सेटलमेंट से गड्ढे हो गये।

## सड़क किनारे गड्ढे में मिला बुजुर्ग का शव

**दरियाबाद बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे गड्ढे में वृद्ध का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। दरियाबाद के मथुरा नगर स्थित कृष्णा धर्मकांटा के बगल सड़क के किनारे बने गड्ढे में एक वृद्ध का शव नग्न अवस्था मे पड़ा हुआ था। सड़क से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर जब गड्ढे में पड़ी तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर मौके पर दरियाबाद पुलिस की टीम भी पहुच गई। गड्ढे में 60 वर्षीय वृद्ध का शव नग्न अवस्था मे पड़ा हुआ था। पुलिस ने वृद्ध के शव के शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया लेकिन वृद्ध की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भिजवा दिया है।

## पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी, आठ शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

### पुलिस ने चन्दन लड़की समेत लाखो की मार्फिन किया बरामद, भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** चोरी की योजना बना रहे आठ अभियुक्तों को स्वाट व सर्विलांस और थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया जिसमें एक नाबालिग बताया जा रहा है पुलिस टीम ने उनके कब्जे से चन्दन की लकड़ी (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 70 लाख रुपये), स्मैक, अन्य उपकरण व तमंचा मय कारतूस बरामद किया है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया के पर्यवेक्षण में स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियुक्तगण अरकाश पुत्र अजय कुमार, अजय कुमार पुत्र कोचिस, जलबाज पुत्र अजय कुमार, खेलवर पुत्र जानी, संजू पुत्र मन्टु, एलवर पुत्र अर्जुन, अर्जुन पुत्र कुंजीलाल, जरकास पुत्र दरकास को एसपी ऑफिस के निकट ओबरी जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर लिया गया। ये सभी मध्य प्रदेश के।कटनी जिले के।रहने वाले बताये जा रहे है। पुलिस टीम ने अभियुक्तगण की निशादेही पर ओबरी जंगल से चन्दन की लकड़ी के 5 बोटे व कब्जे से कुल 590 ग्राम अवैध स्मैक एक अदद तमंचा 12 बोर व 3 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 3 अदद नाजायज चाकू, 2 अदद लकड़ी काटने की आरी, 8 अदद आला नकब, 3 अदद लकड़ी का डण्डा, 4 अदद गुलेल,1 अदद सफेद धातु की सिल्ली बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पत्रकारो से वार्ता के दौरान बताया कि पकड़े गए अभियुक्तगण परादी गैंग के सदस्य हैं तथा एक जगह स्थायी निवास नहीं करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं तथा कस्बों/गांव आदि में घूम फिरके रेकी करते हैं तथा योजनाबध्द तरीके से घटना को अंजाम देते हैं। अभियुक्तगण द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र से चन्दन के 3 हरे पेड़ काटे गए थे इसके अलावा माह फरवरी में दक्षिण टोला बंकी, आर्मी क्षेत्र की बाउण्ड्री के पीछे बने मकानों का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया था जिस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

### एसपी ने पुलिस टीम को 20 हजार पुरस्कार से पुरस्कृत किया

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने खुलासा करने वाली टीम स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अजय सिंह, उ0नि0 अभिमन्यु सिंह, हेडकांस्टेबल बलवन्त सिंह, जितेन्द्र बहादुर सरोज, दीनानाथ शुक्ल, प्रवीण शुक्ल, अंकित तोमर, अभय कुमार, अभिषेक राजवंशी, नितिन कुमारव व सर्विलांस सेल प्रभारी संजीव प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक रामाधार हेडकांस्टेबल शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र वर्मा, मजहर अहमद, अनुज कुमार, पवन गौतम, शैलेन्द्र कुमार और कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मृदुल मयंक पाण्डेय, सुग्रीव यादव, मुकेश, कॉन्सटेबल विनय जायसवाल, सुनील कुमार, नरसिंह, विशाल विश्वकर्माको बीस हजार रु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## पुलिस का इक़बाल कमजोर होने के चलते अपराधी बेलगाम

*अवधनामा संवाददा*

**गोण्डा।** जिले में पुलिस का इक़बाल कमजोर होने के चलते अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। यही वजह है कि आए दिन बेखौफ होकर हत्या, लूट और चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। घटनाओं के खुलासे के लिए जिले की पुलिस प्रयास करती है और उसे कुछ मामलों में कामयाबी भी मिलती है, लेकिन इसके बावजूद हो रहे वारदात-दर-वारदात से मित्र पुलिस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। घटना 24 जून की है। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के अकौनी में पूरे डरौली निवासी बोलेरो चालक अजय मिश्र ने बताया कि अकौनी पूरे खेम निवासी आनंद मिश्र बीज के सप्लायर हैं। अजय ने बताया कि सोमवार को वह आनंद के साथ धान बीज की सप्लाई और तगादा वसूलने निकला था। जरवल और जहांगिरवा में बीज सप्लाई करने के साथ ही दुकानदारों से तगादा वसूलने के बाद परसपुर के भौरीगंज जा रहे थे, तभी परसपुर-भौरीगंज मार्ग पर मधईपुर कुर्मी कंपोजिट विद्यालय के पास लाल रंग की कार में सवार लोगों ने ओवरटेक करके बोलेरो के आगे गाड़ी लगाकर रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद बदमाशों ने आनंद व अजय को बोलेरो से खींचकर हॉकी व डंडे से पिटाई शुरू कर दी। वाहन में तोड़फोड़ भी की। बदमाश 25 हजार रुपये, वाहन की चाबी व मोबाइल फोन लूटकर भाग गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि कार का पता चल गया है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के महराजगंज गांव के निवासी अशोक कुमार गुप्ता के मुताबिक मंगलवार (24/25 जून) की रात जब उनका परिवार सो रहा था, तभी रात में अज्ञात चोर उसके घर में घुस गए और कमरे में रखा बक्सा व आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा 50 हजार रुपये की नकदी एवं जेवरात उठा ले गए। जाते समय चोरों ने छत पर लगा दरवाजा भी बंद कर दिया।? सुबह जब परिवार के लोग लेकर उठे तो दरवाजा बंद देखकर उन्हें शंका हुई। अशोक ने बताया कि जब वह पीछे के दरवाजे से कमरे में पहुंचा तो बक्से व आलमारी का ताला टूटा मिला। उसने बताया कि चोर 50 हजार रूपए नकद, एक सोने का हार, 4 सोने का कंगन, एक पीस सोने का चेन, 11 पीस सोने की अंगूठी, 3 जोड़ी सोने की झुमकी, 3 जोड़ी झाला व 4 जोड़ी चांदी की पायल, 2 जोड़ी करधन, 2 पीस माथ बेंदी, 4 पीस सोने का मंगल सूत्र, 5 पीस बच्चों के पहनने की सोने की तितली व पुरानी चांदी 500 ग्राम चुरा ले गए। पीड़ित अशोक के अनुसार करीब 7 लाख रुपये के जेवरात चोरी हुए हैं। इस मामले में पीडित की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है। अपराधी इतने बेलगाम हो चुके हैं कि वे शहर में भी सरेआम वारदातों को अंजाम देने में जरा सा भी नहीं झिझकते हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के हाइडिल कालोनी की रहने वाली गीता सिंह बिजली विभाग में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं।

## मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन




*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** सदर तहसील अंतर्गत गौनरिया राजा के ग्रामीणों ने केवलापुर से गौनरिया राजा को जोड़ने वाली मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अनुनय झा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामीणों ने मार्ग पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पूर्व में हमारे ग्राम सभा गौनरिया राजा तक एम्बुलेंस, अग्नि समन वाहन, सरकारी गल्ले का खाद्य वाहन और स्कूल बस आदि बड़ी गाड़िया सुगमता से आती जाती थी। परन्तु वर्तमान समय में सड़क पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण होने के कारण उपरोक्त वाहनों का आवागमन कठिन हो गया है। किसी तरह से छोटे वाहन ही ग्राम सभा तक पहुंच पाते है। आपात स्थिति में बड़े वाहनों का न पहुंच पाने से ग्रामवासियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल जाने हेतु गौनरिया राजा से केवालापुर तक स्कूल बस पकड़ने के लिए पैदल आना पड़ता है। जिससे अकसर बच्चे विलंब हो जाते हैं और उनका स्कूल छूट जाता है। अतिक्रमण का विरोध करने पर कई बार गौनरिया राजा के ग्रामवासियों से मार पीट हो चुका है। बहुत समझाने के बाद भी इन लोगो का अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। इस दौरान अभय राज पाण्डेय, अजय पांडे ,सत्यम पटेल, कृष्ण मोहन पांडेय, चंदन वर्मा , जयप्रकाश पांडेय, गणेश गौंड , गौरव पांडेय,शिवेंद्र पांडेय, दीपक गौड़ सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सफाई के दौरान लगा करंट, मौत बच्चे हुवे बेसहारा

**मसौली बाराबंकी।** घर की सफाई के दौरान करंट की चपेट मे आयी महिला की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। मृतका के पति की चार वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना मे मृत्यु हो चुकी है। विद्युत करंट से हुई मौत के चलते तीन नाबालिग बच्चो के सिर से मां बाप का साया सिर से उठ गया।बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम देहेजिया निवासी 32 वर्षीय मंजू पत्नी स्वर्गीय प्रवेश कुमार घर के निर्माण मे लगी स्टरिंग खुलने के बाद साफ सफाई कर रही थी घरेलू पानी सप्लाई के लिए मोटर लगा हुआ था। जिसमें कही तार कटा हुआ था उसमें बिजली उतर रही थी मिट्टी गिली होने के कारण मंजू बिजली की चपेट में आ गई। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मंजू की मौत हो गई।

## कूड़े से पाटकर तालाब का अस्तित्व खत्म किया जा रहा, अधिकारी मौन



*अवधनामा संवाददाता*

**निंदूरा बाराबंकी।** विकास खंड क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज चिकवा टोला स्थित तालाब से दर्जनों ट्राली कूड़ा खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर निकाला गया।सालो से तालाब में पड़ रहे कूड़े से तालाब का अस्तित्व खत्म हो रहा था जिसको लेकर कई बार बीडीओ निंदूरा से शिकायत की गई थी साथ ही अखबारों में भी खबर प्रकाशित हुई थी जिसका संज्ञान लेकर बीडीओ संतोष कुमार सिंह तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे और मोहसंड ग्राम पंचायत सचिव सर्वेश कुमार और बिसई ग्राम पंचायत सचिव अमित राणा को निर्देश दिए कि तत्काल यहां से कूड़ा हटवाया जाए तथा भविष्य में तालाब में कूड़ा न डाला जाए ,जैसे ही कूड़े की ट्राली भरे तुरंत फिकवाया जाए। बीडीओ के निर्देश पर सचिव अमित राणा और सर्वेश कुमार जेसीबी और करीब पांच ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंचे और करीब 36 ट्राली कूड़ा तालाब से निकलवाया गया।कूड़ा निकलते समय लोग देखते ही रह गए क्योंकि इतने व्यापक स्तर पर लोगो ने पहले कभी कूड़ा उठते नही देखा था। इतना कूड़ा निकलने से बरसात में लोगो को कुछ राहत तो जरूर मिलेगी।इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि कोई व्यक्ति कूड़ा तालाब के अंदर न फेके,कूड़े को नियत स्थान पर ही फेके अन्यथा जो लोग तालाब में कूड़ा डालते मिले या शिकायत मिली तो उन लोगो के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाएगी।

## ई रिक्शा चालक सूत्रीय मांगो को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**महराजगंज।** सिसवा बाजार नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैट्री चालित ई- रिक्शा चालक संघर्ष समिति के बैनर तले चार सूत्रीय मांगो को लेकर रिक्शा चालको ने धरना दिया।मौके पर पहुंचे एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। सिसवा नगर के ई-रिक्शा चालको ने पार्किंग शुल्क के नाम पर फर्जी धन उगाही बंद करने, टैक्सी स्टैंड पर अराजकता करने वालो के खिलाफ कार्यवाही,रिक्शा संचालन मे मार्ग निर्धारण न किये जाने व ई रिक्शा के सवारियों को टैक्सी स्टैंड पर ठेकेदार द्वारा न उतारने के मांगो को लेकर राकेश सिंह रिंकू के नेतृत्व में ई रिक्शा चालक धरने पर बैठ गये।सूचना मिलने पर धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम मुकेश कुमार सिंह ने चालकों से वार्ता के उपरांत नपा के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार को एक सप्ताह के अंदर न्याय संगत मांगो को मानने व उचित व्यवस्था बहाल करने के लिए निर्देशित किया उसके बाद धरना समाप्त हो गया।इस दौरान आदर्श, चंदन , राजू, विजय, शम्भु, मिराज, जाकिर, दीपक, पिंटू,दीपू, रामदेव, नाथू, इरफान, एजाज सहित अन्य मौजूद रहे।

## सोनौली सीमा से विदेशी महिला गिरफ्तार



**महराजगंज।** भारत नेपाल के सोनौली बॉर्डर से सटे पगडंडी मार्ग पर एसएसबी की 66वीं वाहिनी ने एक विदेशी महिला को अवैध रूप से नेपाल से भारत में घुसपैठ करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह एसएसबी जवान गस्त पर थे कि सोनौली कोतवाली क्षेत्र के डंडा पुल के पास पगडंडी मार्ग से एक युवती भारतीय सीमा में आते दिखाई दी। जिसे जवानों ने रोक कर उससे पूछताछ किया तो महिला पूरी तरह से अनभिज्ञता जता रही थी। बातचीत से पता चला कि महिला विदेशी है। जिसकी जानकारी अप्रवासन अधिकारियों को दी गई । अप्रवासन अधिकारियों ने जांच पड़ताल किया तो उसके पास किसी भी तरह का भारत में प्रवेश करने का प्रपत्र नहीं मिला। जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ी गई महिला चीन की रहने वाली है। जिसका नाम चाई जीहांग उम्र 49 वर्ष बताया गया है। फिलहाल अभी उससे पूछताछ हो रही है । अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को सौपा गया।

## प्रशस्ति पत्र देकर कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन दायित्वों और स्वीप अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों एवं अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी अनुनय झा ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मियों की उनके निर्वाचन कार्यों को पूरे समर्पण के साथ संपादित करने हेतु प्रशंसा की गई। उन्होंने प्रशासन के सहयोग और लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने के चलाए गए स्वीप अभियान को समर्थन देने हेतु विभिन्न पेट्रोल पंप, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कोटेदारों आदि की भी सराहना की गई। उन्होंने कहा कि पूरे अभियान में मीडिया, सोशल मीडिया, व्यापारिक संगठनों आदि ने प्रशासन का पूर्ण समर्थन किया। इसके लिए सभी लोग बधाई के पात्र हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी, विजय प्रकाश, प्रमोद कुमार, रामकेर, अमित रावत, आलम, संतोष, सादिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीसरी लाइन निर्माण के चलते कई ट्रेनें निरस्त,यात्रियों की बढ़ी दुश्वारियां

*अवधनामा संवाददाता*

**कर्नलगंज,गोण्डा।** गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण के वजह से गोंडा कचहरी-मैजापुर-कर्नलगंज स्टेशनों के प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण इस रूट की गाड़ियां निरस्त कर दी गई हैं। वहीं कई का मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग कर दिया गया है। ट्रेनों के निरस्त होने से इस रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं।

बुधवार को कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग स्थित समपार फाटक संख्या 282 पर लाइन बिछाने के चलते सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कर्नलगंज, मैजापुर,कचहरी आदि स्टेशनों पर ट्रेनें स्थगित रहीं। जिससे यात्रियों को जरवल रोड स्टेशन पर ही उतरना पड़ा। रेलवे के मुख्य जनसपर्क अधिकारी पंकज सिंह के मुताबिक गोंडा कचहरी से लेकर कर्नलगंज के बीच पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों पर प्री नान इंटरलाकिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके चलते आगामी 29 जून तक कई



गाड़ियां निरस्त कर दी गई हैं तथा कई का रूट परिवर्तित कर दिया गया है। बदले रूट के कारण यात्रियों को अपने गन्तव्य तक पहुंचने के लिए करीब 30 किलोमीटर का सफर तय करने के लिए चार पहिया वाहन टैक्सी का सहारा लेना पड़ रहा है। सीतापुर से 27 जून, 2024 को चलने वाली 05092 सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05031 गोरखपुर -गोण्डा सवारी गाड़ी 27 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। गोण्डा से चलने वाली गाड़ी संख्या 05453 गोण्डा - सीतापुर सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। सीतापुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05454 सीतापुर - गोण्डा सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। सीतापुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05459 सीतापुर - शाहजहापुर सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। शाहजहांपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 05460 शाहजहांपुर - सीतापुर सवारी गाड़ी 28 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। गोण्डा से चलने वाली गाड़ी संख्या 05032 गोण्डा - गोरखपुर सवारी गाड़ी 29 जून 2024 तक निरस्त रहेगी। छपरा से 26 जून को चलने वाली 22531 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई गई। मथुरा जं. से 26 जून को चलने वाली 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते चलाई गई। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 26 जून को चलने वाली 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-मनकापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जंक्शन -मनकापुर के रास्ते चलाई गईं।

## प्रथम राष्ट्रीय स्वास्थ्य कल्याण दिवस पर आयोजित मेले में लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** प्रथम राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस के अवसर पर सी एच सी हैदरगढ़ क्षेत्र के समस्त उपकेंद्र पर प्रथम राष्ट्रीय किशोर कल्याण दिवस (मेले)का आयोजन किया गया जिसमे एनएम आशा संगिनी आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व किशोर किशोरियों के साथ साथ उनके माता-पिता अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर मेले में उपस्थित किशोर व किशोरियों का डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व उचित परामर्श दी गई। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि काउंसलिंग से किशोर किशोरियों के जीवन में बड़े बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में किशोर क्लिनिक साथिया केंद्र में तैनात ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डी0पी0 यादव की मेहनत एवं सलाह से क्षेत्र के किशोर किशोरियों में काफी जागरुकता के साथ-साथ किशोर किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति विश्वास एवं स्वास्थ्य में काफी सुधार आ रहा है।

# परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को वितरित किया गया सिम

अवधनामा संवाददाता



- टैबलेट मिलने के बाद सिम को सक्रिय करने का दिया गया निर्देश
- 28 जून से बच्चों व शिक्षकों की होगी ऑनलाइन हाजिरी

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में परिषदीय विद्यालयों में संपूर्ण रजिस्टर ऑनलाइन किए जाने एवं बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन करने को लेकर सिम का वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार के निर्देशन में शिक्षकों को न्याय पंचायत स्तर पर सिम का वितरण शुरू किया गया।

बुधवार को न्याय पंचायत डुमरियागंज, बढ़नी, कुड़ी, अजगरा, असनहरा, अमौना तिवारी, परसा इमाद, पिपरा रामलाल, महुआरा , हल्लौर के विद्यालय के शिक्षकों को सिम वितरित किया गया। सिम का वितरण 27 जून तक चलेगा। इसके बाद 28 जून से उपस्थिति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पुन विद्यालय 28 जून से प्रारंभ हो रहे हैं। जिसमें शिक्षकों द्वारा रंगोली, गुब्बारा आदि सजाकर व बच्चों को होली टीका लगाकर स्वागत करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सिम वितरण के संबंध में ब्लॉक एमआईएस प्रेम प्रकाश चौबे ने बताया कि सिम में 70 जीबी डाटा एवं कॉलिंग फ्री मिलेगा। जिसके माध्यम से सारे रजिस्टर ऑनलाइन और बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति शुरू की जाएगी। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि डुमरियागंज ब्लॉक के कुल 414 टैबलेट का वितरण शिक्षकों में किया गया था। यह वितरण नवंबर माह में हुआ था। इसके बाद सिम का वितरण किया जा रहा है। 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का भी शुभारंभ होगा। आकर्षण एवं अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से विद्यालयों में स्वागत समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

नियमित उपस्थिति पठन-पाठन गतिविधियां 1 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 28 जून को मध्याहन भोजन योजना के तहत हलवा खीर बनाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। 28 से 29 जून तक 7:30 बजे से 10 बजे तक समर कैंप आयोजित होगा। इसके बाद 1 जुलाई से नियमित प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक विद्यालय संचालित होंगे। सिम वितरण के समय विजय श्रीवास्तव, फजलुर्रहमान अंसारी, सजर हैदर रिजवी, तौकीर हसन रिजवी, फैयाज अख्तर, सादिक अली, धर्मराज दुबे, राकेश सिंह, बसीर फारुकी आदि लोग मौजूद रहे।

# विवाह मानव जीवन का एक धार्मिक संस्कार है : पंडित राकेश शास्त्री



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के अंदुआ शनिचरा में चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा मे मंगलवार की रात कथा वाचक पंडित राकेश शास्त्री ने कहा कि विवाह मानव जीवन का एक धार्मिक संस्कार है, बिना विवाह मानव जीवन अधूरा होता है। कथा को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक ने कहा कि सीता जी माता गौरी की पूजा के लिए फुलवारी से फूल तोड़ने जाती हैं। उसी फुलवारी में भगवान श्रीराम के दर्शन होते हैं। सीताजी की नजर श्रीराम पर पड़ती है तो वह मोहित हो जाती हैं। माता गौरी की पूजा करते समय सीता जी अपने वर के रूप में श्रीराम को मांगती हैं। कथावाचक ने राम विवाह के दृश्य का रसपान कराते हुए श्रोताओं को बताया कि राजा जनक गुरु विश्वामित्र के साथ राम व लक्ष्मण को धनुष यज्ञशाला ले गए। यहां देश-विदेश के राजा सुंदर सिंहासनों पर विराजमान थे। राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा के बारे में सभी को अवगत कराया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा उसके साथ सीताजी का विवाह होगा। सभी राजाओं ने बारी-बारी से धनुष तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। निराश राजा जनक को देखकर विश्वामित्र का इशारा पाकर भगवान श्रीराम धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं और धनुष टूट जाता है। इसके बाद श्रीराम व सीताजी एक-दूसरे के गले में वरमाल डाल देते हैं। श्रीराम विवाह की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए और जमकर जयकारे लगाए। इस दौरान गोलू, राकेश, शुभम शास्त्री, प्रेम प्रकाश, शिवा, अजय चौधरी, मुकेश, गिरजेश, लालजी, अनिल, रघुराज, विकास, बलराम, मयाराम आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम कथा से युवाओं में सनातन संस्कृति के नई ऊर्जा का होता है संचार : अशोक कुमार

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** श्रीराम कथा व अन्य धार्मिक आयोजनों से सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। यह बातें ब्लाक क्षेत्र के अंदुआ शनिचरा में चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा में पंहुचे राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित प्रकोष्ठ राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ एवं वाइस नेशनल चेयरमैन केंद्रीय लोक शिकायत जांच संस्था उत्तर प्रदेश आशोक कुमार ने कहा। श्रीराम कथा में उपस्थित ग्रामीणों ने आशोक कुमार से यज्ञशाला निर्माण, विवाह घर के साथ ही सरजू नहर खंड तीन के सोहना शाखा के बिजवार बढई माइनर पर अंदुआ शनिचरा गांव के पास साइफन निर्माण का मांग किया जिससे बाढ़ के दौरान गांव का जल निकासी बेहतर हो। लोगों के मांग पर राष्ट्रीय महामंत्री अशोक कुमार ने जन हित के सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पंकज पांण्डेय, हजारी अग्रहरी, शैलेश कुमार गौतम, महंथ जितेंद्र नाथ योगी, अनुराग श्रीवास्तव, गौकर्ण पांण्डेय, मोहन कसौधन, सचिन उपाध्याय, बी.पी.सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बसखारी थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** जुलाई माह में प्रारंभ हो रहे मोहर्रम को लेकर बसखारी थाना परिसर में थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने उपस्थित नागरिकों को मोहर्रम सकुशल संपन्न कराने के लिए शक्त हिदायत दी। उन्होंने कहा नए ताजिया के लिए नई परंपरा नहीं बनेगी निर्धारित मार्गो से ही ताजिया ताजियादार निकाले तथा निर्धारित स्थलों पर ताजिया को दफन करेंगे। इस दौरान यदि कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी पीस कमेटी की बैठक में उप निरीक्षक प्रेम बहादुर यादव, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक सर्वेंद्र स्थाना, उपनिरीक्षक त्रिवेणी सिंह, कांस्टेबल मोहम्मद गुफरान, अमित चौरसिया, संजू यादव, दीपचंद यादव, विशाल तिरपाठी, सैय्यद अज़ीज़ अशरफ, रामकुमार गुप्ता, जहांगीर अशरफ गुड्डू, आसिफ़ प्रधान, अब्दुल गफूर, ज़ाकिर हुसैन, दस्तगीर अंसारी, हकिम इरफान, फहद अशरफ, तालिब अली आशु सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डोई नदी चिल्ला रही है कि मेरा वजूद बचा लो

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** अंग्रेजी हुकूमत में बनी डोई नदी के अस्तित्व पर संकट मड़राने लगा है दूर से दिख रहा है डोई नदी चीख चीखकर कह रही है कि मेरा वजूद बचा लो बचा लो। सिल्ट गाद, जलकुंभी व सेवार इसी तरह जमा नरहा तो सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिलाने की जगह बाढ़ के तांडव से बचना मुश्किल होगा ।

शोहरतगढ़ कस्बे और आसपास के किसानों को जहां डोई नदी से पानी की आपूर्ति होती रही है तो दूसरी ओर डोई नदी में स्थान ध्यान कर शिव शंकर जी के मंदिर में जल चढ़ाने के लिए लोग कभी डोई नदी पर निर्भर रहते थे लेकिन डोई नदी में जलकुंभी और सेवार जैसे पौधों की वजह से सभी लोग हैंडपंप पर निर्भर हो गए हैं कहा जाता है की अंग्रेजो के शासन काल में सेमरा सागर से डोई नदी निकली गई और जमुआर नाले में मिलाया गया जिसे सिंचाई का एक अच्छा साधन बना अब आलम यह है कि डोई नदी की सफाई के नाम पर लोगों ने छलावा किया है। अगर डोई नदी से जलकुंभी, सिल्ट,गाद, सेवार को निकाल कर गहरा किया गया होता तो सेमरा सागर से निकलने वाला पानी ग्राम पंचायत महदेवा नानकार के डोई नदी पर बने पुल के नीचे साफ सुथरा मिलता इस बारे में स्थानीय ग्रामीणों की पीड़ा जानने का प्रयास किया गया तो श्याम सुंदर चौधरी पूर्व ग्राम प्रधान गड़ाकुल ने कहा कि सिंचाई की समस्या का समाधान डोई नदी से होता रहा है उसमें पर्याप्त पानी भी रहता था लेकिन अब ऐसा नहीं है दूसरी ओर धोबी घाट था जहां लोग कपड़ा धोने का काम करते थे आज की तारीख में धोबी घाट दिखता ही नहीं है उनका मानना है कि अगर डोई नदी की सफाई कर दी जाए और गहरा खुदवा दिया जाए तो अंग्रेजो के शासन काल की डोई नदी का अस्तित्व बच जायेगा।शोहरतगढ़ कस्बे के समाजसेवी अजय कुमार ने बताया की आम जनता के नहाने, पूजा पाठ के लिए जल भरने में नदी का पानी पहले काम आता था लेकिन अब डोई नदी में गंदगी जमा होने के कारण कोई उपयोग नहीं करता है प्रशासन को इसके बारे में सोचना चाहिए की जिन्होंने अब तक डोई नदी की सफाई कराई है क्या उसकी गुणवत्ता पूरक थी अगर गुणवत्ता नहीं थी तो उनका भुगतान क्यों किया गया। मौलवी महादेव गांव के इकबाल अहमद कहते हैं की सिल्ट व कचरा साफ न होने से डोई नदी बेमतलब है अंग्रेजों ने इतना गहरा बनवाया था की बाढ़ जैसी समस्या से लगभग सभी गांव बच्चे रहते थे और किसान सिंचाई का भरपूर उपयोग करते थे लेकिन हमारे राजनीतिज्ञ और ठेकेदार डोई नदी को अच्छा कमाने का जरिया मान ली है की सफाई के नाम पर जितना चाहो उतना लूटो।

युवा समाजसेवी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय चौधरी उर्फ रवि चौधरी ने कहा कि डोई नदी का हम सभी लोगों के जीवन में एक स्थान था रोज सवेरे मुंह धोने से लेकर के पूजा पाठ,सिंचाई, पशुओं के पीने का पानी और न जाने इस जल से कितनों का भला होता था लेकिन डोई नदी में जलकुंभी, सेवार, कचरा आदि होने के कारण नहाने व पूजा पाठ करने लायक पानी रहा ही नहीं। प्रशासन को चाहिए कि इसकी सफाई करवाई जाय जिससे अंग्रेजों के द्वारा बनाई गई डोई नदी की यादें ताजा हो जाए। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री गंगा की सफाई की बात कर रहे हैं। वहीं यह जांच का विषय है। शोहरतगढ़ कस्बे निवासी समाजसेवी सतीश मित्तल कहते हैं की डोई नदी का हम लोगों के जीवन में जो स्थान बनाया है वह कभी मिटाने वाला नहीं है क्योंकि हम लोगों के पूर्वज कभी इस नदी में नहा करके और शिव मंदिर में पूजा पाठ किया है उसको कौन भुला सकता है आवश्यकता इस बात की है कि इस नदी को स्वच्छ करके भविष्य के लिए डोई नदी का पानी स्वच्छ किया जाए। जिससे दशहरा मे दुर्गा प्रतिमा, दीपावली में लक्ष्मी प्रतिमा व गणेश चतुर्थी में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन संकुल किया जा सके।

## आशा बहुएं गृह भ्रमण के दौरान प्रसव योजना पर दे ध्यान



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण के तीसरे दिन बुधवार को अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने आशा बहुओं को गृह भ्रमण के दौरान गर्भवती महिलाओं का प्रसव योजना बनाकर सरकारी संस्थागत प्रसव करवाने के लिए निर्देशित किया। डॉ.ओझा के द्वारा बताया गया कि वर्तमान गर्भावस्था की स्थिति के अनुसार प्रसव योजना बना कर गर्भवती महिला को संभावित प्रसव के स्थान की जानकारी देना जरूरी होता है, प्रसव योजना से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने में सहूलियत मिलती है। एचईओ राजीव त्रिपाठी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी गई। बीसीपीएम मैराज अहमद एवं फूल कुमारी के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया।

## चेयरमैन प्रतिनिधि ने करवाया 132/33केवी फीडर चालू



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक शोहरतगढ़ के ग्राम सभा लौसा में नगर पंचायत शोहरतगढ़ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की बेहतर सेवा के लिए बुधवार को चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने ईश्वर का नाम लेकर अगरबत्ती जलाकर 132/33केवी फीडर चालू करवाया गया। आपको बतातें चलें कि नगर पंचायत शोहरतगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में बोल्टेज़ के साथ निर्वाध रूप से बिजली सप्लाई मिल सकेंगी। इस दौरान एसडीओ मनोज कुमार उपाध्याय, जेई पंकज विश्वकर्मा, जेई सतेन्द्र कुमार, ट्रांसमिशन जेई अनिल चौरसिया, शिवशक्ति शर्मा, सोनू महतो, पिन्टू पटेल, धीरेन्द्र चौधरी, अजय चौहान आदि मौजूद रहें।

# शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 17 सड़कों के निर्माण कार्य प्रगति पर है : विनय वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के द्वारा पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड व निर्माण खंड एक को भेजे गए पत्र का जबाब विभाग ने पत्र के माध्यम से दे दिया है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय खंड द्वारा शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में तीन योजनाओं के तहत 954.21 लाख रुपए की लागत के 34.23 किमी की लम्बाई की कुल 17 सड़कों के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा निर्माण खंड एक द्वारा शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में छः योजनाओं के तहत 2053.67 लाख रुपए की लागत के 61.35 किमी की लम्बाई की कुल 34 सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली थी। जिसमें विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य योजना के तहत कुल 21 सड़कें थीं। इनमें 14 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और सात सड़कों का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य योजना के तहत कुल नौ सड़कें थीं। इनमें दो सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और सात सड़कों का कार्य प्रगति पर है।पं.दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत दो सड़कें हैं। दोनों का काम पूरा हो चुका है। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्ग (चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण) कार्य योजना के तहत स्वीकृत एक सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। राज्य सड़क निधि-5054 के तहत पुनर्निर्माण योजना के तहत स्वीकृत एक सड़क का काम पूरा हो चुका है।इसके अलावा राज्य योजना(सामान्य) अनुदान संख्या-57 व 83 योजनान्तर्गत (लघु सेतु निर्माण) योजना के तहत स्वीकृत दो लघु पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस संबंध में शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में कौन-कौन सा विकास कार्य मेरे प्रस्ताव पर हो रहा है। इसकी जानकारी जनमानस को होनी चाहिए।इन सड़कों के अलावा अभी बहुत सी सड़कों को स्वीकृति शासन से नहीं मिल पाई है। प्रयास में लगा हूं। शीघ्र ही विधानसभा क्षेत्र को और सड़कें भी मिल जाएंगी।

# बेखौफ कर रहे अवैध मिट्टी खनन एसडीएम का आदेश बेअसर

अवधनामा संवाददाता



- बर्डपुर ब्लाक के परसा बेलहरी गांव का मामला
- ग्राम समाज के पोखरे में मनमाने ढंग से अवैध खनन
- आदेश के बाद भी पुलिस और खनन विभाग भी मौन

**सिद्धार्थनगर।** अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के हौसले कितने बुलंद हैं, इसका ज्वलंत उदाहरण विकास खंड बर्डपुर के बर्डपुर नंबर-पांच परसा बेलहरी का है। संपूर्ण समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र पर एसडीएम के आदेश पर भी एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। लिहाजा अवैध मिट्टी खनन जारी है, पर कोई रोकने-टोकने वाला नहीं है। विकास खंड बर्डपुर के बर्डपुर नंबर-पांच टोला परसा बेलहरी निवासी नीरज श्रीवास्तव ने बीते 15 जून को सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा। अवगत कराया कि परसा बेलहरी में ग्राम समाज के पोखरे को बिना अधिकार पत्र खनन माफियाओं की ओर से खुदाई करके मिट्टी की कालाबाजारी करने के उद्देश्य से मिट्टी एकत्र किया जा रहा है। आरोप लगाया कि पोखरे से दो सौ मीटर की दूरी पर संबंधित व्यक्ति द्वारा अपने खेत में मिट्टी को एकत्र कर रहे हैं। पोखरे की खुदाई जेसीबी से इतना गहरा कर दिया है, जिससे बरसात के समय में मवेशी और छोटे-छोटे बच्चों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। मना करने पर मारपीट पर उतारू हैं। इस प्रकरण में उपजिलाधिकारी सदर डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने थानाध्यक्ष मोहाना और खनन निरीक्षक को कार्रवाई करने के लिए लिखित निर्देश दिया। एसडीएम की ओर से दिए गए आदेश के एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सका है। जिससे अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

## रंगे हाथ पकड़ा गया साइकिल चोर

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ तहसील परिसर में कई दिनों से हो रही साईकिल की चोरी से अधिवक्ता चोर की तलाश में थे ।आज चोरी करते समय अधिवक्ताओं द्वारा चोर को रंगे हाथ दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने बताया पिछले कई दिनों से तहसील में आने पक्षकारों की साइकिल गायब हो रही थी। आज सतई पुत्र घुपई निवासी ग्राम महला थाना चिल्हिया को साईकिल चुराते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस को उक्त के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में लेटलतीफी की एक्स पर शिकायत

## तय समय से 14 माह बाद भी अधूरा है निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र की जनहित से संबंधित समस्याओं व लंबित परियोजनाओं को लेकर प्रशासन व शासन का ध्यान आकृष्ट कराने में रुचि रखने वाले खेसरहा विकास क्षेत्र के बनकटा प्रथम निवासी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पीएमवाई योजनान्तर्गत निर्माणाधीन करही-कुर्थिया मार्ग का मुद्दा एक्स पर उठाया है। योगी आदित्यनाथ व सीएम कार्यालय के एक्स एकाउंट पर निर्माणाधीन मार्ग से संबंधित जानकारी टैग कर उन्होंने आवश्यक कार्यवाही की मांग किया है। श्री पाण्डेय द्वारा स्वयं को आजाद अधिकार सेना गोरखपुर जोन का जोनल अध्यक्ष बताया जाता है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि करही- कुर्थिया मार्ग के निर्माण संबंधित अनुबंध के मुताबिक निर्माण कार्य कराने वाली संबंधित फर्म को 07 मई 2022 से सडक निर्माण कार्य प्रारंभ कर 08 मई 2023 को बनाकर देना था परन्तु ऐसा हुआ नहीं, संबंधित फर्म द्वारा अभी सडक का बेस बनाया जा रहा है सडक पूर्ण होने में अभी और कितने दिन लगेंगे कुछ अता-पता नहीं है। विदित हो कि एनएच-28 बांसी-बस्ती मार्ग से ग्रामीण क्षेत्र को जोडने वाले निर्माणाधीन करही कुर्थिया मार्ग का क्षेत्रवासियों के लिए बडा महत्व है। इस मार्ग से होकर प्रतिदिन हजारों लोगों का आन- जाना है। करही चौराहे से बेलौहा बाजार, मेंहदावल, खलीलाबाद व गोरखपुर जाने का यह शार्टकट मार्ग है।

## संयुक्त नाका दल ने 293 नग बकरे के साथ 04 पिकअप सहित आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 43वी वाहिनी के सीमा चौकी खुनुवा स्थल सीमा शुल्क विभाग और पुलिस चौकी खुनुवां की संयुक्त नाका दल द्वारा 04 पिकअप सहित 293 नग बकरे के साथ 08 व्यक्तियों को पकड़ा। बुधवार को 43वी वाहिनी के सीमा चौकी खुनुवा स्थल सीमा शुल्क विभाग और पुलिस चौकी खुनवा की संयुक्त नाका दल ने सीमा स्तम्भ संख्या 554 के समीप भारत से नेपाल अवैध तरीके से ले जा रहे 293 नग बकरे के साथ 04 पिकअप सहित 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सूचना मिली कि महला चौक के समीप से बकरों की तस्करी होने वाली है। कार्यवाही को अंजाम देते हुए सीमा चौकी खुनुवा से निरीक्षक उमेश सिंह के नेतृत्व में सहा उप निरीक्षक शिव कुमार, मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार, देवांशु कुमार, राम बाबू शुक्ला, आरक्षी विभाष रजक, विकाश तोमर निरीक्षक अक्षय यादव कस्टम विभाग और पुलिस चौकी खुनवा से उप निरीक्षक जगत नारायण यादव, मुख्य आरक्षी मुकुंद चौहान, आरक्षी मनोज द्विवेदी के साथ संयुक्त नाका दल सीमा स्तंभ संख्या 554 के लिए रवाना हुए। महला चौक के समीप पहुचकर नाका दल द्वारा देखा गया कि कोई चार पहिया वाहन साधूनगर से अंतर्राष्टीय सीमा की तरफ आ रहे है जिनको रोककर घेर लिया गया जिसमें कुल 04 पिकअप बकरों से भरी हुई है। पिकअप में लादे सभी बकरों की गिनती की गई जिसमें कुल 293 नग बकरे बरामद हुए। नाका दल द्वारा बरामद 293 बकरों और 04 पिकअप को जब्त कर 08 व्यक्तियों सहित उचित कागजी कार्यवाही के पश्चात पुलिस थाना शोहरतगढ़ को सुपुर्द किया गया।

# विवेकानंद शिशुकुंज इंटर कालेज में एक दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** विवेकानंद शिशुकुंज इंटर कॉलेज विद्युत नगर में विद्यालय स्तर पर एक दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग प्रधानाचार्य राम तीरथ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में नरसिंह नारायण (प्रधानाचार्य) उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित नरसिंह नारायण द्वारा पूर्व में संपन्न हुए विद्या भारती संस्था द्वारा प्रान्त स्तरीय प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग से प्राप्त जानकारी को आचार्य आचार्य के मध्य रखा गया । जिसमें विद्यालय व भैया-बहनों के विकास, शिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने में आचार्य की भूमिका तथा पूरे सत्र भर होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के नियोजन के विषय पर प्रशिक्षण दिया।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2010, अनुक्रमांक-2383478 एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2013, अनुक्रमांक-1797853 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम - उमेश कुमार जायसवाल पुत्र - शिव मंगल ग्राम - गुजरौलिया खालसा पोस्ट - चिल्हिया, जनपद - सिद्धार्थनगर**

**सूचना**

मेरा इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष - 2007, अनुक्रमांक -1140570 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम -संतोष कुमार, पुत्र - दीनानाथ शुक्ल ग्राम - कोइली घाट, पोस्ट - कटहना जिला - सिद्धार्थनगर।**

## समाजसेवी प्रमोद ओझा ने जरूरतमंदों को हेलमेट बांटे

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बढ़ते सड़क हादसों के रोकथाम के लिए परिवहन विभाग की प्रेरणा से सागर सेवा ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे सड़क जागरूकता अभियान के तहत समाजसेवी प्रमोद ओझा जरूरतमंदों को हेलमेट बांट रहे हैं। हाइवे देवदूत के नाम से पहचान बना चुके प्रमोद ओझा ने गुरुवार को महराजगंज चौकी के समीप फोरलेन पर हेलमेट बाइक सवारों को हेलमेट बांटा। इस दौरान वे लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करते दिखे। उन्होने कहा हेलमेट सुरक्षा कवच है। खुद के लिए न सही तो अपने परिवार के लिए हेलमेट जरूर लगाएं साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन भी अवश्य करें। हाइवे देवदूत प्रमोद ओझा ने बताया कि सड़क सुरक्षा के मामले में लोगों को जागरूक कर उनके जीवन की रक्षा करना ही संस्था का उद्देश्य है। सड़क हादसे में घायलों की मदद के दौरान देखने को मिला कि सबसे अधिक घटनाएं हेलमेट का उपयोग न करने के चलते होती हैं। इसलिये जरूरतमंद लोगों को हेलमेट बांटा जा रहा है। उन्होने कहा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करनें के साथ वाहनों को ओवर स्पीड में न चले।

## चोरी का सामान व बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** चोरी के सामान और चोरी में प्रयुक्त बाइक के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। प्रकरण मालीपुर थाना का है। बीते सप्ताह पुलिस ने रात में गस्त के दौरान नेमपुर सड़क पर खड़ी एक बाइक की जांच पड़ताल किया था। बाइक के बगल एक मोटर रखा गया था ।पुलिस संदिग्ध बाइक और मोटर लेकर थाना आई और बाइक के बारे में खोजबीन शुरू कर दी गई ।पुलिस की जांच में बाइक जलालपुर कोतवाली के परुईया आश्रम गांव की एक महिला की निकली ।पूछताछ में पता चला कि घटना के दिन इसी गांव के दो किशोर बाइक मांग कर ले गए थे। किशोर को बुलाकर जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो वह टूट गया और मोटर चोरी का बताया ।चोरी की सूचना पर चौकन्नी पुलिस मोटर मालिक के घर पहुंची और मोटर चोरी से संबंधित पूछताछ की।

# विकसित राष्ट्र की पारी

मोदी लगातार तीन कार्यकाल का प्रधानमंत्री बन नेहरू के ऐतिहासिक उपलब्धि की बराबरी की। अब मोदी के सामने उन्हीं के द्वारा 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष को लेकर काम करना होगा। इसके लिये उनके साथ बनाये गये 73 मन्त्रियों की टीम है। देश और दुनियां की नजर उनके इस तीसरे कार्यकाल पर है। मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में अपने पिछले दस साल में 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना चुके है। जीडीपी के आकार में ब्रिटेन हमसे पिछड़ चुका है। 2026 तक जापान और 2027 तक जर्मनी पीछे छूट जायेगे। इन आंकड़ों से साबित होता है देश आज विकास के ऊँचे पायदान पर खड़ा है। इस बार सरकार सहयोगी दलों के समर्थन से बनी है। सरकार को अपने एजेन्डा बनाये रखने के लिये घटक दलों का समर्थन जरूरी है। अग्निवीर एक राष्ट्र, एक चुनाव, यूससी पर लचीला रूख बनाने की जरूरत होगी। मोदी अपने कार्यकाल में दृढ़ता और लचीलेपन दोनो का प्रमाण दिया है। जेडीयू और टीडीपी का समर्थन मोदी के लिये बोनस प्वाइन्ट है। इस लिये विरोधियों का साथ ला सके है। टीडीपी के चन्द्र बाबू नायडू और जेडीयू के नीतीश कुमार विकास के वे महत्वपूर्ण चेहरे उनके साथ है। इनसे विरोध की शंका निर्मूल हो गई है। दोनो लोग सहर्ष बिना किसी दबाव और सौदेबाजी के मंत्रीमन्डल में शामिल हो गये है। विरोध पक्ष कौतूहल और आश्चर्य से यह सब देश रहा है। क्योकि विश्वास था कि मन्त्रीमन्डल के गठन में अवरोध देखने को मिलेगा।

राष्ट्र के सामने दो बड़ी चुनौतियां है। बेरोजगारी और असामानता। बढी बेरोजगारी युवाओं की सबसे बड़ी समस्या है जो बड़े तादाद में है। इन्डिया एम्प्लायमेन्ट रिपोर्ट के अनुसार 80 प्रतिशत युवाओं में बेकारी है। इतनी बड़ी संख्या देख दिमाग चकरा जाता है। युवाओं के पास रोजगार और रचनात्मक कार्य न हो तो मुल्क के लिये विस्फोटक बन जाते है। दूसरी बड़ी समस्या है असमानता भारत में समृद्धि बढ रही है पर फायदा बड़े तबको मिल रहा है, पूजीपतियों और औद्योगिक घरानों को मिल रहा है। अम्बानी कूज पर विवाह समारोह मना रहे है, जिसका खर्चा एक मेहमान पर 26 से 30 हजार आता है। उनके 4000-5000 मेहमान है। खर्चे का अन्दाजा लगा सकते है। गरीब तबका भूख, बेकारी, मंहगाई से परेशान पिस रहा है। विकास और टिकाऊ तभी होगा जब असमानता दूर रहेगी। मोदी 2047 तक विकसित राष्ट्र, की गारन्टी से बंधे है। सभी देख रहे है मोदी गारन्टी पूरी करते है। इसे ध्यान में रख एनडीए को साथ रख विरोध से सहयोग की कामना कर तेजी से आगे बढ़ेगे इसी के अनुरूप कदम उठायेगे। इसके लिये बटवारे जैसे निम्न मुद्दो में फंसने से बचना होगा। विरोध अगर रचनात्मक दृष्टिकोण अपना सही सुझाव देता है तो विपक्ष को प्रशंसा दे उनके रचनात्मक सुझाव को अपनाना बेहतर होगा। एनडीए बटवारे की राजनीति को तौबा करे विकास को अजेन्डे का खैरमकदम करें। विकास से फोकस हटने न पाये बाचपेयी की तरह। मोदी तीसरा कार्यकाल में सभी कहें सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलिंस्ता हमारा।

# निर्दोषों को मारना इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है

**प्रो सदफ फातिमा**

मानवता के खिलाफ एक दिल दहला देने वाली कहानी हाल ही में देखने को मिली जब आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में एक पर्यटक बस पर हिंसक हमला किया, जो तीर्थयात्रियों को शिव खोरी मंदिर से कटरा ले जा रही थी, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। हमले में घायल हुए 41 लोगों में से 10 को गोली लगी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मासूम लोग कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा करने के लिए यात्रा कर रहे थे। खुद को आध्यात्मिक रूप से शुद्ध करने के लिए भक्त अक्सर अपने घरों की सुख-सुविधाएं छोड़कर ऐसी कठिन यात्रा करते हैं। ऐसी पवित्र आत्माओं की हत्या करना मानवता के विरुद्ध कार्य है। मौजूदा हज सीज़न में, 15 लाख से अधिक मुस्लिम तीर्थयात्रियों ने हज करने के लिए सऊदी अरब की यात्रा करने का कठिन कार्य किया है। कोई भी धर्मनिष्ठ मुसलमान रियासी में मारे गए लोगों के परिवारों के दर्द को समझ सकता है। चाहे उनका धार्मिक संप्रदाय कुछ भी हो, एक तीर्थयात्री के साथ यथासंभव सर्वोच्च सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए क्योंकि वे एक पवित्र यात्रा पर हैं। इस तरह के जघन्य कृत्यों की विशेष रूप से मुसलमानों द्वारा कड़ी निंदा की जानी चाहिए, क्योंकि किसी भी प्रकार की हिंसा इस्लामी शिक्षाओं के खिलाफ है, चाहे दुनिया के किसी भी हिस्से में ऐसे कृत्यों में कोई भी शामिल हो। इस्लाम शब्द का अर्थ शांति है। जब भी कोई ऐसा कार्य करता है जो शांति स्थापित करता है या बनाए रखता है जहां लोग सुरक्षित महसूस करते हैं, तो वह वास्तव में इस्लामी शिक्षाओं का पालन कर रहा है। अल्लाह ने मुसलमानों को इस सांसारिक जीवन में मार्गदर्शन करने के लिए कुरान भेजा। हम स्वयं को मुसलमान तभी कह सकते हैं जब हम कुरान की आज्ञाओं का पालन करेंगे। अल्लाह को समाज में कानून और व्यवस्था बनाए रखना पसंद है, यह कुरान (7:56) में स्पष्ट रूप से वर्णित है और इसे व्यवस्थित करने के बाद पृथ्वी पर उपद्रव न करें इससे स्पष्ट होता है कि उपद्रव फैलाने वाले निश्चित रूप से मुसलमानों में से नहीं हैं। अल्लाह को नम्रता, शांति और नम्रता पसंद है जो हर मुसलमान के लिए अनिवार्य है। इस्लाम कभी भी निर्दोष लोगों को चोट पहुंचाने या मारने का समर्थन नहीं करता। पवित्र कुरान में अल्लाह कहते हैं, जो कोई किसी व्यक्ति (निर्दोष व्यक्ति) को मारता है, उसने मानो सारी मानव जाति को मार डाला है। और जो कोई किसी की जान बचाता है, मानो उसने सारी मानव जाति को बचा लिया है। (5:32) पूरी मानवता की हत्या का बोझ कोई कैसे उठा सकता है? मानवता के खिलाफ ऐसे कृत्य करने के लिए वह कयामत के दिन अल्लाह को क्या औचित्य देगा? कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि ऐसे अपराधियों को उनके जीवन में प्रताड़ित किया गया है, इसलिए वे बदले की भावना से यह सब कर रहे हैं। संभवतः पवित्र कुरान (22:39) की सबसे गलत समझी जाने वाली और दुरुपयोग की जाने वाली आयत यह है- इस प्रकार उन लोगों को वापस लड़ने की अनुमति दी जाती है, जो लड़ रहे हैं, क्योंकि उनके साथ अन्याय हुआ है। यह श्लोक प्रासंगिक है और आत्मरक्षा के बारे में बात करता है और निश्चित रूप से निर्दोषों की हत्या के बारे में नहीं। अगर किसी के साथ गलत हुआ है! वह केवल गलत काम करने वालों से ही लड़ सकता है। यहां तक कि जब इस्लाम पवित्र युद्ध (आत्मरक्षा के रूप में) की अनुमति देता है, तब भी पैगंबर मुहम्मद (पीबीयूएच) ने ऐसे युद्धों को अंजाम देने के लिए विशेष रूप से कुछ आचार संहिता का निर्देश दिया था। रुको, हे लोगों, मैं तुम्हें युद्ध के मैदान में मार्गदर्शन के लिए दस नियम बताऊंगा। विश्वासघात मत करो या सही रास्ते से मत हटो। तुम्हें शवों को क्षत-विक्षत नहीं करना चाहिए। न किसी बच्चे को मारो, न किसी महिला को, न ही बूढ़े आदमी को मारो।÷ पेड़ों को नुकसान न पहुंचाएं, न ही उन्हें आग से जलाएं, खासकर जो फलदार हों। अपने भोजन के अलावा किसी भी दुश्मन के झुंड को न मारें, आप उन लोगों के पास से गुजरेंगे जिन्होंने अपना जीवन मठवासी सेवाओं के लिए समर्पित कर दिया है; अकेला।÷ जम्मू-कश्मीर में हाल के हमले पैगंबर मुहम्मद द्वारा उद्धृत लगभग सभी नियमों का उल्लंघन करते हैं। क्या ऐसे अपराधी मुस्लिम होने का दावा कर सकते हैं? इस्लामिक आचार संहिता के मुताबिक किसी भी सूरत में तीर्थयात्रियों पर हमला नहीं किया जाना चाहिए. एक सच्चा मुसलमान ऐसे तीर्थयात्रियों की यात्रा में मदद करता और उनकी सुरक्षा का ख्याल रखता। एक वास्तविक अभ्यासी मुसलमान ने उन्हें किसी भी तरह से आराम देने की कोशिश की होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# भाजपा अयोध्या यूं ही नहीं हारी


निर्मल रानी

**जिस अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के बल पर भाजपा तीसरी बार सत्ता में पूर्ण बहुमत से आने का सपना संजोए बैठी थी उसी अयोध्या ने पिछले दिनों मानसून पूर्व की केवल एक दिन की बारिश में यह बता दिया कि किस तरह मंदिर निर्माण व अयोध्या के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। गत दस वर्षों से सत्ता की गोद में बैठा मीडिया अयोध्या के विकास की इकतरफ़ा गाथा गाने में व्यस्त था। चारों शंकराचार्य सहित और भी कई बड़े बड़े संत महात्मा पुरज़ोर तरीक़े से यह आवाज़ उठा रहे थे कि चूँकि मंदिर निर्माण अभी अधूरा है लिहाज़ा अपूर्ण मंदिर भवन में विशेषकर आधे अधूरे मंदिर शिखर के नीचे राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करना शास्त्रसम्मत नहीं है। परन्तु राजनीति के स्वयंभू चाणक्यों ने किसी संत महात्मा की बात पर ध्यान नहीं दिया। और केवल लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का ग्रांड शो रच डाला। और उसी स्वयंभू दूरगामी चाणक्य नीति ने यह नारा दे दिया कि जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे। केवल इतना ही नहीं बल्कि अपने विरोधियों को गोदी मीडिया के माध्यम से हिन्दू विरोधी,राम विरोधी व सनातन विरोधी प्रचारित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।**

गोदी मीडिया ने भले ही राष्टीय स्तर पर सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने में एड़ी चोटी का ज़ोर लगा दिया परन्तु उत्तर प्रदेश के लोग विशेषकर अयोध्यावासी व स्थानीय समग्र साधु संत समाज अपूर्ण मंदिर भवन में निर्मित आधे अधूरे मंदिर शिखर की सच्चाई से भी वाक़िफ़ था और अयोध्या के विकास के नाम पर पूरे शहर की सड़कों नालों नालियों, सीवरेज प्रणाली के निर्माण में जम कर की गयी लूट खसोट से भी परिचित था। आख़िर कार राम मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने स्वयं ही मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुये यह दावा किया कि यह दूसरी बार है जबकि राम मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार पहली बारिश में भी मंदिर की छत से पानी का रिसाव हुआ था। उस समय भी उन्होंने विरोध किया था। आचार्य दास ने सवाल किया है कि जब राम लला के विराट दिव्य मंदिर के निर्माण में देश के सुप्रसिद्ध इंजीनियर लगे हैं, उसके बावजूद मंदिर की छत से पानी का टपकना आश्चर्यजनक है। जो मंदिर बन गए हैं और जहां रामलला विराजमान हैं, वहां पहली ही बारिश में पानी टपकने लगा। मंदिर के अंदर भी बरसात का पानी भर गया था। राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट को इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि बने मंदिरों से क्यों पानी टपक रहा है?

पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के आरोपों के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र को यह सफ़ाई देनी पड़ी कि 'मैंने खुद मंदिर की पहली मंज़िल से बारिश का पानी टपकते हुए देखा है। इसके पीछे वजह यह है कि अभी मंदिर की दूसरी मंज़िल पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे इसकी छत पूरी तरह खुली है। इसलिए वहां पानी भर गया और छत से नीचे भी टपका। इस तरह खुले फ़र्श पर पानी टपक सकता है। लेकिन अगले महीने के अंत तक दूसरी मंज़िल की छत बंद हो जाएगी, फिर यह समस्या नहीं होगी।' नृपेंद्र मिश्र के बयान से ही यह साफ़ है कि मंदिर 22 जनवरी को भी अधूरा था और आज भी अधूरा है लिहाज़ा क्या वजह है कि उस समय शंकराचार्यों व संतों की बात नहीं मानी गयी ? और आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा दी गयी ? लिहाज़ा यदि 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा पूर्णतः राजनैतिक नहीं थी तो और क्या थी ? ख़बर है कि



मंदिर के मुख्य शिखर को प्लास्टिक,कपड़ों व बांस बल्लियों से बनाकर तैयार किया गया था। मानसून की शुरूआती बारिश में केवल अयोध्या राम मंदिर की छत से ही पानी नहीं टपका बल्कि लगभग पूरी अयोध्या त्राहि त्राहि करने लगी। एक दिन की बारिश में ही राम पथ पर सआदतगंज से लेकर लता चौक तक कम से कम 20 जगहों पर सड़कों में गड्ढे पड़ गये। कई जगह सड़कें धंस गईं। नाले व नालियां जाम हो गये। जबकि हाई टेक अयोध्या के निर्माण का दावा किया जा रहा था ? प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सड़क धंसने वाली कुछ जगहों पर कुछ दिन पहले ही अमृत योजना के तहत सीवर पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया था।

सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद सिर्फ़ गिट्टी डालकर सड़क को अस्थायी रूप से पाट दिया गया। उसकी ठीक ढंग से मरम्मत नहीं कराई गई। इसी का नतीजा रहा कि बारिश में यहां पर सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि काम मानक के अनुरूप नहीं किया गया जिसके कारण सड़क धंस गयी। इसी तरह राम मंदिर के बिल्कुल क़रीब रेलवे स्टेशन मार्ग पर कॉलोनी जलवानपुरा में जलभराव हो गया जिसके चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। अयोध्या नगर की दर्जनों दुकानों और मकान में बरसात का पानी घुसने से लोग परेशान हुये। अयोध्या व उत्तर प्रदेश के सुदूर राज्यों में बैठे लोग गोदी मीडिया द्वारा परोसी गयी हाई टेक अयोध्या व मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह व इसमें शामिल विशिष्ट व अतिविशिष्ट लोगों की भीड़ को चाहे जिस नज़रिये से देख रहे हों परन्तु हक़ीक़त में अयोध्या वासी बहुत क़रीब से न केवल इस ढोल में छिपे पोल को देख रहे थे बल्कि इसी प्रचारित हाई टेक अयोध्या के निर्माण व विकास के नाम पर उजाड़े गये अपने घरों की तबाही व अपने तबाह हुये व्यवसायों के भी भुक्तभोगी थे। वे यह भी देख रहे थे कि किस तरह सत्ता संरक्षण में बाहरी कंपनियों व ठेकेदारों द्वारा भगवान राम के नाम पर लूट मचाई जा रही है। यही वजह थी की विपक्षियों के बारे में सत्ता व मीडिया द्वारा तमाम दुष्प्रचार करने के बावजूद अयोध्यावासियों ने जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे जैसे नारे को फ़र्ज़ी समझते हुये भाजपा के प्रत्याशी को अप्रत्याशित रूप से हरा दिया और उस समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाया जिसके बारे में गोदी मीडिया सत्ता के हवाले से यह दुष्प्रचार कर रहा था कि यदि यह जीते तो राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवादेंगे। दरअसल अयोध्या व उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा के झूठ भ्रष्टाचार व पाखंड को भली हन्ति पहचान लिया था। भाजपा अयोध्या यूँ ही नहीं हारी है।

# कब सुधरेगी भारत की डाक व्यवस्था?


अशोक मधुप

"आजादी के 75 साल बाद भी भारत की डाक व्यवस्था में सुधार न होकर पतन ही हुआ।भारत में डाक विभाग 250 साल से पुराना है। आज गांव -गांव तक इसकी ब्रांच हैं। पूरे भारत में 155531 डाकघर हैं। इतना बडा नेटवर्क होने के बाद भी यह सरकारी विभाग प्राइवेट कोरियर कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ती जा रही है। भारतीय डाक की सेवा में सुधार हो, इसमें न विभागीय अधिकारियों की रुचि है, न सरकार की। इसी का परिणाम है कि इसका अपने व्यवसाय से एकाधिकार टूटता जा रहा है। प्राइवेट कंपनी इसके व्यवसाय को कब्जाती जा रही हैं। भारत में डाक सेवाओं की स्थापना 1774 में हुई।पहली बार भारतीय डाकघर को राष्ट्रीय महत्व के एक अलग संगठन के रूप में स्वीकार किया गया और उसे एक अक्टूबर 1854 को डाकघर महानिदेशक के सीधे नियंत्रण में सौंप दिया गया । भारतीय डाक व्यवस्था कई व्यवस्थाओं को जोड़कर बनी है । 650 से ज्यादा रजवाड़ों की डाक प्रणालियों, जिला डाक प्रणाली और जमींदारी डाक व्यवस्था को प्रमुख ब्रिटिश डाक व्यवस्था में शामिल किया गया था । इन टुकड़ों को इतनी खूबसूरती से जोड़ा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक संपूर्ण अखंडित संगठन है।

1766 में लार्ड क्लाइव ने देश में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की थी । इसके बाद 1774 में वारेन हेसंटिग्ज़ ने इस व्यवस्था को और मजबूत किया। उन्होंने एक महा डाकपाल के अधीन कलकत्ता प्रधान डाकघर स्थापित किया । मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसी में क्रमशः 1786 और 1793 में डाक व्यवस्था शुरू की गई । 1837 में डाक अधिनियम लागू किया गया ताकि तीनों प्रेसीडेन्सी में सभी डाक संगठनों को आपस में मिलाकर देशस्तर पर एक अखिल भारतीय डाक सेवा बनाई जा सके।

1854 में डाकघर अधिनियम के जरिए एक अक्टूबर 1854 को मौजूदा प्रशासनिक आधार पर भारतीय डाक घर को पूरी तरह सुधारा गया। 1854 में डाक और तार दोनों ही विभाग अस्तित्व में आए। शुरू से ही दोनों विभाग जन कल्याण को ध्यान में रख कर चलाए गए । लाभ कमाना उद्देश्य नहीं था। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध्द में सरकार ने फैसला किया कि विभाग को अपने खर्चे निकाल लेने चाहिए। उतना ही काफी होगा । 20वीं सदी में भी यही क्रम बना रहा। डाकघर और तार विभाग के क्रियाकलापों में एक साथ विकास होता रहा। 1914 के प्रथम विश्व युध्द की शुरूआत में दोनों विभागों को मिला दिया गया। भारतीय राज्यों के वित्तीय और राजनीतिक एकीकरण के चलते यह आवश्यक और अपरिहार्य हो गया कि भारत सरकार भारतीय राज्यों की डाक व्यवस्था को एक विस्तृत डाक व्यवस्था के अधीन लाए । ऐसे कई राज्य थे जिनके अपने जिला और स्वतंत्र डाक संगठन थे और उनके अपने डाक टिकट चलते थे। इन राज्यों के लैटर बाक्स हरे रंग में रंगे जाते थे ताकि वे भारतीय डाकघरों के लाल लैटर बाक्सों से अलग नज़र आएं। 1908 में भारत के 652 देशी राज्यों में से 635 राज्यों ने भारतीय डाक घर में शामिल होना स्वीकार किया । केवल 15 राज्य बाहर रहे, जिनमें हैदराबाद, ग्वालियर, जयपुर और ट्रावनकोर प्रमुख हैं। 1925 में डाक और तार विभाग का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया गया । विभाग की वित्तीय स्थिति का जायजा लेने के लिए उसके खातों को दोबारा व्यवस्थित किया गया। उद्देश्य यह पता लगाना था कि विभाग करदाताओं पर कितना बोझ डाल रहा है या सरकार का राजस्व कितना बढा रहा है और इस दिशा में विभाग की चारों शाखाएं यानी डाक, तार, टेलीफोन और बेतार कितनी भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय डाक सेवा का क्षेत्र चिट्ठियां बांटने और संचार का कारगर साधन बने रहने तक ही सीमित नहीं है । शुरूआती दिनों में डाकघर विभाग, डाक बंगलों और सरायों का रख रखाव भी करता था। 1830 से लगभग तीस सालों से भी ज्यादा तक यह



विभाग यात्रियों के लिए सड़क यात्रा को भी सुविधाजनक बनाते थे । कोई भी यात्री एक निश्चित राशि के अग्रिम पर पालकी, नाव, घोड़े, घोड़ागाड़ी और डाक ले जाने वाली गाड़ी में अपनी जगह आरक्षित करवा सकता था । वह रास्ते में पड़ने वाली डाक चौकियों में आराम भी कर सकता था । यही डाक चौकियां बाद में डाक बंगला कहलाई।19वीं सदी के आखिर में प्लेग की महामारी फैलने के दौरान, डाकघरों को कुनैन की गोलियों के पैकेट बेचने का काम भी सौंपा गया था। भारत संयुक्त परिवारों और छोटी आमदनी वाले लोगों का देश है, जहां लोगों को छोटी रकमों की सूरत में लाखों रूपए भेजने पड़ते हैं । रूपयों के लेन-देन का काम जिला मुख्यालयों में स्थित 321 सरकारी खजानों द्वारा किया जाता था । 1880 में मनी आर्डर के द्वारा छोटी रकमें भेजने का काम 5090 डाकघर वाली विस्तृत डाक एजेंसी को दिया गया और इस तरह जिला मुख्यालयों तक जाने और प्राप्तकर्ता द्वारा पहचान साबित करने की कठिनाइयां कम हो गई ।1884 में उच्च पदों पर आसीन कर्मचारियों को छोड़कर देसी डाक कर्मचारियों के लिए डाक जीवन बीमा योजना शुरू की गई, क्योंकि भारत में काम करने वाली बीमा कंपनियां आम भारतीय निवासियों का बीमा करने से कतराती थीं। उन कठिन दिनों में देश के साथ-साथ डाक विभाग भी इसके असर से अछूता नहीं रहा । 1857 के बाद विभाग ने आगजनी और लूटमार का दौर देखा । एक उपडाकपाल और एक ओवरसियर की हत्या कर दी गई, एक रनर को घायल कर दिया गया और बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तर पश्चिमी सीमांत राज्यों के कई डाकघरों को लूट लिया गया। उत्तर पश्चिमी सीमांत राज्यों और अवध में सभी संचार लाइनों को बंद कर दिया गया था और हिंसा खत्म हो जाने के बाद भी साल भर तक कई डाकघरों को दोबारा नहीं खोला जा सका। लगभग पांच माह तक चलने वाली 1920 की डाक हड़तालों ने देश की डाक सेवा को पूरी तरह ठप्प कर दिया था । 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कई डाकघरों और लैटर बक्सों को जला दिया गया थाऔर डाक का आना-जाना बड़ी मुश्किल से हो पाता था। इसके कारण कई सेक्टरों में डाक सेवाएं गड़बड़ा गई थीं। पोस्ट कार्ड 1879 में चलाया गया जबकि वैल्यू पेएबल पार्सल (वीपीपी), पार्सल और बीमा पार्सल 1977 में शुरू किए गए। भारतीय पोस्टल आर्डर 1930 में शुरू हुआ। तेज डाक वितरण के लिए पोस्टल इंडेक्स नंबर (पिनकोड) 1972 में शुरू हुआ । तेजी से बदलते परिदृश्य और हालात को मद्दे नजर रखते हुए 1985 में डाक और दूरसंचार विभाग को अलग-अलग कर दिया गया । समय की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 1986 में स्पीड पोस्ट शुरू हुई ओर 1994 में मेट्रोसराजधानीसव्यापार चैनल, ईपीएस और वीसैट के माध्यम से मनी आर्डर भेजा जाना शुरू हुआ। पिछले कई सालों में डाक वितरण के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है और यह डाकिए द्वारा चिट्ठी बांटने से स्पीड पोस्ट और स्पीड पोस्ट से ई-पोस्ट के युग में पहुंच गया है । भारतीय पोस्टल आर्डर 1930 में शुरू हुआ । तेज डाक वितरण के लिए पोस्टल इंडेक्स नंबर (पिनकोड) 1972 में शुरू हुआ । तेजी से बदलते परिदृश्य और हालात को मद्दे नजर रखते हुए 1985 में डाक और दूरसंचार विभाग को अलग-अलग कर दिया गया । समय की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 1986 में स्पीड पोस्ट शुरू हुई ओर 1994 में मेट्रोसराजधानीसव्यापार चैनल, ईपीएस और वीसैट के माध्यम से मनी आर्डर भेजा जाना शुरू किया गया। डाक व्यवस्था में डाकिए का बड़ा महत्व है। पुराने जमाने में हरेक डाकिए को ढोल बजाने वाला मिलता था जो जंगली रास्तों से गुजरते समय डाकिए की सहायता करता था । रात घिरने के बाद खतरनाक रास्तों से गुजरते समय डाकिए के साथ दो मशालची और दो तीरंदाज भी चलते थे। ऐसे कई किस्से मिलते हैं जिनमें डाकिए को शेर उठा ले गया या वह उफनती नदी में डूब गया या उसे जहरीले सांप ने काट लिया या वह चटटान फिसलने या मिटटी गिरने से दब गया या चोरों ने उसकी हत्या कर दी। ब्रिटिश भारत के तत्कालीन गवर्नर-जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने आम जनता के लिए पहली डाक सेवा शुरू की।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में


ललित गर्ग

**ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे।**

ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है।

स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं



संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।'

हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं।

# आध्यात्मिक पर्यटन की तर्ज पर यूपी में ईको टूरिज्म भी आगे बढ़ाएंगे : योगी

**कुकरैल को नदी से नाला बना दिया, 8000 अवैध निर्माण तोड़े**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन काफी तेजी से बढ़ा है। इसी तर्ज पर अब ईको टूरिज्म को भी आगे बढ़ाना है। वह इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ईको टूरिज्म संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने यूपी ईको टूरिज्म बोर्ड के लोगो का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का हृदय स्थल है और यहां पर असीम संभावनाएं भी हैं। इको पर्यटन बोर्ड इस दिशा में काफी काम कर रहा है। गत वर्ष यूपी में 48 करोड़ पर्यटक आए। यानी यूपी की आबादी से दोगुने। इसमें ज्यादातर स्पिरीचुवल (आध्यात्मिक, धार्मिक) पर्यटन के लिए थे। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के काफी केंद्र हैं। इसी तरह की संभावनाएं ईको टूरिज्म के क्षेत्र में भी हैं। सोनभद्र का फासिल्स पार्क इसी में से एक है। यहां कई ऐसे स्थल, वन, सरोवर ताल हैं। उन्होंने जून में 50 डिग्री तक हुए तापमान का जिक्र करते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति चेताया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में कुकरैल में नाइट सफारी बना रहे हैं। इसके पहले कुकरैल नदी को पुनर्जीवित कर रहे हैं। इसको लोगों ने नाला बना दिया था। अवैध निर्माण हो गए थे। 800 अवैध निर्माण तोड़कर नदी का क्षेत्र साफ किया गया तो नदी में भी नए स्रोत निकल गए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव ने अपने निजी स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन किया। हमें इसके प्रति चेतना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में काफी पर्यटन की संभावना है। ईको टूरिज्म बोर्ड इस तरफ काम कर रहा है। आध्यात्मिक पर्यटन में जैसे होम स्टे की सुविधा है, वैसे ही गांव में भी ईको टूरिज्म के लिए सुविधा शुरू कर आर्थिक स्थिति सुधारी जा सकती है। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, वन व पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना, वन राज्य मंत्री केपी मालिक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सोनभद्र के सलखन स्थित फासिल्स (जीवास्म) पार्क को यूनेस्को की सूची में शामिल करने के लिए बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट से एमओयू भी किया गया। इस पार्क में 150 करोड़ साल पुराने जीवास्म पाए जाते हैं। इसके लिए दोनों संस्थान मिलकर काम करेंगे।

## स्कूल में बच्चों का रोली टीका लगाकर होगा स्वागत



**लखनऊ।** यूपी में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुल गए हैं। 28 जून से बच्चे विद्यालय जाना शुरू कर देंगे। स्कूलों के संचालन को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 28 और 29 जून को बच्चे समर कैंप के लिए सुबह 7.30 बजे जब स्कूल पहुंचेंगे तो रोली टीका लगाकर उनका स्वागत किया जाएगा। मिड डे मील में उन्हें खीर और हलवा परोसा जाएगा। 28 और 29 जून को स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से 10 बजे तक होगा। वहीं, एक जुलाई से नियमित पढ़ाई के लिए स्कूल खुल जाएंगे और विद्यालय का समय सुबह 8 बजे से दोपहर दो बजे तक होगा।

## राम मंदिर गर्भगृह में नहीं टपका है एक भी बूंद पानी

**पानी रिसाव को लेकर मंदिर ट्रस्ट की दो टूक**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बारिश के बाद राम मंदिर के टपकने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। यह मामला अयोध्या ही नहीं पूरे देश में चर्चाओं में है। चर्चा इस बात की है कि करोड़ों रुपयों की लागत से बना मंदिर पहली बरसात नहीं झेल पाया। इस बार पर ट्रस्ट की तरफ से सफाई जारी की गई है। बारिश के दौरान राममंदिर की छत टपकने के मामले में अब राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कुछ तथ्य जारी किए हैं। चंपत राय का कहना है कि गर्भगृह जहाँ भगवान रामलला विराजमान हैं, वहाँ एक भी बूंद पानी छत से नही टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। मंदिर और परकोटा परिसर में बरसात के पानी की निकासी का सुनियोजित तरीक़े से उत्तम प्रबंध किया गया है। जिसका कार्य भी प्रगति पर है। मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद मंदिर एवं परकोटा परिसर में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं होगी। श्री रामजन्म भूमि परिसर मे बरसात के पानी को अंदर ही पूर्ण रूप से रखने के लिए रिचार्ज पिटो का भी निर्माण कराया जा रहा है। रामनगरी में बुधवार भोर में सुबह तीन घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश के चलते एक बार फिर रामपथ धंस गया। इसके बाद रिकाबगंज मार्ग पर बैरियर लगाकर एक लेन पर आवागमन बंद कर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। इसके पहले शनिवार को रात भर हुई बारिश में रिकाबगंज के आसपास कई जगहों पर रामपथ धंस गया था। यहां गिट्टी और बालू डालकर मरम्मत कराई गई थी। एक बार फिर बारिश होने पर यहीं पर सड़क धंस गई है।

# मैं जिस सदन को छोड़कर आया हूं उसकी कुर्सी बहुत ऊंची है : अखिलेश यादव



### आतिशी से मिलने पहुंचे अखिलेश यादव

एलएनजेपी अस्पताल में दिल्ली की जल मंत्री आतिशी से मिलने के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सत्ता में आई है तब से मुख्यमंत्रियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। पानी की कमी से जूझ रही दिल्ली में पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद आतिशी को मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एलएनजेपी के डॉक्टरों ने कहा कि आतिशी की हालत स्थिर है और उन्हें आईसीयू से वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। यादव ने कहा कि मैं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने आया था। वह न केवल बहादुर हैं बल्कि लोगों के लिए लड़ना भी जानती हैं। वह दिल्ली की समस्याओं को हल करने के लिए लगातार लड़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से केंद्र में बीजेपी की सरकार बनी है तब से मुख्यमंत्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**अखिलेश यादव ने ओम बिरला को दी बधाई**

**उम्मीद है सदन में किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। सदन में बोलते हुए अखिलेश ने कहा, हमें उम्मीद है किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। उम्मीद है सदन में किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी। अखिलेश ने अपने संबोधन में आगे कहा कि हर दल को बराबरी का सम्मान मिले। हम लोग हर न्याय संगत फैसले के साथ रहेंगे। निष्कासन जैसी कार्रवाई दोबारा न हो। अखिलेश ने आगे कहा, मैं जिस सदन को छोड़कर आया हूं उस सदन की कुर्सी बहुत ऊंची है। उम्मीद है आप सत्ता पक्ष की तरह ही विपक्ष का भी सम्मान करेंगे और हमें अपनी बात रखने का मौका देंगे। बता दें, ओम बिरला एक बार फिर लोकसभा अध्यक्ष बन गए हैं। केंद्र सरकार की ओर से विपक्षी दलों के साथ सहमति बनाने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं बनी। एनडीए की ओर से ओम बिरला तो विपक्ष की ओर से के. सुरेश उम्मीदवार थे।

## बहुत ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी मोदी सरकार : दिग्विजय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विदय सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास खो चुकी मोदी सरकार बहुत ज्यादा दिनों तक नही चल सकेगी। किसान, मजदूर, नौजवान और छात्रों सहित सभी वर्ग इस सरकार से नाराज हैं। इसका असर लोकसभा चुनाव में दिख गया है।

झूठ के पुलिंदे को लेकर चल रही केंद्र सरकार बहुत कम समय की मेहमान है। दिग्विजय सिंह बुधवार को शहर के गीता निकेतन के पास आयोजित कांग्रेस इंटक की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट पेपर लीक मामला मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले से भी बड़ा मामला है। एनटीए के अध्यक्ष को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि मोदी सरकार से जब नौजवानों के रोजगार के बारे में बात करता है तो भाजपा के नेता विपक्ष के परिवारवाद का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। हकीकत यह है कि भाजपा और आरएसएस से बड़ा परिवारवादी कोई नहीं है। सरकार में आरएसएस का परिवार ही भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि यूपीए की मनमोहन सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गरीबों में अनाज वितरण की व्यवस्था लागू की थी। गरीबों को गांव में ही रोजगार मिले इसके लिए कांग्रेस मनरेगा योजना लेकर आई थी। इन योजनाओं को मोदी सरकार अपनी योजना बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। जनता हकीकत जान चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी निधन

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का बुधवार शाम निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अजय राय ने कहा कि आज काशी के लिए बहुत पीड़ादायक खबर है। काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का निधन अपूर्णनीय क्षति है। श्री राय ने कहा कि डॉ. तिवारी ने विश्वनाथ मंदिर से जुड़ी लोक परम्पराओं पर आधारित वार्षिक आयोजनों को और भव्यता प्रदान की। सावन के महीने में पूर्णिमा तिथि पर काशी विश्वनाथ के झूलनोत्सव, दीपावली के अगले दिन होने वाले अन्नकूट, बसंत पंचती पर बाबा विश्वनाथ के तिलकोत्व, महाशिवरात्रि पर विवाहोत्सव और अमला एकादशी पर बाबा के गवना के उत्सव पर काशी विश्वनाथ मंदिर के निभाई जाने वाली परम्पराओं का निर्वाह तब से अनवरत करते आ रहे थे। उन्होंने काशी की परम्परा को हमेशा जीवंत रखा। आज उनका हम काशीवासियों को छोड़ कर जाना बहुत दुखद है। बाबा विश्वनाथ उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों व शुभचिंतकों के प्रति कांग्रेस अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

### राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी निधन पर दुख व्यक्त किया

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। श्री गांधी ने स्वर्गीय तिवारी की पत्नी संजना तिवारी को भेजे शोक संदेश में कहा कि मैं जानता हूं कि परिवारजनों और विशेष रूप से आपके लिए यह पीड़ा असहनीय है और सांत्वना के शब्द पर्याप्त नहीं हैं। दुख के इन क्षणों में मैं आपके और आपके पूरे परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। विदित हो कि गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था, जबकि पत्नी और पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गयी थीं।

### पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** ऐनुल हयात ट्रस्ट की ओर से संचालित गदीर और हम क्लासेज का पुरस्कार वितरण समारोह हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में हुआ। ट्रस्ट की ओर से गदीर और हम विषयक स्पेशल क्लासेज का आयोजन शहर के अलग-अलग इलाकों में किया गया था। छोटा इमामबाड़े में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में हर केन्द्र के 5 टॉप अभ्यर्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा अलग-अलग कैटेगरी में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। तहसीनगंज स्थित इमामबाड़ा मलका जहां से तस्लीम फातिमा ने टॉप किया। इसी तरह सआदतगंज के शिया यतीमखाना केन्द्र की मरियम फातिमा, ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज स्थित मुफ्तीगंज गर्ल्स इण्टर कॉलेज से कुमैल अब्बास ने अपने केन्द्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये। इसके अलावा 80 प्रतिशत उपस्थिति वाले 11 छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। इस्लामिक अपीयरेंस में 6 लड़के और 6 लड़कियों को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट नोटबुक में 15 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। क्राफ्ट प्रतियोगिता में 27 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन ऐनुल हयात ट्रस्ट ने हैदरी एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, शोर विलायत ट्रस्ट और विलायत एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से किया गया।

### मजलिसे चेहलुम 6 जुलाई को

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** स्वर्गीय हबीब मेहदी नकवी आले गुफरानमआब के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम 6 जुलाई को आयोजित होगी। 6 जुलाई शनिवार को बाद नमाजे मगरिबैन चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा आगा बाकर में तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना इस्तिफा रजा खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के वजीरगंज कोतवाली के पास स्थित आवास बैतुस्सिराज में इसी दिन शाम 7-30 बजे होगी।

## अध्यक्ष अशफाक सैफी ने मोर्हम को लेकर लिखा पत्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने आगामी मोहर्रम को लेकर अपर मुख्य सचिव/गृह/नगर विकास/ऊर्जा से कानून-व्यवस्था, साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था कराने को लेकर पत्र लिखा है। आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने अपने पत्र में लिखा कि 17 जुलाई को मनाये जाने वाले मोहर्रम यौमे आशूरा के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था, साफ-सफाई, जगह-जगह पानी का छिड़काव और सुचारू विद्युत व्यवस्था कराई जाए। मोहर्रम पूरे प्रदेश में मनाया जाता ह। मोहर्रम में मुस्लिम समुदाय के लोग कर्बला के शहीदों की याद में जुलूस निकालते हैं, मातम करते हैं और जगह-जगह सबीलें लगाते हैं। अशफाक सैफी ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए। जुलूस के मार्ग में सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। जुलूस मार्ग में साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ ही जगह-जगह पानी का छिड़काव किया जाए। भीषण गर्मी के दृष्टिगत ताजियेदारों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी कराई जाए। मोहर्रम के अवसर पर कहीं-कहीं परम्परागत रूप से काफी ऊंचे ताजिये निकाले जाते हैं। बिजली के तारों की चपेट में आने पर हादसे की संभावना बनी रहती है। जुलूस मार्ग में आने वाले बिजली तारों को ऊंचा कर दिया जाए और जर्जर तारों को बदलने की व्यवस्था कराई जाए। पत्र में श्री सैफी ने मोहर्रम यौमे आशूरा को कर्बला जहां ताजिये दफ्न होते हैं वहां की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने को भी कहा।

### ईदे गदीर व मुबाहिला का आयोजन जून को

**लखनऊ।** ईद-ए-गदीर और ईद-ए-मुबाहिला की खुशी में जश्ने ईदे गदीर व मुबाहिला का आयोजन 30 जून को हुसैनाबाद के रईस मंजिल स्थित रौजए हजरत मुस्लिम में किया जाएगा। सल्तनते अजा की ओर से आयोजित होने वाली महफिल का आगाज 30 जून को शाम 7-30 बजे तिलावते कलामे पाक से होगा। सादिक अब्बास लखनवी के संयोजन में होने वाली महफिल को मौलाना मीसम जैदी और मौलाना हसन जहीर खिताब करेंगे। महफिल की अध्यक्षता इरम जफराबादी करेंगे जबकि संचालन मौलाना गुलरेज नकी करेंगे। महफिल में जफर नकवी किरदार, एस.एम. अस्करी, रिजवान हसन, शाहनवाज हुसैन, नोमान सीतापुरी, हुसैन अब्बास कैफी, अयान व शुएब, एजाज जैदी, वकार सुल्तानपुरी, फरीदु मुस्तफा, खुशनूद मुस्तफा, अंजुम गदीरी, अजादार हुसैन अज्मी और कम्बर नकवी अपने कलामों का नजराना बारगाहे रिसालत व इमामत में पेश करेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष के बयान को बताया संसदीय परम्पराओं के खिलाफ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के पहले निर्णय और उनके दिये पहले बयान को संसदीय परम्पराओं के खिलाफ बताया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया विभाग चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि यह बताने के लिए काफी है कि जनता के सत्ता के खिलाफ मतदान कर भारतीय जनता पार्टी को दी चेतावनी के बावजूद नरेन्द्र मोदी सहित भाजपा नेताओं का न तो अहंकार कम हुआ और न ही उनका संविधान और लोकतंत्र विरोधी इरादा ही बदला है। डॉ. राय ने कहा कि आज लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसके बाद नेता विरोधी दल राहुल गांधी सहित सभी विपक्षी नेताओं ने परम्परा का निर्वहन करते हुए ओम बिड़ला को बधाई दी और निष्पक्ष रूप से लोकसभा संचालन के लिए खुले मन से हर सहयोग का आश्वासन भी दिया। डॉ. राय ने कहा कि सदन का कायदा होता है कि पीठ पर बैठा अध्यक्ष या सभापति निर्धारित एजेण्डे के बाहर न तो एक भी शब्द बोल सकता है और न ही कोई कार्रवाई कर सकता है। उसके बावजूद ओम बिड़ला ने खुद को पार्टी बनाते हुए 50 साल पहले लगे आपातकाल को काला दिन बताते हुए दो मिनट का मौन रखवाया। आपात काल के बाद सरकार भले ही बदल गयी थी लेकिन दो साल बाद ही जनता पार्टी की सरकार को हरा जनता ने स्वर्गीया इंदिरा गांधी को भारी बहुमत देकर हर आरोप से बरी कर यह बता दिया था कि उसे आपातकाल से कोई शिकायत नहीं थी। डॉ. राय ने कहा कि यह काम कर ओम बिड़ला ने पहले ही दिन लोकसभा के अध्यक्ष पद की मर्यादा के साथ खिलवाड़ किया है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत कुलपति तिवारी का निधन



लखनऊ। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का बुधवार की शाम को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रवींद्रपुरी स्थित एक निजी अस्पताला में उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास से निकलेगी। 75 वर्षीय कुलपति तिवारी न्यूरो की बीमारी से जूझ रहे थे। 1954 में वाराणसी में ही उनका जन्म हुआ था। उधर, उनके शव को अस्पताल से टेढ़ी नीम स्थित उनके निजी आवास पर ले जाया गया। 1993 में पिता कैलाशपति तिवारी के निधन के बाद से ही वे काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत बनाए गए। तभी से विश्वनाथ मंदिर की परंपराओं का निर्वहन कर रहे थे।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने अपना 117वाँ स्थापना दिवस मनाया

- अगली पीढ़ी (जेन-नेक्स्ट) के कस्टमर्स को आकर्षित करने के लिए अलग-अलग और नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्राहक सेवा और सामुदायिक सशक्तीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, पंजाब ऐंड सिंध बैंक ने ÷इग्नाइटिंग ग्रोथ, इनोवेशन ऐंड एक्सीलेंस÷ थीम के तहत अपने 117वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए बिल्कुल नई पेशकशों की एक सीरीज़ की घोषणा की है। इन पहलों में बिल्कुल नए प्रोडक्ट्स और सर्विसेस, पीएसबी यूनिक ऐप के भीतर नई डिजिटल ऑफ़रिंग्स, नई पार्टनरशिप और सीएसआर गतिविधियाँ शामिल थीं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में पंजाब ऐंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ श्री स्वरूप कुमार साहा ने की और बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री रवि मेहरा और श्री अरुण कुमार अग्रवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जीएम, वरिष्ठ अधिकारी और बैंक के अन्य कर्मचारी सदस्य उपस्थित थे। विभिन्न नए प्रोडक्ट्स के लॉन्च के अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, पंजाब ऐंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ श्री स्वरूप कुमार साहा ने बैंक की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने के महत्व पर प्रकाश डाला क्योंकि यह अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने बैंक के व्यावसायिक क्षितिज को व्यापक बनाने में डिजिटलाइज़ेशन और आधुनिक बैंकिंग प्रैक्टिस के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने समझाया कि प्रोडक्ट्स की ये नई पहलें सकारात्मक सामाजिक प्रभाव डालने और सभी के लिए अधिक दीर्घकालिक और बेहतर भविष्य बनाने के लिए बैंक के समर्पण का प्रमाण हैं। उन्होंने बैंक के दूरदर्शी संस्थापकों को भी श्रद्धांजलि दी और बैंक की यात्रा के दौरान उनके अटूट समर्थन के लिए कस्टमर्स, कर्मचारियों और शेयरहोल्डर्स के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। नए प्रोडक्ट्स और सर्विसेस ÷नई शुरुआत÷ के तहत, बैंक ने रक्षा क्षेत्र, अग्निवीरों और अर्धसैनिक बलों (1 करोड़ रुपए के बीमा कवरेज के आकर्षक घटक के साथ एसबी वेतन प्रोडक्ट), पीएसबी रेरा प्लस चालू खाते (बिल्डरों/रियलटर्स आदि के लिए चालू खाता प्रोडक्ट) के लिए एक मोबाइल एटीएम वैन, पीएसबी गौरव बचत वेतन खाते लॉन्च किए।), पीएसबी शुभारम्भ (पीएसबी के साथ ऑन बोर्ड किए गए एमएसएमई ग्राहकों पर पहली बार सेवा शुल्क में आकर्षक छूट के साथ एक चालू खाता प्रोडक्ट)। बैंक ने महिलाओं के लिए पीएसबी पिंक डेबिट कार्ड भी पेश किया और अपनी सफ़दरजंग शाखा को एक मॉडल स्मार्ट शाखा में बदल दिया। बैंक ने अपने सर्वव्यापी चैनल पीएसबी यूनिक ऐप के ज़रिए कस्टमर-सेंट्रिक (ग्राहक-केंद्रित) डिजिटल पेशकशों की एक सीरीज़ भी लॉन्च की, जो सुरक्षित और परेशानी मुक्त बैंकिंग सर्विसेस को पक्का करने के लिए डिज़ाइन की गई है। कुछ पेशकशों में वीडियो केवाईसी, बल्क एनईएफ़टी/आरटीजीएस के ज़रिए बचत खाते खोलना, मुफ़्त सीआईसी क्रेडिट स्कोर का ऐक्सेस, आधार ओटीपी से यूएनआईसी ऐप पंजीकरण, म्यूचुअल फ़ंड, धन-तकनीक में भागीदार फ़िज़डम के ज़रिए डीमैट सर्विसेस और सुकन्या समृद्धि और पीपीएफ़ खाते खोलना शामिल हैं। बैंक ने अपने डिजिटल लेंडिंग प्लेटफ़ॉर्म ÷मारुति सुज़ुकी स्मार्ट फ़ाइनैंस÷ के ज़रिए वाहन लोन के लिए पीएसबी गौरव बचत एसबी वेतन प्रोडक्ट के तहत रक्षा और अग्निवीर के वेतन खातों के लिए भारतीय सेना के साथ समझौता ज्ञापन, मारुति सुज़ुकी इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन और अकादमिक अनुसंधान और उद्योग मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए आईआईएम अमृतसर के साथ एक समझौता भी किया। पर्यावरणीय स्थिरता के लिए बैंक की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, पंजाब ऐंड सिंध बैंक ने अपने प्रत्येक क्षेत्र में 117 पेड़ लगाए। बैंक ने समाज के वंचित और मामूली रूप से कमज़ोर वर्गों के लिए अपने सामाजिक-आर्थिक विकास के हिस्से के रूप में 117 वॉटरकूलर, 117 व्हीलचेयर और 2 ऐम्बुलेंस भी दान किए। बैंक ने अपने क्षेत्रों में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जाँच शिविर जैसी सामुदायिक विकास गतिविधियों का भी आयोजन किया। एचआरडी के जीएम श्री एसवीएम कृष्णा राव ने स्वागत भाषण दिया।

# 43 हजार करोड़ रुपये से बिजली विभाग के मॉर्डनाइजेशन की तैयारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके मॉर्डनाइजेशन के लिए सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रेजेंटेशन का अवलोकन भी किया है। इसमें राज्य के सभी 5 डिस्कॉम के लिए अलग-अलग फंड आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी। वहीं, इसके अलावा वाराणसी जिले के लिए अलग से 1309 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। प्रदेश के सभी पांच डिस्काम की बात करें तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए 8759.87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है, इसके लिए यूपी डिस्कॉम की ओर से आरईसी में डीपीआर भी सबमिट किया जा चुका है। वहीं मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए 10146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये सहित कुल 42968.55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। यही नहीं इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दे चुके हैं। साथ ही पूर्वांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक घरों के विद्युतिकरण के लिए 917 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्मार्ट डिस्ट्रिब्यूशन प्रॉसेस पर 307.70 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के अंडरग्राउंडिंग प्रक्रिया पर 513.58 करोड़ रुपए और मॉर्डनाइजेशन एवं विस्तारीकरण के लिए 488.10 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं।

# यूपीयूएमएस में पहली बार 17 वर्षीय युवती की एंडोस्कोपिक थायराइडडेक्टोमी सर्जरी हुई

■ सुपरस्पेशलिटी एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जरी विभाग द्वारा अत्याधुनिक उपचार की सुविधा अब उपलब्ध

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** यूपीयूएमएस में पहली बार सुपर स्पेशलिटी के एंडोक्रिन एंड ब्रेस्ट सर्जरी विभाग के द्वारा इटावा की रहने वाली 17 वर्षीय युवती की एंडोस्कोपिक थायरॉयडेक्टॉमी-एक्सिलरी ब्रेस्ट अप्रोच के रूप में जानी जाने वाली इस उन्नत प्रक्रिया स्कारलेस(गरदन में बिना निशान वाली सर्जरी)के तहत सर्जरी की गई।

रीना ने बताया कि (बदला हुआ नाम) पिछले कुछ महीनों से गरदन के आगे भाग में सूजन, दर्द, सांस लेने और निगलने में दिक्कत हो रही थी तो मैंने आकर सैफई मेडिकल कॉलेज में एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी विभाग के ओपीडी कैमरा नंबर जी-15 में दिखाया तब जांच में पता चला मुझे 6 महीने से दाएं तरफ एकल थाइरॉयड नोड्यूल की समस्या है और



सर्जरी की जाएगी।थोड़ी सी घबराहट हुई लेकिन डॉक्टर्स ने बताया गरदन में बगैर निशाना वाली सर्जरी की जा सकती है जिससे मैं चिंता मुक्त हुई।रीना ने बताया 8 जून को लगभग 3 घंटे तक मेरी सर्जरी चली और तीन दिन बाद मेरी छुट्टी हो गई और अब मैं फॉलोअप के लिए आई हूं और पहले से बेहतर महसूस कर रही हूं।

एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी विभाग के डॉ रिझिन सूरज ने बताया कि एकल थाइरॉयड नोड्यूल की समस्या में अक्सर गरदन के थायराइड ग्रंथि के पास गांठ व ट्यूमर होने पर खाने-पीने में दिक्कत, सूजन, अक्सर गरदन में दर्द होता है और कभी-कभी यह गांठ कैंसर में भी परिवर्तित हो जाती है इसीलिए समय रहते चिकित्सक की सलाह लें और जांच अवश्य कराएं।डॉ रिझिन ने बताया कि थाइरॉयडेक्टोमी सर्जरी से संभावित गरदन में संभावित निशान के बारे में लोग चिंतित होते हैं लेकिन एंडोस्कोपिक थायरॉयडेक्टॉमी-एक्सिलरी ब्रेस्ट अप्रोच के रूप में की जाने वाली इस उन्नत प्रक्रिया के द्वारा सर्जरी होने पर गरदन में निशान भी नहीं आता और गांठ को स्तन के पास या बगल से छोटे से चीरे को लगाकर उन्नत न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी कर गांठ को निकाल दिया जाता है।

एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जरी विभाग के डॉ गणेश भट्ट ने बताया कि कुलपति प्रो.डॉ प्रभात कुमार के निर्देशन में अंतःस्त्रावी विकारों और स्तन गांठ, दर्द, कैंसर जैसी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज संस्थान में किया जा रहा है उन्होंने कहा इस तरह की सर्जरी यदि किसी निजी चिकित्सालय में किया जाता कराई जाती तो लाखों रुपए खर्च हो जाते यहां यह सुविधा बहुत ही कम खर्चे में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद के लोगों को स्तन व अंतःस्त्रावी विकारों के उपचार के लिए शहर के बाहर नहीं जाना पड़ेगा उन्हें पूरा उपचार यहीं मिलेगा।कुलपति प्रोफेसर डॉ प्रभात कुमार सिंह, प्रतिकुलपति प्रो डॉ रमाकांत चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ एसपी सिंह ने डॉक्टर्स की टीम में डॉ.गणेश भट और डॉ. रिझिन सूरज एनेस्थीसिया टीम डॉ. मतेंद्र, डॉ. पूजा और डॉ.थमराइकन्नन और ओटी स्टाफ को सफल सर्जरी करने पर बधाई दी।

## पांच हत्यारोपी गिरफ्तार, पीट पीट कर दी गई थी एक व्यक्ति की हत्या

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को समय करीब साढ़े सात बजे अहूरी चौराहे से 20 कदम अहूरी की तरफ से वांछित अभियुक्तों प्रभु पुत्र बाल किशन उर्फ बालो निवासी बवरोद थाना अछनेरा जिला आगरा, सूरज पुत्र ऊधम सिंह निवासी नौगांव थाना छाता मथुरा, हेमंत उर्फ रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नौगांव थाना छाता मथुरा, राहुल पुत्र बच्चू सिंह निवासी नौगांव थाना छाता मथुरा, प्रदीप पुत्र कन्हैया निवासी नौगांव थाना छाता को गिरफ्तार किया गया। पांचों अभियुक्तों द्वारा 19 जून को मृतक वीरेंद्र पुत्र वीरेन्द्र निवासी तरौली जनूबी थाना छाता जिला मथुरा के साथ लाठी, डंडो से मारपीट कर हत्या की गयी थी। अभियुक्त प्रभु पुत्र बाल किशन उर्फ बालों की निशादेही से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक डंडा को बरामद किया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजय कुमार त्यागी, एसआई जगत सिंह थाना छाता, सर्विलांस प्रभारी विकास शर्मा, एसआई यूटी रोहित उज्जवल थाना छाता, एसआई यूटी साहिल हसन थाना छाता मथुरा आदि थे।

# डीएम ने ली पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की और निर्देश भी दिये कि लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में ही पूरा किया जाये। इस दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था एन सी सी जे बी एपको एग्रीमेंट में उल्लिखित प्राविधानों का उल्लंघन करने तथा कार्यों को धीमी गति से संचालित करने पर जिलाधिकारी ने जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सचिव को निर्देश दिये कि संबंधित संस्थान का स्पष्टीकरण प्राप्त करें और समय पर अवगत अवगत भी कराये।

सीडीओ ने बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था एन सी सी जे बी एपको के प्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया कि कार्यों को समय से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने लम्बित डी.पी.आर.भी पूर्ण करते हुये प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने बैठक में कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाये। उन्होंने इसके लिये नियुक्त संस्थान के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय डी0पी0आर0 में उल्लिखित समस्त मानकों पर की गयी जांच का विवरण आख्या में अवश्य दर्ज किया जाये। जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से सड़क टूटने का बहुत शिकायत प्राप्त हो हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्था एन सी सी जे बी एपको पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। सभी संस्थाओं के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा ब्लॉकवार अवश्य की जाये और उसका विवरण भी प्रस्तुत किया जाये जिससे लंबित कार्यों पर तेजी लाई जा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीन बाल श्रमिक खतरनाक काम करते मिले

**मथुरा।** शासन तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम.एल.पाल के निर्देश पर कलेक्ट्रेट से औरंगाबाद रोड टाउनशिप पर बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें 3 बाल श्रमिक खतरनाक प्रक्रिया में काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर ही नोटिस जारी किया गया। इन बच्चों का का वैध आयु प्रमाण पत्र न होने पर आयु निर्धारण हेतु सी.एम.ओ के सामने प्रस्तुत किया गया। आयु निर्धारण के उपरांत उन्हें सुरक्षा व संरक्षा हेतु सी.डब्ल्यू.सी के अध्यक्ष राजेश दीक्षित के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस.पी. पांडेय, श्रीमती नीलम, प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह, चाइल्ड लाइन से विरेंद्र, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।। सहायक आयुक्त श्रम एमएल पाल ने बताया कि 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चे से कार्य करने पर कानून रुपए 50 हजार रुपये तक जुर्माने अथवा 3 साल तक जेल अथवा दोनों सजा का प्राविधान है।

# चुनाव के बाद डी.बी.ए. उपाध्यक्ष शशिबाला ने डी एम व एस.एस.पी. से की शिष्टाचार भेंट



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ज़िला बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष शशिवाला चतुर्वेदी एडवोकेट के नेतृत्व में महिला अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने ज़िलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार मुलाकात की और परस्पर शुभकामनाएं दीं।

ज़िला बार एसोसिएशन के चुनाव को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए ज़िला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष शशिवाला चतुर्वेदी एडवोकेट ने बुधवार को ज़िलाधिकारी अवनीश कुमार राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा को महिला अधिवक्ताओं के साथ बुके भेंट कर धन्यवाद दिया। उपाध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि हम प्रशासन के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण से सामंजस्य बैठाकर अधिवक्ताओं के साथ-साथ जनहित के कार्य प्राथमिकता से करेंगे ज़िलाधिकारी और एस.एस.पी.ने शशिवाला को डीबीए उपाध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपनी टीम के साथ महिलाओं, पीड़तो और वंचित वर्ग की आवाज को विधि सम्मत तरीके से समाधान कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करेंगी। अधिवक्ता निधि पाल ने कहा कि प्रशासन महिला अधिवक्ताओं के द्वारा जनहित में उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता से निराकरण करें। रीना यादव एडवोकेट ने कहा कि हम मिल जुलकर सामाजिक कार्य करते हुए महिला अधिवक्ताओं की एक अलग पहचान बनायेंगे। इस अवसर पर सुनीता वर्मा एडवोकेट नोटरी, शारदा शाक्य एडवोकेट, सुनीता राजपूत एडवोकेट, मनोरमा मिश्रा एडवोकेट, साधना सिंह एडवोकेट, वीनू चौधरी एडवोकेट, सेवाश्रम मंत्री मोनिका अग्निहोत्री, सेवाश्रम कोषाध्यक्ष प्राची सक्सेना, रश्मि पाल आदि प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित रही।

## आकाशीय बिजली गिरने से खेत में धान की रोपाई कर रही महिला की मौत

**सम्भल।** खेत की रोपाई कर रही महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी जिससे चार बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया।

बुधवार को थाना थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम ततारपुर संदल निवासी नरेश कुमार की पत्नी मालती देवी खेत में धान की रोपाई कर रही थी। बारिश में कडकडाती बिजली मालती देवी के उपर गिर गयी जिससे वह काफी झुलस गयी। बिजली गिरने से मालती देवी खेत में ही अचेत अवस्था में हो गयी। परिजनों ने मालती देवी को चिकित्सक को दिखाया जहां पर उसको मृत घोषित कर दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस तथा राजस्व टीम ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। मालती देवी की आकस्मिक मौत से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# बाबू राम मोहन बीकॉम की धूमधाम से मनाई गयी 108वीं जयन्ती

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौसी(सम्भल)।** श्रीराम मोहन सेवा आश्रम (रजि.) चन्दौसी के तत्वाधान में नगर के प्रथम स्नातक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, इतिहासकार, साहित्यकार, पत्रकार एवं आर्य समाजी नेता साहित्यभूषण बाबू राममोहन बीकॉम की 108वी जयंती बैंक रोड स्थित आर्य समाज मे वैदिक विधि-विधान से मनाई गई ।सर्वप्रथम पुरोहित अशोक शर्मा ने विश्वशांति एवम उनकी याद में यज्ञ हवन किया।तदुपरांत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की सदस्य श्रीमति नमिता दुबे ने बाबू राममोहन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धान्जलि दी तथा उन्होंने कहा बाबू राममोहन बीकॉम विभिन्न उपलब्धियां के साथ राष्ट्र एवं समाज को समर्पित रहे ।उनकी शिक्षा एवम सेवा कार्य आज भी हम सभी याद कर रहे हैं, ऐसे महापुरुष के आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है।सौभाग्यशाली है उनके सुपुत्र और सुपौत्र जो हर जन्म दिवस पर उनको याद करते है। श्रीराम मोहन सेवा आश्रम के अध्यक्ष डॉ तुमुल विजय शास्त्री ने बताया बाबूजी का जन्म 26 जून 1915 को चंदौसी के महाजन मोहल्ला स्थित नीम के तले लक्ष्मण दास के घर मे हुआ। वह राष्ट्र एवम शिक्षा प्रति हमेशा जागरूक एवम लगनशील रहे। जब चंदौसी में स्नातक की सुविधा नहीं थी तब कानपुर विश्वविद्यालय से 1941 में उन्होंने बीकॉम की परीक्षा पास की। उन्होंने आजादी के बाद कांग्रेस छोड़कर जनसंघ की सदस्यता ली।सामाजिक कार्यकर्ता डॉ टीएस पाल ने कहा बाबू राममोहन बीकॉम खादी प्रेमी थे उन्होंने खादी कपड़ों के साथ जूते एवम बेल्ट भी कपड़े के ही उपयोग किये।स्वतंत्रता आंदोलन में 1930 में भाग लिया। इसके लिए इनको 1 वर्ष का कठोर कारावास हुआ ।इनको मुरादाबाद कारागार में रखा गया।आर्य समाज से हमेशा जुड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध श्रीमती कमलेश गांधी ने तथा संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया।इस दौरान पर्यावरणविद कृष्ण कुमार, विश्व विजय एडवोकेट, डॉ योगेंद्र मोहन शास्त्री, योगेंद्र कुमार शर्मा, हरीश कठैरिया, त्रिमोहन सिंह, क्षेम प्रकाश, विकास मिश्रा, चुनमुन गुप्ता, कृष्णगोपाल गुप्ता, चंद्रप्रकाश, महेश चंद्र शर्मा, सुभाषचंद्र भोलेनाथ, बृज नंदन शर्मा, शशि प्रभा, आरती, बीना देवी आदि उपस्थित रहे।

## राजेन्द्र पैंसिया बने सम्भल के नए डीएम, संभाला चार्ज

**सम्भल।** मनीष बंसल का सहारपुर तबादला होने के बाद सम्भल में नवनियुक्त जिलाधिकारी ने कोषागार कार्यालय पहुंचकर चार्ज संभाल लिया। इसके बाद पुरानी तहसील परिसर में डीएम ने पौधा भी लगाया। जनपद सम्भल से डीएम मनीष बंसल का सहारनपुर जिले में तबादला हो गया। शासन ने सम्भल जिले में राजेन्द्र पैंसिया की नियुक्ति कर दी। बुधवार नवनियुक्त जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया ने पुरानी तहसील परिसर स्थित मुख्य कोषागार पहुंचकर चार्ज संभाल लिया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि सरकार की नीतियों केक अनुरूप् जनता की सेवा करना उनका प्रमुख मकसद होगा। चार्ज संभालने के बाद जिलाधिकारी ने पुरानी तहसील परिसर में एक पौधा भी लगाया जिसमें पानी तथा मिटटी उन्होने स्वंय अपने हाथों से डाली।

# बिजली विभाग की लापरवाही आई सामने

**अवधनामा संवाददाता**

■ जैई को अवगत कराने के बावजूद भी नहीं हुई कोई सुनवाई

**मथुरा।** मामला नैनू पटट्टी की ग्राम पंचायत नगला जंगली का है जहां पिछले करीब चार दिन से लाइट का पोल टूट कर केविल व पेड़ के सहारे टिका हुआ है लेकिन बिजली विभाग के जैई व कर्मचारीयों को अवगत कराने के बावजूद सही करने को किसी के कान पर जूं तक नहीं रेग रही। जानकारी के अनुसार सौंख से 2 किलोमीटर दूरी पर नैनू पट्टी की ग्राम पंचायत नगला जंगली में 24 तारीख की शाँम को आए आंधी बारिश मै नीचे से खम्मा टूट के केविल और पेड़ के सहारे टिका हुआ है वरना कोई बड़ा हादसा होने की आशंका होसकती थी इसके बावजूद ग्रामीणों ने जैई सौंख को अवगत कराया उन्होंने फोटो मांगे फोटो भेजने के बावजूद भी आज तक खम्मा जस की तस् हैं। क्या बिजली विभाग कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या ग्रामीणों की बात को नजरअंदाज कर रहे हैं ये लापरवाही क्यों इसे क्या कहें ऐसे कर्मचारीयों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए एवं शासन प्रशासन को अपने संज्ञान में लेना चाहिए जिससे ग्रामीणों के जीवन यापन मैं कोई दिक्कत ना आए। जब कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त आदेश है कि जहां कहीं भी लाइट की कोई अगर परेशानी होती है तो उसको तत्काल ठीक किया जाए इसके बावजूद भी बिजली विभाग के अफसर अपनी तानाशाही रवैया को नहीं बदल रहे हैं या तो वह कहीं ना कहीं सरकार की नीतियों से अवगत नहीं है या वह अपनी तानाशाही समझ कर सरकार की नीतियों को अनसुना कर रहे हैं जो सरकार की नीति है उनको जनता तक पहुंचने नहीं देते ऐसे अफरों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिससे ग्रामीण अंचल में रह रहे लोगों को भी यह समझ आए कि मुख्यमंत्री के आदेश हर समाज हर वर्ग के लिए एक समान है।

जल्द इस समस्या का समाधान के लिये गांव नगला जंगली के लोगों ने एसडीम नीलम श्रीवास्तव के समक्ष लिखित में इस समस्या को उठाने की मांग की है इस मौके पर मोतीराम नेता, चरणसिंह, सुखदेव, तूहीराम, रनवीर, शंकर, सुंदरकोली, बाबूलाल सदस्य, दमोदर पंडित, किशन सिंह पटवारी, नरेंद्र, रामवीर, सियाराम दूधिया, सत्येंद्र, घनश्याम, लाल सिंह, हरेश, विजयपाल, माधव, बाबा मंदिर वाले आदि लोग मौजूद रहें।

## मरीज व उसके बेटे से अभद्रता करने वाला डाक्टर नपा

**मथुरा।** गोवर्धन सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र पर विगत दिवस मरीज और तीमारदार से डाक्टर द्वारा अभद्रता करने के प्रकरण को सीएमओ ने गंभीरता से लिया है। इस प्रकरण में सीएमओ डॉ. एके वर्मा द्वारा संबंधित चिकित्सक डॉ. ललित कुमार का स्थानांतरण करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। गोवर्धन पीएचसी पर तैनात एक चिकित्सक ने वहां इलाज को अपने बेटे के साथ आई एक महिला के साथ मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो वायरल होने पर सीएमओ ने घटना की जांच के लिए एक कमेटी को एसीएमओ व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अनुज कुमार व एसीएमओ अशोक कुमार को सीएचसी गोवर्धन भेजा। इसकी जांच रिपोर्ट आने पर सीएमओ डॉ. एके वर्मा ने कार्यवाही करते हुए आरोपी डाक्टर का स्थानांतरण बल्देव सीएचसी के लिए कर दिया। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

# हाईवे पर बाइक सवारों ने युवक को मारी गोली, मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बेखौफ बदमाशों ने दिल्ली आगरा हाइवे पर एक व्यक्ति को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। पेप्सी कंपनी से दो लोग ड्यूटी कर लौट रहे थे। वह छाता की ओर जा रहे थे। छाता कस्बे से करीब 500 मीटर दूर दो बाइकर्स ने मोटरसाइकिल का पीछा कर पीछे बैठे व्यक्ति प्रेम चौधरी निवासी सींगु थोक छाता को सिर पर सटा कर गोली मार दी। इसके बाद बाइकर्स मौके से भाग निकले। पुलिस ने घायल प्रेम चौधरी को केडी हॉस्पिटल ले जाया गया। हास्पिटल पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवारों ने गोली मारी थी वह थाना कोतवाली की तरफ भागे थे। कोतवाली पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि रात लगभग सवा दस बजे एक व्यक्ति जिनका नाम प्रेम सिंह था वह फैक्ट्री से काम कर अपने साथियों के साथ लौट रहे थे। ये मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे हुए थे। इनका साथी मोटरसाइकिल चला रहा था। जो व्यक्ति मोटरसाइकिल चला रहा था उनका कहना है कि पीछे से दो मोटरसाइकिल पर दो लोग आये छाता कस्बे से लगभग 500 मीटर पहले उन्होंने घटना को अंजाम दिया। दोनों बाइकसवारों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। उन्होंने पीछे बैठे प्रेम सिंह को सिर में सटाकर गोली मार दी। उसके बाद साथी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि उनके द्वारा घटना का निरीक्षण किया गया है और परिजनों से बात की गई है। कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। घटना के पीछे के कारणों के बारे में पता लागया जा रहा है। हमारी कई टीमें इस घटना के अनावरण में लग गई हैं। जो आसपास के कैमरे देख रही है और आसपास के लोगों से भी बातचीत कर रही है। स्थानीय लोगों से भी जानकारी की जा रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# जीवन का कटु सत्य देख अवाक रह गए दर्शक

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से उल्लास बाल पर्व 2024 के अन्तर्गत यायावर रंगमण्डल द्वारा आयोजित नाट्य कार्यशाला में तैयार प्रस्तुतियां मोहम्मद हफ़ीज़ के निर्देशन में ज्योतिष का चमत्कार तथा थैंक यू बच्चों नाटक का मंचन संगीत नाटक अकादमी में सफल मंचन हुआ।

नाटक में संजय अपने दोस्तों के साथ रामलीला में होने वाले नाटक की रिहर्सल में जुटा हुआ है। इसी बीच संजय के दादा जी की तबियत खराब हो जाती है। और एक सड़क छाप ज्योतिष दादा जी को बता देता है कि उनकी जीवन लीला बहत ही जल्द समाप्त होने वाली है। दादा जी को ज्योतिष विद्या पर अटूट विश्वास है। इसीलिए वह उस सड़क छाप ज्योतिषी की बातों को सच मान बैठते है। यह बात जब संजय के दोस्त रमेश को मालूम होती है तो वह संजय के साथ मिलकर एक नाटक रचता है और वह खुद एक ज्योतिषी बाबा का भेष बनाकर दादा जी के पास आता है। फिर वह दादा जी को अपनी बातों से वशीभूत कर उनको बताता है कि आपकी उम्र बहत लम्बी है आप सौ वर्षो तक जियेंगे। दादा जी उसकी बातों से प्रसन्न हो उठते है और अपने आप को बिल्कुल भलाचंगा महसूस करने लगते है। फिर रमेश अपने दोस्तों के साथ अपना राज खोलता है, और तब दादा को इस बात का अहसास होता है कि हमें सड़क छाप ज्योतिषियों और बाबाओं केचक्कर में नही पड़ना चाहिए और अपने जीवन में अन्धविश्वास को जगह नहीं देनी चाहिए। नाटक में अभिनव सिंह, आदित्य सिंह, अनमोल मित्तल ने मुख्य भूमिका निभाई।

यायावर रंगमण्डल द्वारा आयोजित दूसरे नाटक थैंक यू बच्चों में लेखन कार्यशाला में लेखन की प्रक्रिया से होते हुए बच्चो ने नाटक लिखा तथा उसमें अभिनय भी किया जिसमें दिखाया कि दादी जी रिया और यश को बहुत प्यार करती है, और उन्हें अच्छी बातों की शिक्षा देती रहती हैं। वहीं दूसरी ओर रिया और यश की मम्मी (मान्यता) दादी जी से अच्छा व्यवहार नहीं करती हैं। उनके खिलाफ अपने पति (रोहित)के कान भरती रहती हैं।

## ट्यूबबैलों के बिजली बिल जमा करने पर विभाग दे रहा ब्याज में छूट

**गोवर्धन (मथुरा)।** खेती करने वाले किसानों के ट्यूबवेल पर इस समय विद्युत विभाग में लाभकारी योजना चल रही है। एसडीओ गोवर्धन देवेंद्र तिवारी ने बताया कि 2023 तक बकाया किसानों के बिजली ट्यूबवेल बिल पर एक मुश्त जमा करने पर 100 प्रतिशत छूट ब्याज पर दी जा रही है। तीन किस्त बनवाकर जमा करने पर 90 प्रतिशत व 6 किस्त में जमा करने पर 80 प्रतिशत छूट दी जा रही है। एक मुस्त वाली योजना 30 जून तक है। इसके लिए उपभोक्ता को 30 जून तक रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। जिन किसानों ने जमा कर दिया है और सरकार की फ्री योजना पाने के लिए उनको भी रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। एसडीओ देवेंद्र तिवारी ने आगे बताया की मुड़िया पूनौ मेला पर श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को दिक्कत ना हो उसके लिए खास व्यवस्था की जा रही है। लाइनों को सही कराया जा रहा है। 5 किलोमीटर की बंच बदली जा चुकी है। 33 केवी में छह नए पोल लगाए गए हैं। 33 केवी का नया ब्रेकर गोवर्धन पर स्थापित किया है। परिक्रमा के लिए आगामी 30 जून तक नया फीडर चंद्र सरोवर महमदपुर से शुरू हो जाएगा।

# सम्भल से दिल्ली तक सरपट दौड़ रहे बेलगाम अवैध डग्गामार वाहन



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** सम्भल जनपद में डग्गामार वाहनों के लिए कानून कोई नियम नहीं है यहां पर सिस्टम पूर्ण तरह बिगड़ा हुआ है। हर जगह पैसों का खेल है।

यही वजह है कि संभल जिले से सैकड़ों संख्या में अंधाधुंध निजी बसें दिल्ली के लिए दौड़ रही है इन डग्गामार वाहनों पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान तो है लेकिन उनकी सेटिंग ऐसी है कि उन पर कार्यवाही अमल में बुशमुकिल लाई जाती है। ऐसे में आए दिन हादसों किस संख्या भी बढ़ रही है। सम्भल जिले चौधरी सराय चौराहे से रोजाना डग्गामार वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मानक के अनुरूप यह डग्गामार वाहन लोगों की जान से खेल रहे है। कम पैसों के लालच में आकर भी ग्राहक सफर तय करते है तो वह आए दिन हादसों का सबक बन जाते है। खास बात यह है कि यह सब खेल अफसरों की सांठगांठ से चल रहा है। महीना होने पर यह डग्गामार वाहन जगह जगह घूस भी बाटते है। कार्यवाही के लिए इतने कम परेशान होना पड़ता है। जिम्मेदार विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा इन अवैध रूप से दौड रहे वाहनों पर अंकुश लगाना चाहिए।

## स्वर्णकार समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन

**मथुरा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसो. के द्वारा अलीगढ़ में परिचय सम्मेलन,वृद्ध जन सम्मान समारोह व मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर समाज के वृद्ध लोगों,मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।साथ ही परिचय सम्मेलन के माध्यम से जोड़े भी बने। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों के स्वजातीय बंधुओं ने भी भाग लिया।जो भी जोड़े बने हैं उनकी शादियां 8 दिसंबर को आगरा में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में कराई जाएंगी। श्री वर्मा ने बताया कि परिचय सम्मेलन आज के समय में समाज की महती आवश्यकता बनते जा रहे हैं, ऐसे परिचय सम्मेलन में वर-वधू का चयन आसान तरीके से हो जाता है। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा ने सभी पदाधिकारियों से 8 दिसंबर को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों में जुटने का आव्हान किया। कार्यक्रम में मथुरा जनपद से युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञान सिंह वर्मा राया, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश वर्मा, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, दिनेश वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, राकेश वर्मा बेरी वाले, सोनू वर्मा, बॉबी वर्मा, भगवती वर्मा, आदि ने भाग लिया।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार के विरूद्ध भाकियू चढ़ूनी का प्रदर्शन 1 को

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मनरेगा योजना में मांट ब्लॉक में भ्रष्टाचार के दोषियों के विरूद्ध अभी तक कार्यवाही नहीं होने से भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। अब यूनियन के पदाधिकारियों ने जांच के 15 दिन बाद भी दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई ना होने पर एक जुलाई को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन ब्लाक कार्यालय पर करेंगे।

बतादें कि भाकियू चढ़ूनी के तहसील अध्यक्ष चरण सिंह द्वारा लोकायुक्त से मनरेगा योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक शिकायत की गई थी। जिसमें लिखा था कि ग्राम पंचायत बिबावली तहसील मांट के ग्राम प्रधान जय प्रकाश उर्फ जयंती द्वारा अपने ही परिवार के नाबालिगों के फर्जी वोटर आईडी बनवाकर ब एससी जाति दर्शाकर मनरेगा जॉब कार्ड बनवा लिए जबाकि शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर वह दोनों नाबालिंग हैं। 11 जून को लोकायुक्त के आदेश पर एक जांच टीम ग्राम पंचायत भवन में जांच करने आई थी। जिसमें उन्हीं अधिकारी कर्मचारियों को जांच करने के लिए नियुक्त किया गया जिनकी शिकायत की गई थी। जांच टीम के सामने ही गांव प्रधान के समर्थकों ने शिकायत कर्ताओं के साथ मारपीट कर दी। वहीं जिला प्रशासन ने जांच के नाम पर लीपापोती कर दी। यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, जिला अध्यक्ष संजय पराशर, ने कार्यकर्ताओं को इस धरना प्रदर्शन अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया।

## प्रधानमन्त्री आवास योजना के नौ वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थियों को किया सम्मानित

**बहजोई(सम्भल)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा ) मुख्यालय में निदेशक सूडा की उपस्थिति में 9 साल बेमिसाल नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कई लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही साथ निदेशक के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपदों को सम्मानित भी किया गया जिसमे सम्भल जनपद को प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए निदेशक के द्वारा सम्भल के डिप्टी कलेक्टर /परियोजना अधिकारी दीपक कुमार चौधरी तथा सीएलटीसी शुशांत गोरेन को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

# टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बदला चुकता करने उतरेगा भारत

आक्रामक बल्लेबाजी रवैये के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैये को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है। प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है।

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने प्रतियोगिता की शुरुआत में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया। भारत ने सुपर आठ चरण में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल के अत्यधिक दबाव में सहज गलतियां हो जाती हैं। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद करेगा जिन्होंने अपने उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। इसके विपरीत उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित ने निडर क्रिकेट के मामले में अन्य बल्लेबाजों के लिए मानक स्थापित किया है।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 41 गेंद में 92 रन की धमाकेदार पारी को आने वाले कुछ समय तक आसानी से भुलाया नहीं जा सकेगा। रोहित और कोहली दोनों के लिए यह शायद भारत की जर्सी में टी20 विश्व खिताब जीतने का आखिरी मौका है और दोनों अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी स्पष्ट था। शिवम दुबे ने मध्यक्रम में उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नहीं की है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह चतुर लेग स्पिनर राशिद के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। भारत के इस मैच में बिना किसी बदलाव के उतरने की संभावना है। हालांकि टीम के पास लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जो इंग्लैंड के फिल सॉल्ट, जोस बटलर, हैरी ब्रूक और जॉनी बेयरस्टो जैसे दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उपयोगी साबित हो सकते हैं। चहल को इस प्रतियोगिता में अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है और आगे भी ऐसा ही रहने की उम्मीद है क्योंकि भारत के रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी को ही मौका देने की उम्मीद है। कुलदीप सुपर आठ में टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए। जसप्रीत बुमराह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं और इंग्लैंड को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए कुछ खास करना होगा। हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया है और टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने की उम्मीद होगी। दूसरी ओर इंग्लैंड का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा। वे सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से हार गए लेकिन फिर उन्होंने चीजें बदल दी। कप्तान बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में रन बनाए और भारतीय आक्रमण से परिचित होने के कारण वह मैच का रुख बदलने वाली पारी खेलने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी खेल को विरोधी टीम से दूर ले जा सकते हैं और भारत को उन्हें पावरप्ले में आउट करना होगा। जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से अधिक रन की उम्मीद है। मोईन की ऑफ स्पिन भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उपयोगी हो सकती है। लेग और ऑफ स्पिन दोनों करने वाले लियाम लिविंगस्टोन भी अपने कोटे के पूरे ओवर फेंक सकते हैं जैसा कि उन्होंने अमेरिका के खिलाफ किया था। रशिद के चार ओवर भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले में निर्णायक साबित हो सकते हैं। चोट से वापसी के बाद अपनी पहली बड़ी प्रतियोगिता में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अब तक सात मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह नई गेंद से रोहित और कोहली को परेशान करने के लिए खुद को तैयार करेंगे। पिछले मैच में हैट्रिक लेने के बाद क्रिस जोर्डन का आत्मविश्वास भी सातवें आसमान पर होगा। सेमीफाइनल से पहले और मैच के दिन बारिश की संभावना को देखते हुए खेल प्रभावित हो सकता है।

### *टीम इस प्रकार हैं*

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड।

# सेमीफाइनल से पहले पूर्व दिग्गज पॉल कॉलिंगवुड ने की बड़ी भविष्याणी, इंग्लैंड को दी चेतावनी




भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाना है। दोनों टीमों की गुयाना के मैदान पर भारतीय समयानुसार रात 8 बजे भिड़ंत होगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 वर्ल्डकप 2022 में भी सेमीफाइनल खेला गया था जिसमें भारतीय टीम को 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी। हालांकि, मौजूदा टूर्नामेंट में भारत के तेवर अलग रहे हैं। लेकिन इस मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज पॉल कॉलिंगवुड ने बड़ी भविष्यवाणी की है। दरअसल, स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो पर कॉलिंगवुड ने कहा कि, पिछली योजना भारत पर शुरू से ही आक्रामक तरीके से हमला करने की थी। हालांकि, भारतीय टीम जैसी टीम उस रणनीति से हैरा नहीं हो सकती। 2022 में जब भारत ने पहले बल्लेबाजी की तो हमें पता था कि हम उन्हें रोक सकते हैं। उस समय भारत रूढ़िवादी तरीके से खेला, खासकर शुरुआती 10 ओवरों में और फिर बाद में बराबरी करने की कोशिश की। साथ ही उन्होंने कहा कि, लेकिन भारत का दृष्टिकोण बदल गया है। वे समझते हैं कि इस रणनीति से वर्ल्ड कप नहीं जीता जा सकता। उन्हें जोखिण उठाने, बहादुर होने और खुलकर खेलने की जरूरत है। इसके साथ ही कॉलिंगवुड ने इंग्लैंड टीम को चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि, अगर उसने असाधारण प्रदर्शन नहीं किया तो भारत को रोकना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि पेसर जसप्रीत बुमराह की चुनौती कठिन होगी।

# इतनी जल्दी गेंद नहीं होती रिवर्स स्विंग, इंजमाम-उल-हक ने टीम इंडिया पर लगाया बड़ा आरोप

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने मौजूदा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल सुपर 8 मुकाबले के बाद भारतीय टीम पर गंभीर आरोप लगाए। इंजमाम ने आरोप लगाया कि पारी के 15वें ओवर में रिवर्स स्विंग के लिए गेंद बनाई गई थी, जिसे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने फेंका था। अर्शदीप, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट में भारत के लिए जबरदस्त प्रदर्शन किया है, प्रतियोगिता में पहले ही 15 विकेट अपने नाम कर चुके हैं और अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

इंजमाम ने न्यूज 24 पाकिस्तान पर भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच की समीक्षा के दौरान ये बात कही। जिस पर पैनल के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर सलीम मलिक भी सहमत हुए। उन्होंने कहा कि 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह को रिवर्स स्विंग मिल रही थी। अंपायरों को सावधान रहना चाहिए क्योंकि गेंद



15वें ओवर से ही रिवर्स स्विंग करने लगी थी, जिसका मतलब था कि 12वें-13वें ओवर तक गेंद तैयार हो रही थी। उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि अगर ये पाकिस्तान ने किया होता तो हंगामा मच जाता। हम जानते हैं कि रिवर्स स्विंग क्या है। और अगर अर्शदीप जैसे किसी को 15वें ओवर में रिवर्स स्विंग मिल रही है, तो इसका मतलब है कि गेंद पर कुछ गंभीर काम किया गया है।

मलिक ने स्पष्ट रूप से गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि वह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान से कह रहे थे कि अगर उनके हाथ में कुछ है तो नजदीकी क्षेत्ररक्षकों को देखते रहें। इंजमाम ने कहा कि उन्हें भी यही बात समझ में आती अगर जसप्रित बुमरा को उनके एक्शन के कारण इतनी स्विंग मिल रही होती लेकिन अर्शदीप को नहीं। इससे पहले टूर्नामेंट में, दक्षिण अफ्रीका-यूएसए के पूर्व क्रिकेटर रस्टी थेरॉन ने सह-मेजबानों के खिलाफ खेल के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट क्रिकेट और हारिस राउफ पर बेईमानी का आरोप लगाया था, जिसमें वे हार गए थे और अंततः ग्रुप चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

## ओलंपिक स्थान के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे भारतीय एथलीट

ओलंपिक भाला फेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष ट्रैक और फील्ड एथलीट गुरुवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप के दौरान पेरिस ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। यह चार दिवसीय चैम्पियनशिप आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगी। सात जुलाई को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में बहुत कम दिन बचे हैं तो चोपड़ा पंचकुला में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में हिस्सा लिया था और स्वर्ण पदक जीता था। पिछले महीने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने यह स्पष्ट कर दिया था कि पेरिस ओलंपिक के लिए चुने जाने के लिए चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा।

# हंसते-हंसते आंखों में आंसू आ गए बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की बड़ी जीत पर बोले मिचेल मार्श

पिछले साल की वनडे चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम इस बार टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाई। उन्हें सुपर-8 में अफगानिस्तान के खिलाफ बड़े उलटफेर का शिकार होना पड़ा। इसके बाद भारत के खिलाफ मैच में मिली हार से उनका सफर खत्म हो गया। हालांकि, टीम की उम्मीदें अफगानिस्तान और बांग्लादेश मैच पर टिकी थीं, जिसे अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर पूरी तरह से खत्म कर दिया। इतिहास में पहली बार अफगानिस्तान टीम टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं अफगानिस्तान टीम की जीत के बाद कंगारू टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि वह अफगानिस्तान और बांग्लादेश का मैच देखते हुए इतना हंसे की उनकी आंखों से आंसू आ गए। बता दें कि, मार्श ने एक बयान में



अफगानिस्तान के गुलबद्दीन नाइब की हैमस्ट्रिंग वाक्ये को लेकर दिया। उन्होंने कहा कि, हंसते-हंसते मेरी आंखों से आंसू आ गए। मैच पर इसका असर नहीं हुआ तो अब हम हंस सकते हैं। पर सचमुछ वह बहुत हंसाने वाला वाक्या था। ये शानदार था। हालांकि, भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने गुलबद्दीन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि, गुलबद्दीन गिर गए थे। सबने कहा कि उन्हें सजा दी जानी चाहिए। ऐसा क्यों? वह शख्स अपने देश के लिए खेल रहा है, वर्ल्ड कप जीतने की कोशिश कर रहा है। अफगानिस्तान में बहुत उम्मीदे हैं। वह एक-दूसरे के लिए खेल रहे हैं। हम हजार चीजे कह सकते हैं, क्या भारतीय खिलाड़ी एक-दूसरे के लिए नहीं खेलते, अपने देश के लिए नहीं खेलते बिलकुल खेलते हैं। लेकिन इस समय अफगानिस्तान के खिलाड़ी जिस तरह एक-दूसरे के लिए खेल रहे हैं, मैंने वैसा पहले कभी नहीं देखा।

फिलहाल, बताते चले कि अफगानिस्तान और बांग्लादेश मैच में बारिश ने खलल होने वाला था। बांग्लादेश की बल्लेबाजी के दौरान राशिद 12वां ओवर फेंकने आए तो बारिश लगभग शुरू हो गई थी। उस समय के स्कोर के अनुसार अफगानिस्तान दो रन आगे था, राशिद के ओवर की चौथी गेंद के बाद अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रोट ने मैच को स्लो करने का इशारा किया ताकी अगर मैच आगे न हो सके तो उन्हें फायदा होगा। कोच का इशारा देखते हुए गुलबद्दीन अचानक जमीन पर गिर गए और कहा कि उन्हें हैमस्ट्रिंग आ गई है। इसी कारण मैच को कुछ देर के लिए रोका गया। हालांकि, बारिश के बाद फिर से मैच शुरू हुआ और अफगानिस्तान ने जीत दर्ज कर ली। वहीं गुलबद्दीन को इसके लिए कुछ लोग ट्रोल कर रह हैं तो कुछ इनकी तारीफ भी कर रहे हैं।

# इश्कजादे एक्टर अर्जुन कपूर पर फिल्माए गए मशहूर गाने

अर्जुन कपूर आज यानी 26 जून, 2024 को 39 साल के हो गए। एक्टर ने अपने खास दिन को मुंबई के जुहू स्थित अपने घर पर अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ मनाया। बर्थडे पार्टी में जान्हवी कपूर, वरुण धवन और आदित्य रॉय कपूर समेत कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज शामिल हुए। अगर आप अर्जुन कपूर के बहुत बड़े फैन हैं, तो हमने उनकी मशहूर बॉलीवुड फिल्मों से उन पर फिल्माए गए गानों की एक लिस्ट तैयार की है। नीचे उन्हें देखें।

यह रोमांटिक गाना 2014 की फिल्म 2 स्टेट्स का है। गाने के म्यूजिक वीडियो में अर्जुन और आलिया भट्ट हैं। इसे मशहूर संगीतकार शंकर एहसान लॉय ने कंपोज किया है और अरिजीत सिंह और चनमयी ने गाया है।



मस्त मगन रिलीज होने के तुरंत बाद ही चार्टबस्टर बन गया और कई हफ्तों तक चार्ट में सबसे ऊपर रहा।

गुंडे का संगीत एल्बम 2014 के सबसे सफल संगीत एल्बमों में से एक था। तूने मारी एंट्रियाँ के एक गाने ने भारत में कई प्लेटफ़ॉर्म पर विभिन्न चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गाने को इरशाद कामिल ने लिखा था जबकि इसका बंगाली संस्करण बप्पी लाहिड़ी और गौतम सुस्मित ने लिखा था।

यह गाना 2017 की रोमांटिक ड्रामा फ़िल्म हाफ़ गर्लफ्रेंड से है। यह गाना अर्जुन और श्रद्धा कपूर पर फ़िल्माया गया है और इसे अरिजीत सिंह और शशा तिरुपति ने गाया है। ट्रैक का संगीत मिथुन ने तैयार किया है और बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। रिप्राइज़ वर्शन को अरिजीत सिंह ने गाया है जिसका नाम पल भर (चाहूँगा रिप्राइज़) है। एक और फीमेल वर्शन भी है, फिर भी तुमको चाहूँगी जिसे श्रद्धा कपूर ने गाया है।

यह गाना अर्जुन कपूर की बतौर अभिनेता पहली फिल्म इश्कजादे से है। इस जोशीले गाने में वह और गौहर खान हैं। सुनिधि चौहान और विशाल ददलानी ने इस गाने को अपनी आवाज़ दी है। छोकरा जवान ने कई पुरस्कार भी जीते हैं।

यह गाना 2016 में रिलीज़ हुई फिल्म की एंड का से है, जिसमें अर्जुन और करीना कपूर खान ने अभिनय किया है। इस गाने को जैज़ धामी, यो यो हनी सिंह और अदिति सिंह शर्मा ने अपनी आवाज़ दी है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने ज़हीर इकबाल के साथ अपने अंतर-धार्मिक विवाह पर टिप्पणी करने वाले ट्रोल्स को चुप करा दिया

बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा सोनाक्षी सिन्हा अब आधिकारिक रूप से विवाहित हैं। उन्होंने इस महीने अभिनेता ज़हीर इकबाल के साथ अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शादी की। सेलिब्रिटी जोड़े की शादी पिछले कुछ हफ़्तों से चर्चा में है और अभी भी सोशल मीडिया पर सबसे ज़्यादा ट्रेंड कर रही है। इस जोड़ी को फ़िल्म जगत के दोस्तों और दुनिया भर के प्रशंसकों से बधाई संदेश मिल रहे हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने ज़हीर के साथ अपने अंतर-धार्मिक विवाह के लिए सोनाक्षी को ट्रोल किया।

हालांकि सोनाक्षी ने सार्वजनिक बयान के ज़रिए ट्रोल्स को सीधे संबोधित करने से खुद को दूर रखा है, लेकिन हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन ट्रोल्स के खिलाफ़ आवाज़ उठाई। प्रसाद भट नामक एक इंस्टाग्राम यूज़र, जो एक एनिमेटर हैं, ने प्लेटफ़ॉर्म पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें प्यार को एक सार्वभौमिक धर्म बताया गया। पोस्ट में, उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उनकी नई शुरुआत के लिए बधाई भी दी। पोस्ट शेयर करते हुए सोनाक्षी ने लिखा, सच्चे शब्द!! यह बहुत प्यारा



है! शुक्रिया। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड ज़हीर इकबाल से शादी की. उनकी शादी बहुत सादगी से हुई। उन्होंने रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर मुंबई में एक ग्रैंड रिसेप्शन का आयोजन किया। इसमें सोनाक्षी और ज़हीर के परिवार के सदस्यों के अलावा इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए। उनकी रिसेप्शन पार्टी में सलमान खान, रेखा, हुमा कुरैशी, काजोल, अदिति राव हैदरी और ऋचा चड्ढा जैसे कई कलाकार शामिल हुए।

ज़हीर ने 2019 में रोमांटिक ड्रामा नोटबुक से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसे सलमान खान ने प्रोड्यूस किया था। ज़हीर और सोनाक्षी को भी सलमान ने ही मिलवाया था। बाद में, यह जोड़ी फिल्म डबल एक्सएल में भी नज़र आई, जिसमें हुमा कुरैशी भी थीं।

# हाथों में हाथ, दोनों गले भी लगे! संसद में कैमरे में कैद हुआ कंगना रनौत-चिराग पासवान का लॉकबस्टर सीन!

संसद के पहले दिन लोकसभा चुनावों में जीत के बाद अपने पुराने दोस्त को देखकर कंगना रनौत का उत्साह रुकने का नाम नहीं ले रहा था! थप्पड़ का गम भूलकर कंगना रनौत ने चिराग पासवान को गले लगा लिया। बुधवार को स्पीकर के चुनाव के दिन संसद की सीढ़ियों के हरे कालीन पर एक बार फिर कैमरे में कैद हो गया कंगना और चिराग का ब्लॉकबस्टर सीन!

संसद से वायरल हुआ दोनों सांसदों का यह रंगीन पल इस वक्त शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है! एक तरफ, कंगना-चिराग की खास केमिस्ट्री तब सुर्खियों में आई जब ओम बिड़ला दोबारा संसद के अध्यक्ष चुने गए। देखने के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या राजनीतिक पारी के बाद रानी की जिंदगी का नया अध्याय शुरू होने वाला है? फुसफुसाहट का कोई अंत नहीं है! कंगना-चिराग एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं। फिल्म मिले ना मिले हम में इनकी जोड़ी बनी थी। मंडी केंद्र से जीत हासिल करने के बाद चिराग ने भी कंगना को बहादुर और साहसी नेता बताते हुए बधाई दी। इस बार दोनों दोस्तों ने संसद में एक मजेदार पल कैद किया। दोनों मुस्कुरा रहे थे।



शिष्टाचार के आदान-प्रदान के साथ-साथ दोनों के बीच कुछ देर तक बातचीत भी हुई। तभी कंगना-चिराग संसद में प्रवेश करते नजर आते हैं। राम विलास पासवान पुत्र ने बिहार की हाजीपुर सीट से 53 फीसदी वोटों से जीत हासिल की. लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग ने लोकसभा चुनाव में 6 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की। इस बीच, कंगना रनौत ने राजनीति के नेपोकिड विक्रमादित्य सिंह को हराकर मंडी लोकसभा क्षेत्र जीता। हिमाचल से भूमिकन्या बीजेपी के टिकट पर 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीतकर सांसद बनने जा रही हैं। मणिकर्णिका ने सियासी अखाड़े में कदम रखते ही विपक्षी खेमे को पूरी तरह से जकड़ लिया है. भावी सांसद ने पहले भी एक बार एक फिल्म के लिए जोड़ी बनाई थी। कंगना-चिराग की तस्वीर के बारे में शायद बहुत से लोग जानते होंगे! लोकसभा चुनाव में जीते दो प्रत्याशियों के अंकपत्र में अंकों का बेड़ा देख पुरानी कहावत आज भी प्रासंगिक है।

क्वीन के बॉलीवुड टूर का अलग से जिक्र करने की जरूरत नहीं! लेकिन क्या आप जानते हैं कि राम विलास पुत्र और लोक जन शक्ति दल के वर्तमान नेता ने राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले एक बार फिल्मी करियर में अपनी किस्मत आजमाने के लिए बॉलीवुड में कदम रखा था? इतना ही नहीं, एक दशक पहले 2011 में चिराग पासवान ने कंगना के साथ एक फिल्म में भी काम किया था। उसी साल, चिराग पासवान ने फिल्म मिले ना मिले हम से बॉलीवुड में डेब्यू किया। और उनकी पहली फिल्म में हीरोइन कंगना रनौत थी। जिन्होंने फिर बॉलीवुड में कई फिल्में की हैं। तनवीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में चिराग ने एक टेनिस खिलाड़ी की भूमिका निभाई। और कंगना रनौत ने उनकी प्रेमिका अनीशा का किरदार निभाया था। स्क्रीनप्ले की खातिर चिराग पासवान को कंगना से प्यार करना पड़ा।

हालांकि एक दशक पहले वह फिल्म खेल बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई थी। कंटेंट तो अच्छा है लेकिन ट्रीटमेंट के कारण फिल्म मिले ना मिले हम का बिजनेस डूब रहा है। पहली बार फ्लॉप होने के कारण चिराग पासवान को दोबारा बॉलीवुड का सामना नहीं करना पड़ा। इसके बाद वह राजनीति में आ गये। संयोगवश, सिनेमा के पर्दे की यह जोड़ी अब राजनीति के मैदान में एनडीए गठबंधन में एक ही छतरी के नीचे है।

# शबाना आजमी, एस एस राजामौली, रवि वर्मन सहित 487 नए सदस्यों को ऑस्कर अकादमी से जुड़ने का निमंत्रण



अभिनेत्री शबाना आजमी, फिल्म आरआरआर के निर्देशक एस एस राजामौली, निर्माता रितेश सिधवानी और प्रसिद्ध छायाकार (सिनेमैटोग्राफर) रवि वर्मन उन नए 487 सदस्यों में शामिल हैं जिन्हें इस साल एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा आमंत्रित किया गया है।

ऑस्कर अकादमी की वेबसाइट पर मंगलवार रात जारी बयान के अनुसार, सूची में वे कलाकार और हस्तियां शामिल हैं, जिन्होंने नाट्य चलचित्रों में अपने योगदान से पहचान बनाई है। लॉस-एंजिलिस स्थित इस संस्था के अनुसार, इसके सदस्यों का चयन पेशेवर योग्यता के आधार पर किया जाता है।

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री से ए आर रहमान, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, काजोल, सूर्या, विद्या बालन, आमिर खान, सलमान खान, अली फजल, आदित्य चोपड़ा, गुनीत मोंगा, रीमा कागती, एकता कपूर और शोभा कपूर पहले से ही इसके सदस्य हैं।

## भाजपा सांसद ओम बिरला 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद ओम बिरला बुधवार को 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए। इसके साथ ही बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। ओम बिरला को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बधाई दी और आसन तक पहुंचाया।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने प्रोटेम स्पीकर के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधन में कहा, आदरणीय अध्यक्ष जी, यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर आसीन हो रहे हैं। मैं आपको और पूरे सदन को बधाई देता हूं और अगले पांच वर्षों के लिए आपके मार्गदर्शन की आशा करता हूं। मोदी ने कहा कि पिछले कार्यकाल में स्पीकर रहने का बिरला का अनुभव उन्हें देश को आगे ले जाने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने ओम बिरला के 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष के कार्यकाल का स्मरण करते हुए उनके निर्णयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आजादी के 70 वर्षों में जो काम नहीं हुए, वे आपकी अध्यक्षता में इस सदन ने संभव किए हैं। लोकतंत्र की लंबी यात्रा में कई मील के पत्थर आते हैं।

## सीएक्यूएम ने इस साल दिल्ली-एनसीआर में 4.5 करोड़ पौधारोपण का किया लक्ष्य निर्धारित

**नई दिल्ली(हि.स.)।** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस साल एनसीआर में 4.5 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। सीएक्यूएम ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों के राज्य सरकारों, शैक्षणिक संस्थान, उच्च शिक्षा, अनुसंधान संस्थान, केंद्र सरकार के विभिन्न निकायों को पूरे एनसीआर में 4.5 करोड़ पौधारोपण का एक बड़ा लक्ष्य दिया है। इसमें दिल्ली के लिए 56,40,593 हरियाणा (एनसीआर) के लिए 1,32 50,000, राजस्थान (एनसीआर ) के लिए 42,68,649; और यूपी के लिए 1,97,56,196। (एनसीआर) पौधारोपण का लक्ष्य शामिल है। आयोग ने बुधवार को सलाह जारी करते हुए कहा कि एनसीआर में सभी परिवहन विभाग की एजेंसियों को सलाह दी है कि वे प्रमुख सड़कों के किनारे, मध्यस्थों के साथ-साथ, जहां तक संभव हो खुले क्षेत्रों को पूरी तरह हरा-भरा करने का लक्ष्य रखें। इसके साथ शैक्षणिक संस्थानों, उच्च शिक्षा, अनुसंधान संस्थानों से भी 2024-25 के दौरान 9,08,742 के संचयी पौधारोपण लक्ष्य के साथ अपने संबंधित परिसरों के भीतर और बाहर व्यापक हरियाली और पौधारोपण अभियान शुरू करने की सलाह जारी की है। उल्लेखनीय है कि साल 2021-22 के दौरान एनसीआर में केवल 28,81,145 नए पौधारोपण किए गए। 2022-23 के दौरान एनसीआर में 3,11,97,899 नए वृक्षारोपण किए गए। 2023-24 के लिए पूरे एनसीआर में एनसीआर राज्य सरकारों के लिए लगभग 3.85 करोड़ नए पौधारोपण का एक और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसमें से लगभग 3.6 करोड़ पौधारोपण सफलतापूर्वक किया गया यानि 93.5 प्रतिशत सफलता हासिल किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश में 103.4 प्रतिशत सफलता हासिल की गई यानि लक्ष्य से भी अधिक पौधारोपण किया गया।

**पौधारोपण**

**उल्लेखनीय है कि साल 2021-22 के दौरान एनसीआर में केवल 28,81,145 नए पौधारोपण किए गए।**



### सीजीएचएस के लाभार्थियों को राहत, कार्ड को आभा के साथ लिंक करना अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के 45 लाभार्थियों को राहत देते हुए केन्द्र सरकार ने अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करने की अनिवार्यता पर रोक लगा दी है। केन्द्र सरकार के अगले आदेश तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। दरअसल ज्यादातर सीजीएचएस लाभार्थी अपनी आईडी को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करने को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं थे। इसलिए आभा और सीजीएचएस कार्ड को लिंक करने की प्रक्रिया बहुत धीमी चल रही थी।

## भाजपा का कांग्रेस पर वार, कहा- आपातकाल निंदा प्रस्ताव पर इंडी



**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपातकाल पर लाए गए निंदा प्रस्ताव पर पूरा इंडी गठबंधन बिखरा हुआ और असमंजस में दिखा। भाजपा ने कहा कि नेता विपक्ष और कांग्रेस के सांसद खुद राहुल गांधी असमंजस में थे क्योंकि उनके समर्थन में गठबंधन दलों का कोई नेता नहीं आया। बुधवार को भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि पूरा देश आपातकाल का आज विरोध प्रदर्शन कर रहा है। आज से 49 साल पहले इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। करीब डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया गया था। भारत के संविधान में 42वां संशोधन लाया गया। संविधान बचाने की बात करने वाले, संविधान की प्रतियां लहराने वाले राहुल गांधी को आईना दिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जैसे ही आपातकाल के खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाए, कांग्रेस सांसद विरोध में सदन के बीचोबीच आ गए, लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसद बैठे रहे। राहुल गांधी असमंजस में थे कि अब क्या किया जाए। आज सदन में संविधान की प्रतियां लिए कांग्रेस सांसद संविधान के रक्षक दिखने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से लोकसभा स्पीकर का निर्वाचन होता है। आज भी लोकसभा में ध्वनि मतों से ओम बिड़ला अध्यक्ष बनाए गए। अध्यक्ष ओम बिड़ला ने निंदा प्रस्ताव रखा, इमर्जेंसी में जो दिक्कतें थीं, उसको उजागर किया। 1.40 लाख के करीब लोगों को जेल मे डाला गया। मुलायम यादव, लालू प्रसाद, एम करुणानिधि, एम के स्टालिन, शरद यादव, टीआर बालू भी आपातकाल में जेल गए थे। विडंबना देखिए लोकसभा में निंदा प्रस्ताव रखते ही, कांग्रेस के सदस्य तुरंत ही हो हल्ला शुरू कर देते हैं।

## तमिलनाडु विधानसभा ने प्रस्ताव पारित कर केन्द्र से जातिगत जनगणना कराने का किया आग्रह

**नई दिल्ली(हि.स.)।** तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जाति आधारित जनगणना जल्दी कराने का आग्रह किया है। बुधवार को मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश कर केंद्र सरकार से जाति आधारित जनगणना कार्य को तुरंत शुरू करने का आग्रह किया। यह प्रस्ताव विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि केंद्र सरकार को जनगणना का काम तत्काल शुरू करना चाहिए, जो 2021 से लंबित है। यह मांग लंबे समय से देश भर के एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय द्वारा की जाती रही है। राज्यसभा के सदस्य पी विलसन ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह उत्कृष्ट पहल है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एकजुट होकर केंद्र सरकार से एससी, एसटी और ओबीसी के लिए शिक्षा और रोजगार में उचित अवसर सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना कराने की मांग करनी चाहिए।



वहीं, विधानसभा में कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी को लेकर विपक्ष ने मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगा। नारेबाजी, शोर-शराबे और काम अड़चन पहुंचाने के लिए तमिलनाडु के विपक्ष के नेता (एलओपी) एडप्पादी पलानीस्वामी और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) विधायकों को पूरे विधानसभा सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया ।

## गुजरात के खेड़ा जिले के स्कूल तक पहुंची सीबीआई जांच

**नडियाद।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और गड़बड़ी मामले की सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की जांच आंच खेड़ा जिले तक पहुंच गई है। बुधवार को सीबीआई की टीम खेड़ा जिले के थर्मल स्थित जय जलाराम इंटरनेशनल स्कूल में जांच करने पहुंची। सीबीआई के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित केंद्र अधीक्षक परषोत्तम शर्मा की जमानत स्थानीय सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी है। दरअसल, नीट परीक्षा जय जलाराम स्कूल के गोधरा और थर्मल दोनों केन्द्र पर आयोजित की गई थी। नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने के मामले में पंचमहाल जिले की गोधरा पुलिस ने जय जलाराम स्कूल की नीट परीक्षा के सिटी कॉ-ऑर्डिनेटर और स्कूल के प्रिंसिपल परषोत्तम शर्मा को पकड़ा था। परषोत्तम शर्मा के घर पर परीक्षा के एक दिन पूर्व तुषार भट्ट के साथ मीटिंग हुई थी, जिसमें परीक्षार्थियों की लिस्ट बनाई गई थी। परीक्षा में गड़बड़ी कराने की बात सामने आने पर परषोत्तम शर्मा ने घर की सीसीटीवी फुटेज डिलिट करवा दी थी। जानकारी के अनुसार गोधरा में नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को गलत ढंग से नकल कराने के मामले में मुख्य आरोपित केंद्र अधीक्षक परषोत्तम शर्मा की नियमित जमानत याचिका पंचमहाल जिले के मुख्य सेशन्स कोर्ट ने नामंजूर हो चुकी है। महत्व की बात है कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने बताया था कि नीट की परीक्षा का देशभर में आयोजन कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जांच (एनटीए) में किसी तरह का सहयोग नहीं कर रही है। कोर्ट में बताया गया कि नीट परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुए विद्यार्थियों की ओएमआर शीट भी नहीं दी जा रही है। कोर्ट ने एनटीए के इस व्यवहार की कड़ी आलोचना की है। नीट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को अनुचित तरीके से मदद करने के मामले में गोधरा थाने में 8 मई, 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राज्य सरकार ने इस मामले की विस्तृत जांच के लिए समग्र केस को सीबीआई को सौंप दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। दरअसल, नीट यूजी की परीक्षा 5 मई, 2024 को हुई थी। परीक्षा के बाद कतिपय परीक्षार्थियों के लिए पेपर लीक होने का मामला प्रकाश में आया था।

गुजरात के गोधरा के जय जलाराम स्कूल में परीक्षा के आयोजन में परीक्षार्थियों को अनुचित तरीके से मदद करने का भी खुलासा हुआ था। जानकारी के अनुसार इस मामले में परीक्षार्थियों से 10 लाख रुपये तक वसूलने का आरोप है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल के शिक्षक, सेंटर के डिप्टी सुप्रिटेंडेंट समेत तीन के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। समग्र केस की जांच में पुलिस ने पांच लोगों को पकड़कर पूछताछ की थी।

**आयोजन**

**गुजरात के गोधरा के जय जलाराम स्कूल में परीक्षा के आयोजन में परीक्षार्थियों को अनुचित तरीके से मदद करने का भी खुलासा हुआ था।**




### स्मृति ईरानी ने जिस दिन सोनिया गांधी के साथ तू तड़ाक की थी, उसी दिन हार गई थीं चुनाव : सुप्रिया श्रीनेत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा की नेत्री और पूर्व सांसद स्मृति ईरानी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी को अपशब्द बोला था, इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। महिला प्रेस क्लब में आज बुधवार 26 जून को एक कार्यक्रम के दौरान श्रीनेत ने कहा कि स्मृति ईरानी उस दिन अमेठी का चुनाव हार गईं, जिस दिन उन्होंने सोनिया गांधी के साथ तू तड़ाक की थी। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी और सोनिया गांधी के बीच उम्र और अनुभव का काफी अंतर है। श्रीनेत ने कहा कि सोनिया गांधी एक मां हैं, वह एक दादी हैं, वह भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी की नेता हैं और उनसे स्मृति ईरानी ने तू तड़ाक में बात की। उन्होंने स्मृति ईरानी को तुम कहकर संबोधित करते हुए कहा कि अब तुम (स्मृति ईरानी) माफ़ी मांगो।

## पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन टीटीपी के दो कमांडर गिरफ्तार

**आरोप**

**प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान में जारी आतंकवादी गतिविधियों में पड़ोसी मुल्क भारत का हाथ है।**



**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी संघीय कैबिनेट के ऑपरेशन आज्म-ए-इस्तेहकम को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई हैं। प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान में जारी आतंकवादी गतिविधियों में पड़ोसी मुल्क भारत का हाथ है। प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने बुधवार को क्वेटा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों नसरुल्ला उर्फ मौलवी मंसूर और इदरीस उर्फ इरशाद को गिरफ्तार किये जाने की घोषणा की। बलूचिस्तान के गृहमंत्री लैंगोव ने कहा कि आतंकवादी नसरुल्ला और इदरीस को मुश्किल अभियान के बाद गिरफ्तार किया जा सका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) भारत के हाथों खेल रहे हैं। दोनों पड़ोसी मुल्क के इशारे पर पाकिस्तान में आतंकवादी हमले करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### नेपाल में प्रतिबंधित बिट क्वाइन से 6 करोड़ से अधिक का कारोबार, भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में प्रतिबंधित क्रिप्टो करेंसी बिट क्वाइन से 6 करोड़ से अधिक का कारोबार करने वाले एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस एसपी नवराज अधिकारी ने बताया कि नेपाल पुलिस के विशेष ब्यूरो की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर छापा मार कर बिट क्वीन के कारोबारी भारतीय नागरिक बिहार के पूर्वी चम्पारण जिला निवासी 38 वर्षीय निरंजन कुमार को गिरफ्तार किया है। वह काठमांडू के ब्रह्मचौक में प्रतीक इंटरप्राइजेज नाम से एक दफ्तर खोल कर बिट क्वाइन का कारोबार कर रहा था। ब्यूरो के एसपी अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान उसके पास से 20 लाख रुपये नकद बरामद किये गए हैं।

## पाकिस्तान के सिंध प्रांत की राजधानी कराची में रहस्यमय मौतों से हड़कंप, जांच का आदेश

**रहस्यमय**

**सिंध प्रांत के आंतरिक मंत्री जिया-उल-हसन लंजर ने राजधानी कराची में कहा कि रहस्यमय मौतों के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है।**



**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत की राजधानी कराची में रहस्यमय मौतों से हड़कंप मचा हुआ है। सिंध प्रांत के आंतरिक मंत्री जिया-उल-हसन लंजर ने राजधानी कराची में कहा कि रहस्यमय मौतों के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस पर विस्तार से चर्चा की है। आंतरिक मंत्री जिया-उल-हसन लंजर ने इन मौतों पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर जांच में लंबे समय तक लोड शेडिंग को इन मौतों का मुख्य कारण बताया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दायर किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि समूचे कराची में लगातार तीसरे दिन शव सामने आते रहे। शहर के विभिन्न इलाकों में तीन और शव मिले। अधिकारियों के अनुसार, शव मंघोपीर, ओरंगी टाउन और गुलशन-ए-मयमार इलाके में फुटपाथ पर पाए गए। 50 वर्षीय मुनव्वर का शव ओरंगी नंबर 12 में पाया गया। इस बीच, गुलशन-ए में 50 वर्षीय व्यक्ति और मयमार क्षेत्र में मंघोपीर नहर के पास एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव प्राप्त हुआ। पाकिस्तान के समाचार पत्र डान के अनुसार, कराची में दूसरे दिन मंगलवार को भी 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान रहा। सोमवार को कम से कम 10 लोगों के शव शहर के विभिन्न अस्पतालों में लाए गए। पिछले दो दिनों में यह आंकड़ा 20 हो गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि शवों पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। अधिकांश शव लंबे समय से नशे के आदी लोगों के बताए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, जाहिर तौर पर शहर में इन दिनों पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण इनकी जान चली गई।

### केन्या में हिंसक प्रदर्शन, भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नैरोबी (केन्या),(हि.स.)।** केन्या में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों को अफ्रीकी देश में मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी है। केन्या में स्थित भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को एक्स पर एक एडवाइजरी पोस्ट में कहा कि मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करने और स्थिति साफ होने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से बचने की सलाह दी जाती है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि केन्या में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अपडेट के लिए स्थानीय समाचार और मिशन की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल का पालन करना चाहिए। भारत सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## पेशावर में अज्ञात हमलावरों ने की अंधाधुंध फायरिंग, महिलाओं और बच्चों समेत एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत

**जुल्फिकार**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक काशिफ जुल्फिकार ने कहा कि दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए दो टीमें गठित की गई हैं।**



**पेशावर।** पाकिस्तान में पेशावर के बडाबेर गांव में एक अज्ञात हमलावर ने एक घर के अंदर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें चार महिलाओं और चार बच्चों सहित एक परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। इस हमले में परिवार के कई सदस्य घायल भी हुए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने जियो न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी है। जियो न्यूज के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह हमला दो परिवारों के बीच संपत्ति विवाद को लेकर हुआ है। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं, पुलिस इस हमले के उद्देश्यों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक काशिफ जुल्फिकार ने कहा कि दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए दो टीमें गठित की गई हैं।

उन्होंने आगे बताया कि इस हमले में मारे गए सभी लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, इस हिंसक घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस हमले पर कार्रवाई करते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल से कारतूस के खाली खोल और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं।

पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना में शामिल जिम्मेदार अपराधियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि इस हिंसक घटना को क्यों अंजाम दिया गया है, जांच के बाद ही सामने आ सकता है।

### लॉचिंग के कुछ समय बाद उत्तर कोरिया की हाइपरसोनिक मिसाइल में हुआ विस्फोट

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को अपने पूर्वी तट से हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया, लेकिन यह लॉचिंग के कुछ समय बाद हवा में ही फट गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइल को प्योंगयांग के पास से लांच किया गया था। जापान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल ने लगभग 100 किमी की ऊंचाई और 200 किमी से अधिक की दूरी तय की। दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के वरिष्ठ अधिकारियों ने लॉचिंग की निंदा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन और शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया। अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान ने कहा है कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## मॉनसून की पहली बारिश में ही नेपाल के कई जिले जलमग्न

**काठमांडू (हि.स.)। नेपाल** में मॉनसून प्रवेश करने के साथ हुई बारिश के बाद देश के कई जिले जलमग्न हो गये हैं। पिछले चौबीस घंटे से लगातार हो रही बारिश में आधा दर्जन से अधिक जिलों में जलजमाव के कारण आम लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल में मॉनसून प्रवेश करने के साथ ही देश के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में लगातार बारिश होने से पूर्व के मोरंग, सुनसरी और झापा के अधिकांश जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई गांव पूरी तरह से जलमग्न हैं तो शहरी इलाकों के निचली हिस्से भी जलमग्न हो गए हैं। इसी तरह से पश्चिम के रूपन्देही और कपिलवस्तु जिलों में भी बारिश के कारण जल जमाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने बताया है कि नेपाल के इन इलाकों में 95 मिलीमीटर से लेकर 150 मिलीमीटर तक बारिश हुई है। विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक झापा जिले में 154 मिलीमीटर बारिश हुई है जबकि कास्की में 148 मिलीमीटर बारिश हुई है। नेपाल के मौसम विभाग ने आज दिनभर देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग की तरफ से कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि आने वाले 24 घंटों में नेपाल के कोशी, गण्डकी, नारायणी, बागमती नदी का जलस्तर काफी बढ़ने वाला है। इस कारण से तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा गया है। भारी बारिश के कारण कई मैदानी इलाकों में बाढ़ की स्थिति है तो पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन से कई लोगों के मौत की भी सूचना है।



# डिज़्नी क्रूज़ लाइन 2025 में सिंगापुर से रवाना होने वाले डिज़्नी एडवेंचर पर बेहतरीन छुट्टी मनाने का ठिकाना बनाएगी

**नई दिल्ली।** 2025 में सिंगापुर से रवाना होने वाला, अपनी तरह का अनूठा डिज़्नी एडवेंचर पूरे क्षेत्र में परिवारों को समुद्र में बेहतरीन छुट्टी मनाने का मौका देगा। एशिया में होमपोर्ट के लिए होने वाला पहला डिज़्नी क्रूज़ लाइन जहाज अपने आप में एक गंतव्य होगा, जो तीन और चार रातों की यात्रा पर रवाना होगा, जिसमें समुद्र में जादुई दिन बिताने और मनोरंजक कहानियों से भरा होगा, जैसा कि केवल डिज़्नी ही कर सकता है। जो डिज़्नी, पिक्सर और मार्वल की दुनिया को इस तरह से जीवंत कर देंगे जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। डिज़्नी क्रूज़ लाइन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक शेरोन सिस्की ने कहा हम पहली बार एशिया में डिज़्नी क्रूज़ लाइन का जादू ला रहे हैं, और हम अपने मेहमानों को क्रूज़ में आराम और डिज़्नी का मज़ा देना चाहते हैं, जो वे केवल हमारे किसी जहाज़ पर ही अनुभव कर सकते हैं। जब वे डिज़्नी एडवेंचर पर रवाना होंगे, तो मेहमानों को अविश्वसनीय, जादुई और रोमांचक क्षेत्र मिलेंगे जो डिज़्नी, पिक्सर और मार्वल की दुनिया को इस तरह से जीवंत कर देंगे जैसे पहले कभी नहीं हुआ था। ये अनोखे डिज़्नी अनुभव परिवारों को फिर से जुड़ने, रिचार्ज करने और अविस्मरणीय यादें बनाने के लिए प्रेरित करेंगे जिन्हें वे हमेशा संजो कर रखेंगे। डिज़्नी क्रूज़ लाइन की उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय महाप्रबंधक सारा फॉक्स ने कहा इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने डिज़्नी के लिए इतना मजबूत लगाव दिखाया है, और हम उनके करीब एक अद्वितीय डिज़्नी क्रूज़ लाइन छुट्टी लाने के लिए रोमांचित हैं। एशिया के लिए अद्वितीय अनुभवों के साथ डिज़्नी की सिग्नेचर सेवा को शामिल करके, मेहमान व्यक्तिगत स्पर्श, वैश्विक व्यंजनों के चयन और एक विशिष्ट स्थानीय स्वाद वाले प्रचुर मात्रा में खुदरा पेशकशों के माध्यम से समुद्र में जादू की उम्मीद कर सकते हैं। डिज़्नी एडवेंचर को संजोने के लिए- डिज़्नी एडवेंचर पर खोजे जाने वाले नए क्षेत्र डिज़्नी एडवेंचर एक यात्रा और एक गंतव्य दोनों होगा एक,संभावनाओं की एक यात्रा जो डिज़्नी कहानी कहने के मुख्य स्तंभों को संजोने वाला जीवन में लाती है। कल्पना, खोज, कल्पना और - निश्चित रूप से - रोमांच के जादू के माध्यम से मेहमान बिना जहाज से उतरे सात विशिष्ट थीम वाले क्षेत्रों की यात्रा पर निकलेंगे, जिनमें से प्रत्येक में दर्जनों अविश्वसनीय चरित्र और अविस्मरणीय अनुभव होंगे। कल्पना की शक्ति, जो नए रोमांच के द्वार खोलती है और सपने देखने वालों को अपना जादू बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है, मेहमानों को डिज़्नी इमेजिनेशन गार्डन में प्रवेश करने के क्षण से ही मोहित कर लेगी। डिज़्नी इमेजिनेशन गार्डन डिज़्नी एडवेंचर का भावनात्मक केंद्र होगा, एक मंत्रमुग्ध घाटी, आकर्षक उद्यान और खुली हवा में प्रदर्शन स्थल, सब कुछ एक साथ। 100 वर्षों के वीरतापूर्ण और दिल को छू लेने वाले डिज़्नी रोमांचों से प्रेरित - समुद्र में मोआना से लेकर जंगल में मोगली तक - यह कल्पनाशील सभा स्थल मेहमानों के लिए एक अविस्मरणीय यात्रा का प्रवेश द्वार होगा। खोज की भावना मेहमानों को क्षितिज का पीछा करने और यह देखने के लिए प्रेरित करेगी कि वे कितनी दूर जा सकते हैं, और डिज़्नी डिस्कवरी रीफ, सैन फ्रैंसोको स्ट्रीट और वेफाइंडर बे के गतिशील क्षेत्रों में अपने से परे आश्चर्यजनक दुनिया का सामना करने के लिए प्रेरित करेगी।




# ताइवान एक्सीलेंस ताइवान एक्सपो इंडिया 2024 में महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजीज का प्रदर्शन करेगा

**लखनऊ।** ताइवान एक्सीलेंस लगातार 7वें वर्ष ताइवान एक्सपो इंडिया 2024 में अपना पैवेलियन लगाने जा रहा है। यह एक्सपो 8 से 10 जुलाई को दिल्ली के भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में आयोजित होगा। उम्मीद है कि यह आयोजन काफी बड़ा होगा। ताइवान एक्सीलेंस विभिन्न सेक्टर्स में अपने प्रमुख आविष्कारों और उन्नत टेक्नोलॉजी के लिये प्रसिद्ध है।

ताइवान एक्सीलेंस ताइवान के स्मार्ट समाधानों पर जागरूकता बढ़ाएगा, पुरस्कार-विजेता ब्राण्ड्स को संपर्क और नेटवर्किंग के मौके प्रदान करेगा और भारतीय तथा वैश्विक मीडिया एवं खरीदारों से उनका परिचय कराएगा। इस साल पैवेलियन का उद्घाटन टीएआईटीआरए के चेयरमैन श्री जेम्स सी.एफ. हुआंग और भारतीय डांसर, कोरियोग्राफर एवं टेलीविजन की हस्ती शक्ति मोहन करेंगे। इस साल का पैवेलियन मुख्य रूप से स्मार्ट होम एण्ड लिविंग के लिये स्मार्ट हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड गैजेट्स, आईसीटी एवं औद्योगिक उत्पादों पर केन्द्रित होगा। इन क्षेत्रों के नवाचारों का प्रदर्शन रोमांचक और भविष्यगामी रहेगा। इस संस्करण में 24 ब्राण्ड्स नई खोज वाले उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें से कई तो भारत में पहली बार आ रहे हैं और यह विभिन्न उद्योगों के हैं। यह ब्राण्ड्स हैं एडवांटेक, एवेर, चिमेई मोटर, साइबरपावर, एवरफोकस, एवरलाइट केमिकल, साइबो, गिगाबाइट, जीडब्ल्यू इंस्टेक, एचसीपी, प्लिमेट्स, हुआ-जी, कान्फन, लैनर, एमब्रानफिल्ट्रा, मीन वेल, माइक्रोबेस, एमएसआई, मॉडर्नसॉलिड, जस्टाइम, ट्रांस्केन्ड, वाटरसन, वेलेल और ज़िक्सेल।




इन ब्राण्ड्स के कुछ 'हीरो' प्रोडक्ट्स में शामिल हैं साइबो रन, गीगाबाइट का जेड790 एयरो जी मदरबोर्ड, कान्फन की मैगलेव फाइबर लेजर कटिंग मशीन, एमब्रानफिल्ट्रा का पॉकेट वाटर फिल्टर, प्लिमेट्स का एनर्जी सेविंग पेंट, आदि।

ताइवान एक्सपो का आयोजन इंटरनेशनल ट्रेड एडमिनिस्ट्रेशन एमओईए और ताइवान एक्टर्नल ट्रेड डेवलपमेंट काउंसिल मिलकर करते हैं। यह एक वार्षिक आयोजन है, जिसका लक्ष्य भारत और ताइवान के बीच सम्बंधों को और भी मजबूत बनाना है। ताइवान और भारत के बीच 2023 में 8.2 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था और ताइवान का भारत को निर्यात 6 बिलियन डॉलर पर पहुँच गया था। यह आंकड़ा 13त्न की बढ़त दिखाता है और भारत को ताइवान के लिये निर्यात का 12वां सबसे बड़ा बाजार बनाता है।

# रेवफिन ने उत्तर प्रदेश में जागृति यात्रा अभियान की शुरुआत की

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म, रेवफिन ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ के ताज होटल में 26 जून 2024 को ÷जागृति यात्रा अभियान÷ की शुरुआत की। अपने स्नरेवफिन भारत यात्रा कैंपेन की सफलता के बाद,



इस नए अभियान के तहत ÷जिम्मेदारी की सवारी÷ पहल शुरू की गई है ताकि उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल का उद्देश्य 2030 तक सरकारी विभागों में 100त्न इलेक्ट्रिक वाहनों को लाने में राज्य सरकार के प्रयासों का समर्थन करना है। ÷जागृति यात्रा अभियान÷ के तहत, एक ऐसा वातावरण विकसित किया जा रहा है जहां इलेक्ट्रिक वाहनों का विकास हो सके और भविष्य में स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान दिया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन तंत्र को बढ़ावा देना है।÷जागृति यात्रा अभियान के तहत, इस रणनीति को उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में लागू किया जाएगा। ये शहर हैं- लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, देवरिया, बहराइच, लखीमपुर और बरेली। अगले दो महीनों में इन शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को शहर में यात्रा के लिए एक व्यावहारिक विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए कई मार्केटिंग और ग्राहक अभियानों का आयोजन किया जाएगा।रेवफिन के सीईओ, समीर अग्रवाल ने कार्यक्रम में एक आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए मजबूत निवेश और इलेक्ट्रिक वाहनों के पारितंत्र के विकास के उभरते अवसरों को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही, ÷रेवअप उत्तर प्रदेश ईवी अपनाने और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन के लिए सहयोगी रणनीतियाँ÷ नामक पैनल चर्चा में 30 से ज्यादा ईवी डीलर्स और उद्योग के प्रमुख दिग्?गजों ने भाग लिया। इस चर्चा से सभी के सहयोग से विकास का आधार तैयार करने में मदद मिली।

रेवफिन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में बजाज ऑटो, बाउंस इनफिनिटी, सिटी लाइफ, काइनेटिक ग्रीन, लेक्ट्रिक्स, सारथी, टाटा मोटर्स, उड़ान और यात्री जैसे प्रमुख कंपनियों (ओईएम) के साथ भागीदारी बढ़ाना शामिल है। इससे उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के मार्केट को तेजी से बढ़ाया जा सकेगा। अभी तक, कंपनी ने 22 राज्यों में 55 हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए लोगों को 800 करोड़ रुपये के लोन दिए हैं।

# वालमार्ट वृद्धि ने 58 हजार से ज्यादा एमएसएमई को किया सशक्त

**लखनऊ।** वालमार्ट ने अपने सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि के माध्यम से भारत के 58,000 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को निशुल्क डिजिटल प्रशिक्षण, कारोबारी सलाह और पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप का अवसर प्रदान करते हुए डिजिटल रूप से सशक्त किया है। इसी के साथ वालमार्ट ने दिसंबर, 2024 तक 50,000 एमएसएमई को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को समय से पहले ही पार कर लिया है। इन अवसरों से एमएसएमई को कारोबारी विकास की अपनी क्षमता को अनलॉक करने में मदद मिली है और पूरे भारत में ग्राहकों तक उनकी पहुंच आसान हुई है। वालमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दृ सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टेड ने कहा वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षित होने वाले एमएसएमई में हमने अद्भुत लचीलापन देखा है। इन एमएसएमई में बेहतरीन इनोवेशन के साथ-साथ अपने समुदायों के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रतिबद्धता भी दिखती है। हम उनके विकास, समावेश को बढ़ावा देने और स्थायी प्रभाव डालने के सफर का हिस्सा बनकर रोमांचित अनुभव कर रहे हैं।' फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम एमएसएमई के बीच उनके कारोबार के हर पहलू में विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुआ है। हमारे मिशन के अनुरूप, हजारों एमएसएमई को फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर सेलर के रूप में जुड़ने में सहयोग करते हुए हमें खुशी है कि हमने बाजार में उनकी पहुंच बढ़ाई है और ई-कॉमर्स की दुनिया में उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है।

# अविकसित भ्रूण को अलग कर शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स के डॉक्टरों ने स्वस्थ बच्चे का जन्म बनाया संभव

**लखनऊ।** शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स, लखनऊ के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करते हुए जटिल जुड़वा गर्भावस्था की समस्या का समाधान लेज़र तकनीक का उपयोग करके किया है। डॉक्टरों ने 36 वर्षीय महिला के गर्भ में पल रहे मोनोकोरियोनिक जुड़वा बच्चों के भ्रूण में से अविकसित भ्रूण को लेजर तकनीक द्वारा अलग कर स्वस्थ बच्चे को जन्म देने का मार्ग प्रशस्त किया। इस महिला का पूर्व में पांच बार गर्भपात हो चुका था। यह जटिल प्रक्रिया डॉ. प्रतिमा राधाकृष्णन, फीटल मेडिसिन एक्सपर्ट, बेंगलुरु के कुशल मार्गदर्शन में डॉ. अदिति अग्रवाल, निदेशक भ्रूण चिकित्सा, शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स द्वारा पूरी की गई। इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने वाली डॉ. अदिति अग्रवाल, डायरेक्टर फीटल मेडिसिन, शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स, लखनऊ ने बताया, ÷दुर्भाग्य से, महिला के गर्भ में विकसित हो रहे जुड़वा भ्रूण में से एक भ्रूण बिना सिर के विकसित हो रहा था, इस स्थिति को मेडिकल साइंस में अक्रीनिया कहते हैं। उन्होंने



बताया, इस जटिल स्थिति का समाधान करने के लिए, हमने लेज़र तकनीक का उपयोग करके असामान्य भ्रूण को अलग करने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में, लेज़र बीम का उपयोग करके अविकसित भ्रूण को रक्त आपूर्ति करने वाली नसों को बंद कर दिया गया। यह प्रक्रिया अत्यंत जटिल है और सटीकता के साथ करनी होती है, यह एक दुर्लभ मामला था।÷ डॉ. प्रतिमा राधाकृष्णन ने कहा, मोनोकॉरियोनिक जुड़वां एक ही प्लेसेंटा को साझा करते हैं और इस कारण से कुछ जटिलताएं हो सकती हैं। ये संरचनात्मक रूप से सामान्य भ्रूण होते हैं। फीटोस्कोपिक लेजर और इंटरस्टिशियल लेजर इन जटिलताओं को हल करने में मदद कर सकते हैं और एक स्वस्थ गर्भावस्था सुनिश्चित कर सकते हैं। हर भ्रूण का जीने का अधिकार होता है और उन्हें निश्चित रूप से एक मौका दिया जाना चाहिए।

सफलतापूर्वक प्रक्रिया के बाद, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मां ने गर्भधारण के 35वें सप्ताह में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया, जो अब पूरी तरह से ठीक है। यह प्रक्रिया इस क्षेत्र में पहली बार सफलतापूर्वक की गई है, और यह शान्या स्कैन्स एंड थेरानॉस्टिक्स के डॉक्टरों की विशेषज्ञता और जटिल गर्भावस्थाओं के इलाज में उनकी क्षमता का प्रमाण है।

# स्नैपचैट ने नये सेफ्टी फीचर्स पेश किये, जो असली दोस्तों के बीच संपर्क को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** टीनेजर्स की ऑनलाइन सुरक्षा पर मुंबई में एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन, जिसमें सेलीब्रिटी पैरेंट्स टिस्का चोपड़ा, मारिया गोरेटी, युवा एक्टर एवं स्नैप स्टार नितांशी गोयल तथा उद्योग विशेषज्ञ अपराजिता भारती शामिल हुईं ऐप में एक सुरक्षित एवं सकारात्मक अनुभव को बढ़ावा देने के लिए, स्नैपचैट ने नये सेफ्टी फीचर्स पेश किये हैं। यह सभी फीचर्स असली दोस्ती को मजबूत करने के लिये तैयार किये गये हैं जोकि स्नैपचैट को बहुत अनूठा बनाते हैं। इन नये फीचर्स से टीनेज और बड़ी कम्युनिटी को ऑनलाइन खतरों से ज्यादा सुरक्षित रखने की कोशिश की जाएगी। टीनेजर्स की ऑनलाइन सुरक्षा पर आवश्यक बातचीत शुरू करने के लिये स्नैपचैट ने एक पैनल चर्चा का आयोजन किया था। इसमें इंफ्लूएंशियल पैरेंट्स टिस्का चोपड़ा और मारिया गोरेटी, एक्टर तथा स्नैप स्टार नितांशी गोयल, यंग लीडर्स ऑफ एक्टिव सिटिजनशिप (वायएलएसी) की को-फाउंडर अपराजिता भारती एवं स्नैप में पब्लिक पॉलिसी की हेड उथारा गणेश शामिल हुईं। पैनल ने महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। इनमें डिजिटल साक्षरता का महत्व, उपलब्ध ऑनलाइन संसाधनों का अधिकतम इस्तेमाल और घर पर टीनेजर्स के साथ खुलकर बात करना जैसे विषय शामिल थे इस शाम का समापन स्नैपचैट्स न्यू सूट ऑफ टूल्स की पेशकश से हुआ। इसमें 1) ब्लॉकिंग की बेहतर क्षमताएं 2) लोकेशन-शेयरिंग की आसानी 3) फ्रेंडिंग में सुरक्षा को बढ़ाना और 4) चैट के भीतर ज्यादा चेतावनियाँ शामिल थीं। यह विस्तारित उत्पाद स्नैपचैट के जारी काम पर आधारित हैं, ताकि अजनबियों के लिये लोगों से जुड़ना कठिन बनाया जा सके।

स्नैप इंक. साउथ एशिया में पब्लिक पॉलिसी की हेड उथारा गणेश ने कहा, ''स्नैपचैट हमेशा से एक अनोखा स्पेस रहा है, जहाँ आप खुद को असलियत में जाहिर कर सकते हैं और असली दोस्तों से जुड़ सकते हैं। भारत के युवाओं को हमारे प्लेटफॉर्म पर समय बिताना पसंद है और हम इसे हर किसी के लिये, खासकर टीनेजर्स के लिये एक सुरक्षित एवं सकारात्मक जगह बनाना चाहते हैं। सुरक्षा के लिये हमारे नये फीचर्स असली दोस्ती को सहयोग देने, स्मार्ट तरीके से दोस्त चुनने में टीनेजर्स को सशक्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिये हैं कि हमारे ऐप का इस्तेमाल करते वक्त हर स्नैपचैटर को सुरक्षा एवं आत्मविश्वास का अनुभव हो।''

प्लेटफॉर्म ने स्नैपचैटर्स को लंबे समय से ऐसे टूल्स दिये हैं, जो ऐसे लोगों को आसानी से ब्लॉक करने में मदद देते हैं, जिनके साथ उन्हें संपर्क में नहीं रहना हो। कभी-कभी बुरे लोग नये अकाउंट बना लेते हैं और उन लोगों से संपर्क जारी रखते हैं, जिन्होंने उन्हें ब्लॉक कर दिया हो। बुलिंग और बार-बार दुर्व्यवहार की संभावना को रोकने के लिये हम अपने ब्लॉकिंग टूल्स का सुधार कर रहे हैं- इसमें वह यूजर ब्लॉक होगा, जो एक ही डिवाइस से दूसरे अकाउंट बनाकर नये फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजेगा। इसका लक्ष्य है किसी ब्लॉक्ड अकाउंट द्वारा बनाये गये दूसरे मौजूदा अथवा नये अकाउंट की पहुँच को अधिक सीमित करना।

स्नैपचैटर्स, जिनमें टीनेजर्स भी शामिल हैं, को उनके अकाउंट की सुरक्षा एवं प्राइवेसी सेटिंग्स पर नजर दौड़ाने के लिये नियमित रूप से रिमाइंडर भेजे जाते हैं। और स्नैपचैटर्स सिर्फ उन्हीं लोगों के साथ लोकेशन साझा कर सकते हैं, जो उनके फ्रेंड हैं। अब हम ज्यादा बार के रिमाइंडर्स पेश कर रहे हैं, ताकि स्नैपचैटर्स को हमेशा पता रहे कि वे स्नैप मैप पर किन दोस्तों के साथ अपना लोकेशन शेयर कर रहे हैं। हम लोकेशन-शेयरिंग में आसानी की पेशकश भी कर रहे हैं, ताकि स्नैपचैटर्स ज्यादा तेजी एवं आसानी के साथ यह कस्टमाइज कर सकें कि उनके कौन-से दोस्त उनका लोकेशन देख सकते हैं। इससे पहले स्नैपचैट ने अनाउंस किया था कि टीनेजर्स को क्विक ऐड या सर्च नहीं बताया जाएगा, जब तक कि दूसरे व्यक्ति के साथ उनके कई साझा संपर्क न हों। प्लेटफॉर्म अब फ्रेंड बनाने के लिये नई सुरक्षाएं दे रहा है, जिससे अजनबियों के लिये टीनेजर्स को खोजना और ऐड करना बेहद मुश्किल हो जाएगा। हम ऐसे फ्रेंड रिक्वेस्ट को भेजना रोक देंगे, जिन्हें टीनेजर्स भेजेंगे या लेंगे, वह भी ऐसे लोगों को या से, जिनके साझा दोस्त नहीं हैं। यह ऐसे लोगों के लिये भी होगा, जो अक्सर धोखेबाजी के लिये लोकेशंस में स्नैपचैट को एक्सेस करते रहे हैं।

# हायर इंडिया ने पेश किया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर




**नई दिल्ली।** हायर इंडिया ने अपना नया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर लॉन्च किया है, जो इनोवेशन और प्रीमियम खूबसूरती का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किए गए नए एयर कंडीशनर में 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी, हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी मौजूद हैं। 1.6 टन और 1.0 टन के साथ यह सभी रिटेल पर उपलब्ध होगा। नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष, श्री एनएस सतीश ने कहा, ÷हायर इंडिया में, उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को प्राथमिकता देना हमारे सिद्धांतों का मूल आधार रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, रोजमर्रा की जिंदगी को स्मार्ट, सुविधाजनक और आरामदायक बनाने वाले इनोवेटिव सोल्यूशंस पेश करने के साथ-साथ, हमने ऐसे उत्पादों का एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया है जो सौंदर्यपूर्ण रूप से डिज़ाइन किए गए प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करते हैं। ग्राहक-प्रेरित नवाचार बनाने के लिए प्रतिबद्ध, हमारे सभी एयर कंडीशनर, जिनमें नवीनतम किनौची डार्क एडिशन भी शामिल है, भारत में निर्मित हैं और भारतीय बाजार के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किए गए हैं। इस एयर कंडीशनर के साथ, हम उपभोक्ताओं को उन्नत सुविधाओं के साथ एक प्रीमियम उत्पाद पेश कर रहे हैं, जो कि पूर्णतः सुनिश्चित करता है कि वे दक्षता और शैली दोनों के साथ गर्मी का मुकाबला कर सकें।

# कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया कोटक जेन2 जेन प्रोटेक्ट



**लखनऊ।** जेन2जेन प्रोटेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद एक योजना के साथ दो पीढ़ियों को कवर करने के विकल्प के साथ इंडस्ट्री की ऐसी पहली सुविधा प्रदान करता है, जो इस सुरक्षा की विरासत को आगे बढ़ाता है। सर्वाइवल (उत्तरजीविता) पर प्रीमियम लाभ की 100 फीसदी गारंटीकृत वापसी के साथ आने वाला, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट बच्चे को कम्पलीट रिस्क कवर (पूर्ण जोखिम कवर) ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है, जब माता-पिता (प्राथमिक बीमाधारक) 60 या 65 साल के हो जाते हैं। इसके अलावा, यह रिस्क कवर बच्चे के साथ 60 साल की उम्र तक बना रहता है। यह उत्पाद वेलनेस बेनेफिट और एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट (दुर्घटना मृत्यु लाभ), स्थायी विकलांगता की स्थिति में लाभ और गंभीर बीमारी प्लस जैसे राइडर्स के माध्यम से व्यापक कवरेज भी प्रदान करता है। महिला पॉलिसीधारकों के लिए, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट अतिरिक्त 5 फीसदी डेथ बेनेफिट प्रदान करता है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि एक संगठन के रूप में, हमारा समर्पण उन उत्पादों को नया और क्यूरेट करने पर है, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट एक ऐसा उत्पाद है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहक एक ही टर्म प्लान के साथ दो पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस उत्पाद की सोचहम भारतीयों द्वारा परिवार, परंपरा और विरासत को दिए जाने वाले महत्व से आती है। मूल्यों, ज्ञान और शिक्षा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी भारतीय संस्कृति में गहराई से समाहित है। यहां एक उत्पाद है जो इन मूल्यों के महत्व को समझता है। मुझे यकीन है कि कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट जैसे इनोवेटिव उत्पाद प्रोटेक्शन कैटेगरी का विस्तार करेंगे और 2047 तक आईआरडीएआई के सभी के लिए बीमा के उद्देश्य में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# नवीन चंद्र झा बने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के नये मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर

**मुंबई।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने श्री नवीन चंद्र झा को अपना नया मैनेजिंग डायरेक्टर व चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर नियुक्त किया है। इस पद के लिए उन्हें पैरेंट कंपनी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा नामित किया गया था। वे किशोर कुमार पोलुदासु की जगह लेंगे। नवीन चंद्र झा 1994 से ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं। अपने इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में अपनी मौजूदा भूमिका से पहले नवीन चंद्र झा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आंध्रप्रदेश के अमरावती सर्कल के चीफ जनरल मैनेजर के तौर पर काम कर रहे थे। नवीन चंद्र झा को बैंकिंग इंडस्ट्री में काम करने का दशकों का अनुभव हैं। अपने समूचे कॅरियर में, उन्होंने शाखा प्रबंधन, क्रेडिट एवं जोखिम प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण कार्यात्मक और संचालन संबंधी भूमिकाएं निभाई हैं। उनका मुख्य फोकस एसएमई क्रेडिट, मानव संसाधन एवं प्रशासन तथा रिटेल बैंकिंग पर रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक (रीजनल मैनेजर), डिप्टी जनरल मैनेजर (सीडीएस), डिप्टी जनरल मैनेजर (कैडर प्रबंधन), नेटवर्क के जनरल मैनेजर और सर्कल के चीफ जनरल मैनेजर के तौर पर कई महत्वपूर्ण भूमिकाओं में अपनी बेहतरीन कार्यशैली का परिचय दे चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान अमरावती सर्कल को सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला सर्कल माना जाता था। उन्होंने बिजनेस को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें साल 2005 में ब्रांच मैनेजर श्रेणी में चेयरमैन्स क्लब के लिए और साल 2015 में क्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में अपनी असाधारण सेवा के लिए सम्मानित किया गया। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में, नवीन झा अपने व्यापक अनुभव और व्यावसायिक कौशल का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। वे कंपनी को सफलता की नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएंगे।

# अपोलो हॉस्पिटल्स में द विंची-एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से सर्जरी की सुविधा हुई शुरू

**लखनऊ।** अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने मेडिकल टेक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की है। हॉस्पिटल ने देश के सबसे एडवांस्ड रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम फिफ्थ जनरेशन द विंची-एक्सआई% सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई है। अपोलो हॉस्पिटल्स की इस उपलब्धि के साथ, उत्तर प्रदेश में सर्जरी के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हुई है। अपोलो हॉस्पिटल्स एनसीआर को छोड़कर पूरे उत्तर प्रदेश में द विंची-एक्सआई रोबोटिक सर्जरी शुरू करने वाला पहला निजी अस्पताल है। लॉन्च इवेंट में मीडिया को संबोधित करते हुए, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ के एमडी व सीईओ, डॉ. मयंक सोमानी ने हॉस्पिटल द्वारा द विंची-एक्सआई सिस्टम सर्जरी शुरू किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, दा विंची सर्जिकल सिस्टम ने लगभग तीन दशकों से रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी में अग्रणी भूमिका निभाई है और दुनिया भर में 1.4 करोड़ से अधिक सफल सर्जरी




की हैं। हम इस क्रांतिकारी तकनीक को उत्तर प्रदेश में लाकर बहुत उत्साहित हैं, इससे जटिल सर्जरी को अधिक सटीकता और कम चीरों के साथ करने की हमारी क्षमता बढ़ेगी।

द विंची-एक्सआई सर्जिकल सिस्टम से सर्जरी की शुरुआत से उत्तर प्रदेश में सर्जरी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। यह नया रोबोटिक सिस्टम न केवल सर्जरी की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि इससे चिकित्सा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

डॉ. सोमानी ने कहा, ÷आज के मरीज सबसे उन्नत इलाज चाहते हैं और द विंची-एक्सआई सिस्टम हमें बिना बड़े चीरों के सर्जरी करने की सुविधा देता है, जिससे मरीज जल्दी ठीक होते हैं, शरीर पर सर्जरी के दाग कम पड़ते हैं और परिणाम भी बेहतर मिलते हैं। द विंची-एक्सआई सिस्टम से रोबोटिक सर्जरी की सुविधा की शुरुआत कर अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

अपोलो हॉस्पिटल ने एक वर्ष के अंदर 100 से अधिक मरीजों के घुटनों की सफल रोबोटिक सर्जरी की है और अब अपनी रोबोटिक सर्जरी सेवाओं का विस्तार कर रहा है। इस विस्तार में ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, बैरियाट्रिक सर्जरी, गाइनेकोलॉजिकल सर्जरी, सामान्य सर्जरी, थोरासिक सर्जरी और पीडियाट्रिक सर्जरी जैसी विशेषताएं शामिल होंगी।

डॉ. सोमानी ने बताया, द विंची-एक्सआई सिस्टम उत्तर प्रदेश में आने से कई फायदे होंगे। यह कुशल डॉक्टरों और मेडिकल प्रोफेशनल्स को यहां आकर्षित करेगा। इससे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और नई तकनीकों का इस्तेमाल होगा।

# जॉन क्रैसिंस्की ने 'ए क्वॉइट प्लेस' का तीसरा पार्ट बनाने पर अपनी राय दी



**नई दिल्ली।** 'ए क्वॉइट प्लेस' के अब तक के दो पार्ट ने पूरी दुनिया के दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस फिल्म में दिखाए गए डर, घबराहट और सस्पेंस ने लोगों को इसकी कहानी से पूरी तरह बांधकर रखा। जॉन क्रैसिंस्की के दिमाग में आइडिया का ऐसा बीज पनपा-जो उनके और हम सबके लिए अकल्पनीय साबित हुआ। 'ए क्वॉइट प्लेस' की दो सफल फिल्मों का निर्देशन करने के बाद जॉन क्रैसिंस्की 'ए क्वॉइट प्लेस-डे वन' के नाम से इसके प्रीक्वल का निर्देशन करने मैदान में उतरे हैं। आइए जानते हैं इस बारे में उनका क्या कहह्यह्यह्यह्यना है। क्रैसिंस्की का कहना है, 'ए क्वॉइट प्लेस- डे वन' बनाने की सबसे रोचक बात है कि वे एक बिलकुल ही नई दुनिया बना रहे हैं जिसे कभी किसी ने नहीं देखा होगा। अब वे रोचकता को एक नए चश्मे से देखने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है, इसमें उस समय को दिखाया गया है जब बाकी दुनिया के लोग इस परेशानी का सामना करते हैं।'' दोनों ही फिल्मों में दर्शकों के सामने कुछ रोचक सवाल भी रखे गए हैं। आखिर ये कौन से प्राणी हैं और कहां से आए हैं? वे धरती पर क्यों आए हैं? क्या उन्हें हराया जा सकता है? फिल्म की इस नई किस्त को बनाने के दौरान कुछ ऐसे ही सवाल कैसिंस्की ने खुद से भी पूछे। वे आगे कहते हैं, मैं खासकर इस बात से हैरान हूं कि आखिर न्यूयॉर्क जैसे इतने बड़े शहर में शोरगुल में रहने वाले लाखों लोगों की प्रतिक्रिया कैसी होगी। मैं एक ऐसी जगह लेना चाहता था जिससे सब वाकिफ हों और उसे मैं बहुत ही अलग किस्म के माहौल में ढालना चाहता था।

# पांच लाख बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन 'ए' की खुराक, अभियान का हुआ आगाज

अवधनामा ब्यूरो



बच्चों को विटामिन ए का खुराक पिलाते सीएमओ

- सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया और डीआईओ ने बच्चों को सिरप पिला कर किया अभियान की शुरूआत
- नौ माह से पांच वर्ष की अवस्था तक विटामिन ए की नौ खुराक से मिलता है बच्चे को पोषण

**कुशीनगर।** जिले में करीब पांच लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। नौ माह से पांच वर्ष तक की अवस्था के बच्चों को इस सीरप का कुल नौ खुराक लेना अनिवार्य है। ऐसा करने से बच्चों को पोषण मिलता है और उनका बीमारियों से बचाव भी होता है। इसके लिए एक माह तक अभियान चलेगा जिसका आगाज बुधवार से हो गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने उप स्वास्थ्य केन्द्र सोहरौना तथा डीआईओ डॉ. एसएन त्रिपाठी ने महिला चिकित्सालय पडरौना पर बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिला कर इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पटारिया ने बताया कि इस अभियान में एएनएम का सहयोग सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करेंगी। बच्चों को यह दवा खसरे से बचाव के प्रथम और दूसरे टीके के साथ दी जाती है और इसके अलावा प्रत्येक छह माह पर अभियान के दौरान भी इसका सेवन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विटामिन ए की कमी बच्चों के विकास को बाधित कर सकती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बाधित करती है।

विटामिन ए की खुराक बच्चों को कुपोषण, मिजिल्स, डायरिया और रतौंधी से बचाती है. यह बच्चे के विकास में मददगार है. इसके सेवन से निमोनिया और डायरिया का खतरा कम हो जाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने बताया कि शरीर में विटामिन ए की कमी से रोग प्रतिरोधक क्षमता घटती है। आंख कमजोर होने की आशंका होती है। इसकी कमी से बच्चे के शरीर बढ़ने में भी कमी आ सकती है। छाया वीएचएसएनडी और छाया यूएचएसएनडी सत्रों पर बच्चों को लाकर इस दवा का करवाया जाता है। प्रत्येक सरकारी अस्पताल में यह दवा उपलब्ध है।

## फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

**कौशाम्बी।** सरांय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव मे आम के पेड़ से लटकता हुआ युवक का शव मिला है ग्रामीणों की सुचना पर मौके पर नजदीकी चौकी की पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सरांय अकिल थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी हिमांशू पुत्र ज्ञानसिंह उम्र लगभग 20 वर्ष की मंगलवार की रात तिल्हापुर गांव के बाहर पुलिया के पास आम के पेड़ मे लटकता हुआ शव मिला है सुबह होते ही गांव के लोगों ने पेड़ में शव देखा तो इसकी जानकारी नजदीकी चौकी पुलिस को दी गई वा परिजनो को जानकारी मिली तो मौके पर पहुंचे परिजन व चौकी पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पोस्पमार्टम के लिये भेज दिया है फिलहाल फांसी लगाने का कोई कारण सामने नही आया है लेकिन ग्रामीणों की चर्चाओं पर जायें तो घटना के पीछे तरह तरह की बू आ रही है कि युवक की हत्या कर कोई अपना अपराध छुपाने के लिये लाश को पेड़ से लटका दिया गया है।

# मुठभेड़ में दो गो तस्करों को लगी गोली, 20 गोवंश बरामद

अवधनामा ब्यूरो



- तरया सुजान थाना क्षेत्र के हफुआ बलिराम पोखरे पास हुई मुठभेड़

**कुशीनगर।** तरयासुजान के हफुआ बलिराम पोखरे के पास बुधवार तड़के ट्रक सवार गो तस्करों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से दो गो तस्कर घायल हो गए। दोनों की पहचान संतकबीरनगर के बखीरा थाने के कोपिया के रामछैल व खलीलाबाद थाने के मोहद्दीपुर के जकरूल अहमद उर्फ नीनक के रूप में हुई। उनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। ट्रक पर 20 गोवंश मिले। तस्कर संतकबीरनगर से गोवंश की खेप लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तरयासुजान के थानेदार आशुतोष सिंह तड़के तीन बजे गश्त कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि गो तस्कर गोवंश की खेप लेकर बिहार की तरफ जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम फोरलेन पर हफुआ बलिराम पोखरे के पास वाहनों की जांच में जुट गई। कुछ ही समय में पटहेरवा की ओर से एक ट्रक आता दिखा। पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया तो ट्रक चालक वाहन को तेजी से भगाने लगा। पीछा करने पर ट्रक रोक सवार दो युवक फोरलेन से उतर पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए खेत की तरफ भागे। जवाबी कार्रवाई में रामछैल के बाएं तथा जकरूल के दाएं पैर में गोली लगी और दोनों गिर पड़े। दोनों के पास से एक एक तमंचा व दो दो कारतूस बरामद हुआ। मौके से पुलिस को खोखा भी मिला है। घायल गो तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी धवल जायसवाल ने जिला अस्पताल पहुंच तस्करों से पूछताछ की। बताया कि दोनों का आपराधिक इतिहास है। उनके विरुद्ध कुशीनगर व संतकबीरनगर जिले में गो तस्करी, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## बाल स्वास्थ्य पोषण माह का सीएमओ ने किया शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय पर आयोजित बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय कुमार जिला सर्विलांस अधिकारी डब्लूएचओ डॉ जकारिया चौहान डीएमसी यूनिसेफ अनुराग तथा वीसीसीएम दीपक शुक्ला आदि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में एक माह तक आयोजित होने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी तथा जनपद में लक्षित 240000 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए बच्चों को कुपोषण रतौंधी खसरा शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक दस्त से बचाव हड्डी को मजबूती प्रदान करने तथा अन्य आंख सम्बन्धित बीमारी से बचाता है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि प्रत्येक बुधवार व शनिवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 09 माह से 05 वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन-ए की खुराक देना अनिवार्य है।

## आशुतोष तिवारी के निधन पर शोक



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर के महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी इसी क्रम बुधवार को शीर्ष नेतृत्व के आवाह्न पर जिला अध्यक्ष कौशाम्बी गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में नगर पंचायत चरवा के आदर्श ग्राम सभा इंटर कॉलेज मे शोक सभा का आयोजन हुआ तत्पश्चात दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई हम सभी कांग्रेसजन इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ हैं। शोक व्यक्त करने वालों में आदिल जाफरी सम्मू अल्कमा उस्मानी, उदय यादव, सुरेंद्र शुक्ला, सचिन पाण्डेय, मोहम्मद फरमान,निक्की पाण्डेय,अजय पांडेय, मोहम्मद एहसान, कैलाश केशरवानी, अशोक पांडेय भैय्यन मिश्रा, विक्की तिवारी, विनोद भाई, किशन त्रिपाठी, उज्ज्वल, उपाध्याय, बाबा शुक्ला, गुड्डू केशरवानी, राम हर्ष पाल, अमित पाण्डेय,गुड्डु रैदास,अजय सरोज, ज्ञानदेव यादव, राकेश पाल, प्रदीप गौतम सहित तमाम कांग्रेसजनों ने शोक व्यक्त किया।

## नवागत जिलाधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना तथा पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता नवागत जिलाधिकारी मधुसूदन ने बुधवार कोकोषागार कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी कौशाम्बी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। नवागत जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना तथा पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के साथ ही जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि निर्माण कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने का प्रयास रहेंगा। लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण के साथ ही पौधो के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जायेंगा। विद्यालयों में निपुण भारत को पूर्णतः क्रियान्वित कराने का प्रयास रहेंगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा तथा उप जिलाधिकारी आकाश सिंह उपस्थित रहें नवागत जिलाधिकारी 2015 बैच के आई0ए0एस0 अधिकारी है। गृह जनपद बेलगाम (कर्नाटक) है।

## कैंटीन संचालन के इच्छुक 28 जून तक करें आवेदन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के आजीविका के सकारात्मक सुधार हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद में शक्ति रसोई के नाम से कैंटीन का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि डे-एनयूएलएम योजनान्तर्गत (डूडा द्वारा) गठित समस्त स्वयं सहायता समूहों एरिया लेवल फेडरेशन को सूचित किया है कि जो स्वयं सहायता समूह एएलएफ कैंटीन संचालन हेतु इच्छुक डूडा कार्यालय से सम्पर्क कर 28 जून 2024 तक आवेदन कर सकते है एवं अन्तिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा मानक एवं पात्रता की शर्ते डूडा कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा की गयी है।

## उमस भरी गर्मी में विद्युत कटौती से लोग परेशान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उमस भरी भीषण गर्मी के बीच विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। बुधवार को दिन में नगर अमेठी में बिजली की आवाजाही जारी रही। रात में भी नगर और ग्रामीण अंचल में बिजली की आवाजाही ने लोगों को परेशान कर दिया। लोगों की नींद हराम हो गई थोड़ी थोड़ी देर बाद बिजली आती-जाती रही ऐसे में लोग काफी परेशान हुए। उमस भरी गर्मी ने लोगों की नींद गायब कर दी थी उसमें विद्युत कटौती अहम किरदार निभा रही थी। पीठीपुर विद्युत उपकेंद्र से आच्छादित गांवों में सर्वाधिक विद्युत कटौती होती रही।पिछले कई दिन से लगातार बिजली की आवाजाही होती रही है नगर और ग्रामीण अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में भी विद्युत कटौती ने लोगों को त्रस्त कर दिया है।

## खनन विभाग ने की कार्रवाई

**कौशाम्बी।** नगर पालिका मंझनपुर के वार्ड विकास कार्यो की बाट जोह रहे है। नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में नाली इंटर लाकिगं नाला आदि विकास कार्यो का काम नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से नगर पालिका के वार्डो के सभासदे से लेकर जनता में आक्रोश है। योगी सरकार में नगर पालिका मंझनपुर में चार माह से एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना के पहले करोड़ो रूपया का टेंडर निकाला गया था। ठेकेदारों द्वारा टेंडर डाला गया। नगर पालिका की ईओ प्रतिभा सिंह ने टेंडर नहीं खोला, ऐसा आरोप ठेकेदारों द्वारा लगाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले अगर वार्डो में विकास कार्य शुरू हो जाता तो शायद भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा की सीट गवानी नहीं पड़ती। नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में पानी की समस्या, जल निकासी की समस्याओ को लेकर लोग परेशान है। लोगों का कहना है, कि बरसात शुरू हो गई है। जगह-जगह पर गंदा पानी भरा हुआ है।

# बीआरसी गेट व ब्लॉक परिसर में जलजमाव, बढ़ी परेशानी

अवधनामा संवाददाता



बीआरसी गेट पर जलजमाव



खंड विकास परिसर में जलजमाव

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** बुधवार को हल्की सी बारिश के कारण बीआरसी गेट व ब्लॉक परिसर में जलजमाव हो गया। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से जलजमाव की समस्या आए दिन बनी रहती है। इससे आने जाने वाले शिक्षक व अधिकारियों व कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जिम्मेदार इसपर ध्यान नही दे रहे। बता दें कि ब्लॉक संसाधन केंद्र मोतीचक व खंड विकास कार्यालय परिसर में आए दिन हल्की सी बारिश से जलजमाव की स्थिति पैदा हो जाती है। जलनिकसी की समुचित व्यवस्था न होने से परिसर में जलजमाव होता रहता है। बीआरसी में आने वाले शिक्षकों व छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर महिला शिक्षकों को आने जाने में कठिनाई होती है। इसी तरह खंड विकास कार्यालय परिसर में भी जलनिकासी न होने से परिसर तालाब का रूप ले लेता है। यहां भी आने जाने वाले कर्मचारियों को भी दिक्कत सहना पड़ता है। बता दें कि ब्लॉक में पिछले वर्षो लाखों रुपए का टेंडर निकाल कार्य कराया गया लेकिन जलनिकासी पर किसी की नजर नहीं पड़ी। जिम्मेदार भी जानबूझकर अनजान बने हुए है। चूंकि ब्लॉक में सैकड़ों सफाई कर्मी नियुक्त है लेकिन नाले की सफाई करने के लिए किसी ने जहमत नहीं उठाई, जिससे आए दिन हल्की सी बारिश होने से जलजमाव हो जाता है।

## पॉलिथीन का इस्तेमाल रोकने के लिए नगर में निकली जागरूकता रैली



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह व अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह के नेतृत्व में बुधवार को नगर में शासन के मंशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग हेतु रोकथाम एवं जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगो को प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया गया तथा यह भी बताया गया की प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया जायेगा। रैली को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष रामानंद सिंह ने कहा कि नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सबसे पहले हमें घरों और दुकानों पर प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित पालिथीन का प्रयोग बंद करना होगा। इससे शहर की नालियां एवं गंदे नाले पट जाते हैं। कूढ़े के ढेरों में पॉलीथिन न डालें। इसमें सभी घर एवं परिवार, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के लोग इसमें सहभागिता करें। ई ओ मीनू सिंह ने कहा कि पॉलिथीन हमारे जीवन के लिए अभिशाप बन गई है। फिर भी हम लोग इसका प्रयोग जानबूझ कर कर रहे हैं। पालिथीन का प्रयोग बंद हो जाएगा तो प्रकृति हमें सुखी एवं खुशहाल जीवन देगी। इस अवसर पर निकाय कर्मचारी रमाशंकर गुप्ता, ठाकुर सिंह, पंकज भारद्वाज, दीपक मणि, अजय राव सहित निकाय के समस्त कर्मचारी रैली में शामिल रहे।

## बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा रखें ध्यान: जिलाधिकारी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बुधवार को न्यू पीएचसी सोमनाथ में आयोजित 'विटामिन ए सम्पूरण' कार्यक्रम के प्रथम चरण के बूथ का उद्घाटन किया। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में बाल पोषण माह का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भी बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया। इस मौके पर डीएम ने जिम्मेदारों को बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं आइसीडीएस के सहयोग से विटामिन ए सम्पूरण' कार्यक्रम 25 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसमें नौ माह से पांच साल तक बच्चों को नियमित टीकाकरण करते हुए विटामिन-ए पिलाया जाएगा। धात्री माताओं को बाल्य रोगों की रोकथाम के लिए स्तनपान और ऊपरी आहार को बढ़ावा देते हुए बच्चों को कुपोषण से बचाव करना है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि बाल विटामिन ए सम्पूरण' कार्यक्रम में नियमित टीकाकरण सत्र और वीएचएनडी सत्र में 405055 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 427 सत्र लगाए जाएंगे। 427 एएनएम के माध्यम से टीकाकरण सत्रों का संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 66 चिकित्साधिकारियों और 142 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। बताया कि विटामिन-ए बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

## जल्द ही मंझनपुर बस डिपो का सुचारू रूप से संचालन शुरू न हुआ तो होगा अनिश्चितकालीन धरना: अजय

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** मंझनपुर रोडवेज बस डिपो के सुचारू रूप से संचालन को लेकर बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपर क्षेत्रीय प्रबंधक (रोडवेज) हरिओम श्रीवास्तव से भेंट कर वार्ता की। वार्ता के क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंझनपुर बस डिपो की समुचित व्यवस्था, समुचित संचालन, रोडवेज कार्यशाला के संचालन और मंझनपुर बस डिपो से नियमित 50 रोडवेज बस चलाए जाने जैसी मांगो को लेकर चर्चा की। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के कई कार्यकर्ता पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में अपर क्षेत्रीय प्रबंधक (रोडवेज) हरिओम श्रीवास्तव से मंझनपुर बस डिपो स्थित उनके कार्यालय में भेंटकर वार्ता की। वार्ता के क्रम में अजय सोनी ने मंझनपुर बस डिपो में व्याप्त समस्याओं का मुद्दा उठाया। अजय सोनी का कहना था कि सिर्फ नाममात्र के लिए मंझनपुर बस डिपो संचालित है। व्यवस्था के नाम पर यहां कुछ नही है। न तो अब तक यहां की कार्यशाला शुरू हुई न ही पूर्व घोषित 50 बसों का संचालन शुरू हुआ। इतना ही नहीं बल्कि स्टॉफ के नाम पर महज तीन बाबुओं की विभाग ने नियुक्ति की है बाकी का सारा कार्य प्रयागराज से संचालित होता है। न यहां विभागीय अधिकारी नियमित बैठते हैं और न ही संबंधित कर्मचारी और अन्य स्टाफ की की यहां नियुक्ति हुई। आगे कहा कि प्रयागराज से संचालित महज कुछ बसों का यहां ठहराव सिर्फ खानापूर्ति के लिए होता है जिसके चलते यह बस डिपो पूरी तरह उपेक्षा का शिकार है और महज शो पीस साबित ही रहा है। आगे कहा कि भारी अव्यवस्था के चलते यात्रियों को भी यहां दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिससे लोग परेशान होते हैं। लोगों को गैर जनपदों एवं गैर शहरों के आवागमन के लिए यहां से कोई बस संचालित नही है। इस संबंध में अजय सोनी ने अपर क्षेत्रीय प्रबंधक से दो टूक कहा कि जल्द ही मंझनपुर डिपो का सुचारू संचालन न हुआ और यहां से स्थाई रूप से नई बसों का संचालन न शुरू किया गया तो समर्थ किसान पार्टी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। इस मौके पर अजय सोनी के साथ राकेश विश्वकर्मा, फूलचंद्र लोधी, दीपक गौतम, मुन्ना पटेल, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## केला रेशा से आत्मनिर्भर बनी महिलाएं

**अमेठी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से तमाम प्रयास किया जा रहे हैं।इसी क्रम में नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा नब्बे महिलाओ को केला के तने से रेशा निकालकर विभिन्न प्रकार के दैनिक जीवन मे उपयोगी सामान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। बुधवार को नाबार्ड की टीम ने महिलाओ द्वारा किए जा रहे काम का मूल्यांकन किया। केनरा बैंक खारा के शाखा प्रबंधक अच्युत शुक्ल के साथ उनके सहयोगी और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिनव द्विवेदी ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओ से बात की उनके काम की हकीकत जानी। पूरे सर्वजीत सिंह की रहने वाली नरायण देई आज केला से निर्मित बैग पूजा आसनी चटाई बेचकर महीने का चार से पांच हजार रुपया कमाती हैं। उसी से अपनी पूरी गृहस्थी चलाती है। इसी तरह इंद्रावती रमावती रमाकांति चौरसिया इसी काम की बदौलत घर का सारा खर्च चलाती है और बच्चों की पढ़ाई का खर्व भी उठाती है। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओ द्वारा निर्मित उत्पाद को लखनऊ कानपुर दिल्ली के बड़े बड़े मॉल के अलावा विभिन्न प्रदर्शनियों और मेलो मे बेचा जाता है।

# सफाई कार्य में लापरवाही पर चढ़ा चेयरमैन का पारा, लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर को साफ सुथरा व स्वच्छ बनाए रखने के लिए चेयरमैन नवरंग सिंह का प्रयास लगातार जारी हैं। बुधवार दोपहर बाद चेयरमैन ने नगर में हो रही विभिन्न वार्डो में सफाई कार्य का जायजा लिया। मौके पर नाले नालियों में गंदगी मिलने, कूड़ेदान को नियमित रूप से साफ न करने पर उन्होने सफाई कर्मियों को फटकार लगाई और सफाई निरीक्षक को भी हिदायत दिया।

निरीक्षण के क्रम में वार्ड नंबर एक डॉ भीमराव अम्बेडकर नगर, वार्ड नंबर तीन रानी लक्ष्मीबाई नगर, वार्ड नंबर ग्यारह सुभाष चन्द्र बोस नगर, वार्ड नंबर बारह सरदार भगत सिंह नगर, वार्ड नंबर सोलह सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर आदि वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ सफाई कर्मचारी साफ-सफाई पर ध्यान नही देने व कुछ सफाई कर्मी समय से काम पर नही पहुंचने की शिकायत मिली। जिसपर चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि नगर की साफ सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर में जगह जगह लगे कूड़ेदानों को नियमित रूप से खाली कराया जाए। नाले नालियों से सिल्ट को निकाला जाए। जगह जगह बने शौचालयों की भी दैनिक रूप से सफाई की जाए। कीटनाशक दवाओं के छिड़काव से जो इलाके रह गए हैं, उनमें भी दवा का छिड़काव कराया जाए। उन्होने सफाई कर्मियों को हिदायत दी कि साफ सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही की शिकायत उन्हें नहीं मिलनी चाहिए। सफाई कार्य के लिए अब पर्याप्त उपकरण भी नगर पंचायत में मौजूद हैं। उन्होने सफाई नायकों को भी सख्त हिदायत दी कि वह सफाई कार्य का प्रतिदिन निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मैं खुद वार्डों में जाकर देखूंगा। साथ ही कहा कि गाड़ी हर वार्ड में जाती हैं। जहां पर घर का कचरा गलियों में डालने के बजाय कचरा पात्र में डाल कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान सभासद रविंद्र सैनी, अजय मल्ल, विजय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने एमएनसीयू एमएनबीएसयू के संबंध में जागरूकता को लेकर की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित किये गये एमएनसीयू एमएनबीएसयू के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किये जाने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता किया। कहा कि जनपद में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज जगदीशपुर अमेठी बाजार शुकुल में 02-03 बेड का एमएनबीएसयू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई मुसाफिरखाना शाहगढ़ संग्रामपुर भेटुआ भादर जामों सिंहपुर में 02-03 बेड एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज जनपद अमेठी में 16 बेड का एमएनसीयू की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स व प्रसव कार्य हेतु नामित अन्य स्टाफ को राज्य स्तरीय कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब (सीईएल) टीम द्वारा एमएनसीयू/कंगारू मदर केयर का प्रशिक्षण प्रदान करा दिया गया है। जनपद में एमएनसीयू / एमएनबीएसयू की स्थापना से नवजात शिशु एवं धात्री माताओं को नजदीकी चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। चिकित्सालयों में पैदा होने वाले कम वजन के बच्चों को तत्काल एमएनसीयू में भर्ती कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी जिससे उनकी बेहतरीन देखभाल हो सके।

## सूचना

मैं अरूण कुमार तिवारी पुत्र श्री बावादीन तिवारी निवासी- ग्रा.- हंगुरिहनपुरवा, पो.-मरचौर, परसपुर करनैलगंज गोण्डा का पार्टनरशीप फर्म एम.एस. एन्जिल प्रोजेक्ट फर्म निवन्धन, के कार्यालय में पंजीकरण सं.- GON/0001361 जिसने अरुण कुमार तिवारी व श्रीमती मालती तिवारी इसके पार्टनर है फर्म एम.एस. एन्जिल प्रोजेक्ट से श्रीमती मालती तिवारी ने स्वेच्छा से लिखित सूचना देकर पृथक हो गयी है। जिनका फर्म से किसी प्रकार का देयता नही है। मैंने साझेदारी फर्म एम. एस. एन्जिल प्रोजेक्ट में अश्वनी तिवारी पुत्र श्री अरूण तिवारी निवासी ग्रा- छंगुरिहनपुरवा, पो-मरचौर गोण्डा को साझेदार के रूप मे शामिल किया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बहराइच में संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधि.अभि. जल निगम को निर्देश दिया कि आगामी बैठकों में बलरामपुर यूनिट के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय ताकि जिले के शहरी क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं की प्रभावी ढ़ंग से समीक्षा हो सके। हर घर जल प्रमाणीकरण एवं पूर्ण परियोजनाओं के हस्तान्तरण कार्य की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जल निगम के अवर अभियन्ताओं की ओर से प्रस्तुत आख्या के सत्यापन की कार्यवाही 03 दिवस में पूर्ण कर ली जाय। यदि किसी परियोजनाओं में कमी पायी जाती है तो दुरूस्त कराकर योजना को संचालित कराया जाय। खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी अवर अभियन्ता द्वारा फाल्स रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है तो उसे तत्काल डीएम के संज्ञान में लाया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि जल निगम के अधिशासी अभियन्ता व सहायक अभियन्ता स्तर के अधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण कर परियोजनाओं का निरीक्षण कर जीओ टैग फोटोग्राफ्स के साथ आख्या उपलब्ध कराएं। पेयजल परियोजनाओं से क्षतिग्रस्त होने वाली परिसम्पत्तियों की मरम्मत न कराएं जाने पर सम्बन्धित फर्म को भुगतान करते समय नियतानुसार कटौती अवश्य की जाय। बैठक में वर्चुली प्रतिभाग कर रहे खण्ड विकास अधिकारियों को डीएम ने निर्देश दिया कि ब्लाक मुख्यालयों नेट कनेक्टीविटी अच्छी रखें ताकि डाटा फीडिंग तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग करते समय समस्या न हो। बैठक के दौरान अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि हर घर जल परियोजना में 548 के सापेक्ष 331 ग्रामों के सत्यापन का कार्य पूर्ण हो गया है। इस सम्बन्ध में डीएम द्वारा निर्देश दिया गया विशेष अभियान संचालित कर 01 सप्ताह में सत्यापन की पूर्ण कर परियोजनाओं को हैण्डओवर कर दिया जाय। बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी तथा एसडीएम व बीडीओ वर्चुअली मौजूद रहे।

# ए एच टी यू टीम ने चलाया चैकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता

**दस किशोर श्रमिक बालश्रम करते पकड़े गये**

**ललितपुर।** थाना एएचटीयू श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन व चाइल्ड़ लाइन की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान में चौकिंग के दौरान कुल 10 किशोर श्रमिक बालश्रम करते पाये गये। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं एडीएम/नोडल अधिकारी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं यूनिट (एएचटीयू) उ.नि. योगेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष एएचटीयू मय हमराह म.का. कल्पना बाजपेयी व श्रम विभाग से चन्दन सिंह, कुलदीप गुप्ता, जिला प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड़ लाइन की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान ललितपुर में होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड़ आदि स्थानों पर एएचटीयू व श्रम विभाग व जिला प्रोबेशन व चाइल्ड लाइन की संयुक्त की टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों, कारखानों ऑटोमोबाइल उद्योग कारोबारियों व दुकानदारों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया गया व हिदायत दी गयी किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर से बालश्रम न कराया जाये ऐसा करना दंडनीय अपराध है। चौकिंग अभियान के दौरान कुल 10 किशोर श्रमिक बालश्रम करते मिले, संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम करते हुये पाये गये बच्चों का मेडीकल परीक्षण कराया गया, मेडीकल परीक्षण के उपरान्त श्रम विभाग द्वारा बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को उनके अभिभावकों को सुपुर्द किया गया।

## बच्चों को विटामिन ए की खुराक जरूर पिलायें

**ललितपुर।** जिला चिकित्सालय के प्रसवोत्तर केन्द्र में विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने सीएमओ के साथ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाते हुये जन सामान्य से बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने हेतु अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने कहा कि सरकार का द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुये यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रदेश में वर्ष में दो चरणों में छ्ः माह के अन्तराल पर विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाती है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान ने बताया कि अभियान के दौरान छूटे हुये बच्चों के लिये आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त सत्रों का आयोजन करते हुये विटामिन ए की खुराक पिलाई जायेगी। चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश भारती ने बताया कि प्रत्येक सत्र में कम से कम तीन विटामिन ए की बोतलों की उपलब्धता होनी चाहिए।

# मनुष्य जन्म की प्रथम गुरू उसकी मां होती है: मलूक पीठाधीश्वर

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** साकेतवासी महामंडलेश्वर परमपूज्यश्री बालकृष्णदासजी महाराज की पावन पुण्य स्मृति के अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत महोत्सव को लेकर जगदगुरु द्वाराचार्य मलूकपीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज के परम सान्निध्य में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा के विशाल सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में जगतगुरू द्वाराचार्य मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास जी महाराज ने कहा कि जिस व्यक्ति ने इस जन्म अथवा जन्मान्तर में कोई विशिष्ट आराधना उपासना की है, उसे सद्पुत्र की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि व्यक्ति के मनुष्य जन्म की प्रथम गुरू उसकी मां होती है। उसके बाद उसका पिता, जो कि बच्चों का पालन पोषण करता है और सद्आचरण के साथ एक सशक्त सद्आचरण का पालन करता है, उसकी संतान बेहतर इंसान बनकर परोपकार की भावना रखती है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा विद्यालयों में पाठ्यक्रम के जरिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अध्याय को पढ़ाये जाने वाले फैसले को लेकर मलूक पीठाधीश्वर ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। यदि राष्ट्रीय स्तर पर इसे लागू किया जाता है तो पूरे राष्ट्र को इससे लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश के सबसे पिछड़े बुन्देलखण्ड के अंतिम जनपद ललितपुर में तेजी से बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों को लेकर जगदगुरू द्वाराचार्य मलूक पीठाधीश्वर डा.राजेन्द्रदास जी महाराज ने कहा कि यह एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के इस अविवेकपूर्ण कृत्य का दुष्परिणाम है। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## त्रिकोलिया सुमेरपुर के ग्रामीण पहुंचे डीएम के जनता दर्शन में



**बहराइच।** तहसील व थाना पयागपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत त्रिकोलिया सुमेरपुर के निवासियों ने जनता दर्शन में जिलाधिकारी मोनिका रानी के समक्ष उपस्थित होकर सामूहिक रूप से प्रार्थना-पत्र दिया कि क्षेत्र में बढती हुई चोरियों से ग्रामवासी दहशत में है। ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में डीएम द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## लंगूर के मृत्यु उपरांत ग्रामीणों ने किया भंडारा



**सुल्तानपुर बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के ग्राम,कस्बामाफियात पूरे साहनी में अचानक पेड़ से लंगूर गिर गया था।जिसका उपचार स्थानीय ग्रामीण ने बल्दीराय पशु चिकित्सा टीम द्वारा कराया गया था, ओ लेकिन लंगूर की मौत हो गई ।जिसके बाद ग्रामीणों ने सुबह ही गांव में विंध्याचल मां के चबूतरे पर पूजा पाठ कर बजरंग बली का विशाल भंडारा दोपहर 2 बजे ही शुरू कर दिया। भंडारा देर रात तक चलता रहा।भंडारे को सफल बनाने के लिए लाल चंद,ईश्वर चंद्र,कर्म चंद बर्मा,सुरेंद्र,रामकरन विश्वकर्मा,बजरंग दल के ननकऊ साहू,विशाल जयसवाल,दुर्गेश प्रजापति रामसुभावन ब्रजनाथ यादव,राजदेव शिक्षक,स्थानीय गांव प्रधान पति डॉ श्याम नारायण सोनकर, आलोक,राजेश बर्मा, आदि लोग जुटे रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल की बैठक हुई संपन्न



**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय लोकदल सुलतानपुर की समीक्षा बैठक इसौली विधानसभा मे सहाबा गंज बाजार कार्यालय पर आयोजित हुई। मुख्य अतिथि माननीय चौधरी राम सिंह पटेल क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध छेत्र राष्ट्रीय लोकदल रहे। राष्ट्रीय लोकदल किसानों कामगारों एवं युवाओं की समस्याओं को लेकर गंभीर है।सरकार मे सहयोगी होने के कारण किसानों एवं कामगारों की समस्याओं को प्राथमिकताओं निराकरण की जिम्मेदारी हम सभी की है। यह बात जिला कर समिति की बैठक मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने व्यक्त किया। श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है आप सभी अधिक से अधिक सदस्य बनाकर राष्ट्रीय लोकदल विस्तार करे और आगामी चुनाव मे लड़ने के लिए पूर्वान्चल अवध मे संघटन बूथ तक मजबूत हो तब हम गठबन्धन मे सीटें माँगे राष्ट्रीय लोकदल की समीक्षा बैठक इसौली विधानसभा के सहाबा गंज बाजार मे राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष बेलाल अहम की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव शाह आलम के संचालन में संपन्न हुई। बैठक मे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सौरभ मिश्र, क्षेत्रीय महासचिव बसन्त लाल बरनवाल, सचिव शफीक ख़ान,मोहम्मद जुबैर जिला उपाध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित किया। इस मौके पर शाह आलम दुर्गेश पान्डेय, अनिल यादव ,ओम प्रकाश कोरी, सुरेश वर्मा, अरशद अली, जैनेन्द्र सिंह मोहम्मद अरमान राम लौट सरोज प्रमुख रूप मौजूद रहे।

## रास्ते में रोककर 55 हजार रुपये व जेवरात छीनने का आरोप



**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिलगन निवासी काशीराम पुत्र किशोरीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपने निर्माणाधीन मकान का काम देखकर मां रामदेवी के साथ मोटर साइकिल से ललितपुर सीमेन्ट लेने के लिए आ रही थी। बताया कि वह जैसे ही वह राजघाट रोड स्थित रिंकू की दुकान के सामने पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुये गालियां दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने निर्माणाधीन भवन पर छत डालने का विरोध करते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में सीमेंट खरीदने के लिए रखे करीब 55 हजार रुपये उक्त लोगों ने छीन लिये और उसकी मां का हाथ पकड़कर सोने की कील, सोने की पुतरिया भी छीन ली। शोरगुल सुनकर मौके पर कुछ लोग आ गये, जिन्होंने उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने बताया कि वह मामले की जानकारी लगने परचौकी दैलवारा पुलिस के अधिकारी भी मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर उक्त लोग भाग गये। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर जानमाल की सुरक्षा कराते हुये छीने गये रुपये व सामान वापस दिलाने की मांग उठायी है।

# तीस जून को मुख्यालय पर कैण्डिल मार्च निकालेंगे निविदा-संविदा कर्मचारी

**ललितपुर।** उ.प्र.पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ द्वारा उ.प्र.पावर कार्पोरेशन व इसके सहयोग निगमों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों का पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा कार्य के अनुबन्ध न करने, वेतन भुगतान में भेदभाव करने, समान कार्य का समान वेतन न देने, मार्च 2023 में हटाये गये कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, ई.पी.एफ. घोटाले की जांच न कराने, सुरक्षा उपकरण में किये गये बगैर दबाव बनाकर कार्य कराने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस उपचार न कराने, दुर्घटनाओं में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों के अपंग एवं मृत्यु होने पर 13 हजार रुपये के अनुबंध पर पूर्व से कार्य कर रहे प्रशिक्षित एवं अनुभवी संविदा उपकेन्द्र परिचालकों के स्थान पर 30 हजार रुपये के अनुबन्ध में सैनिक कल्याण निगम से संविदा उपकेन्द्र परिचालकों को तैनात करने आदि कारणों को लेकर विगत 16 जून से जागरूकता अभियान चलाने, 30 जून को जिला मुख्यालयों पर कैण्डिल मार्च निकालने, 8 जुलाई को शक्ति भवन लखनऊ पर धरना प्रदर्शन करने एवं 9 जुलाई से कार्य बहिष्कार कर जिला मुख्यालयों से लेकर शक्ति भवन लखनऊ तक धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। इन कार्यक्रमों को लेकर आज मण्डलाध्यक्ष विनय मिश्रा व कार्यवाहक महामंत्री अब्दुल हक ने संयुक्त रूप से अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय/वितरण मण्डल ललितपुर को एक पत्र भेजा है।

# गुप्तारगंज में व्यापारी की हुई हत्या मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन /श्रीमान क्षेत्राधिकरी बल्दीराय के कुशल मार्गदर्शन में तलाश वांछित अभियुक्त/ स्थान में जनपद सुलतानपुर मे थाना कूरेभार टीम द्वारा दौराने देखभाल ,क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध वाहन, व्यक्ति तलाश वाँछित अपराधी की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर दिनाँक 24/06/2024 को श्रीमती इन्द्रावती उम्र करीब 57 वर्ष पत्नी बिन्देश्वरी जायसवाल, ग्राम गुप्तारगंज, थाना कूरेभार, जनपद सुलतानपुर के लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 143/2024 धारा 302,394,406,506,34 भादवि बनाम 1. मिर्जा अतीक बेग उर्फ गाधी पुत्र शंकील बेग निवासी ग्राम मुजेश थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर 2.शादाब बेग पुत्र शंकील बेग निवासी ग्राम मुजेश थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर 3.जुनैद बेग पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात 4.प्रियांशू दूबे पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात 5. एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात के पंजीकृत करके विवेचना सम्पादित की जा रही है । थाना कूरेभार अभियुक्त 1. प्रियांशु द्विवेदी उर्फ रजत पुत्र रूपेश द्विवेदी नि0 ग्राम अहिरौली मलिकपुर थाना को0 देहात जनपद सुलतानपुर 2. मो0 अलफैज पुत्र गुल्जार अहमद नि0 ग्राम अहिरौली मलिकपुर थाना को0 देहात जनपद सुलतानपुर को दिनांक 25/06/2024 को समय करीब 20.10 बजे सुदनापुर फुलौना मार्ग एक्सप्रेस वे अण्डरपास के निकट से गिरफ्तार कर एक अदद पिस्टल (आलाकत्ल) जिससे अभियुक्त द्वारा गोली मारी गयी थी व 3-मिर्जा अतीक बेग उर्फ गांधी पुत्र मिर्जा सकील बेग 4-मिर्जा शादाब बेग पुत्र मिर्जा सकील बेग 5- मिर्जा जुनैद बेग पुत्र मिर्जा तुफैल बेग निवासीगण मुजेश, को दिनांक 26/06/2024 को समय करीब 06.20 बजे हलियापुर जाने वाले मार्ग पर ऐनपुर डबल नहर के पास से गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण करके विधिक कार्यवाही की गई।

# आधुनिक दवाओं के दुष्प्रभाव से बचने के लिए आयुर्वेद अपनाना जरूरी

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जनपद मुख्यालय के रामलीला मैदान में 21 जून 2024 को त्रिमूर्ति पीजीबी प्रा0 लि0 कम्पनी का द्वितीय स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में कम्पनी के तीनों डायरेक्टर और कम्पनी के सभी सीनियर लीडर साथी भी उपस्थित हुए। कम्पनी में जो अच्छे लीडर साथी काम कर रहे है। कम्पनी ने सभी लीडर साथियों को सम्मानित भी किया और कम्पनी का मुख्य उद्देश्य है कि भारत से बीमारी और बेरोज़गारी को मिटाना कम्पनी ने संकल्प लिया है कि आने वाले 5 वर्षों में लाखों लोगों को रोजगार देकर सभी को आर्थिक आजादी दिलाना त्रिमूर्ति कम्पनी के संस्थापक बृजेश कुमार जायसवाल जी ने कहा कि देश में आधुनिक दवाओं के घातक दुष्प्रभाव से बचने के लिए आयुर्वेद अपनाना जरूरी है और कम्पनी के डायरेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इस समय समाज में बहुत सारी कम्पनियां चल रही है युवा पीढ़ी सही और ग़लत समझ कर सही कम्पनी में अपना कैरियर बनाएं। और कम्पनी के तीसरे डायरेक्टर गौरीशंकर जायसवाल जी ने कम्पनी के दो वर्षों में जो त्रिमूर्ति कम्पनी ने उपलब्धि हासिल किया है उसके विषय में जानकारी दी। इस मौके पर कम्पनी के सीनियर लीडर ओम प्रकाश यादव, सुरेश चंद्र पांडेय, जितेन्द्र जायसवाल, आदर्श जायसवाल, प्रेमजी जायसवाल, डाक्टर धर्मेंद्र शुक्ला, नन्दलाल मौर्या, देवेन्द्र सिंह,मो जूल्फकार अहमद, श्रीमती सुनीता वर्मा, पूनम श्रीवास्तव, उषा गौतम, लक्ष्मी गौतम, मिथलेश वर्मा, मधुबाला जायसवाल, चांदनी जायसवाल और सुलतानपुर आफिस में ब्रांच मैनेजर सरिता यादव आदि सैकड़ों लोगों ने केक काटकर कम्पनी का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत गोबरहा, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 27-06-2024 से 02-07-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 03-07-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**प्रिंसी यादव**
**ग्राम प्रधान- गोबरहा**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**अजय मिश्र**
**सचिव- गोबरहा**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**



आज़ादी का अमृत महोत्सव

# उत्तर रेलवे

## निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. भिलाई स्टील प्लान्ट के विभिन्न गड्ढो से सूखे एवं गीले मिल – स्केल का अलगाव करके एजेन्सी के अपने खर्चो पर सूखे मिल – स्केल का संग्रहण करके लादना तथा उसे थर्मिट पोर्शन प्लान्ट, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ के परिसर तक पहुचाना व थर्मिट पोर्शन प्लान्ट, उत्तर रेलवे, चारबाग लखनऊ के आवश्यकता अनुसार निर्धारित भण्डार गृह में उतार करके व्यवस्थित करना।<br>2. प्रीफैब्रिकेटेड थ्री पीस मोल्ड, लूटिंग सैंड और ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न मदो की नमी मुक्त पैकिंग हेतु प्लेन पॉलीथिन का थर्मिट पोर्शन प्लान्ट, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ के स्पेशिफिकेशन/डिजाइन/ड्राइंग/नमूना के अनुसार उत्पादन और आपूर्ति। |
| 2 | अनुमानित लागत<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. रु. 17137212.36 (रु. एक करोड़ इकहत्तर लाख सैतीस हजार दो सौ बारह और छत्तीस पैसा मात्र)<br>2. रु. 68677096.44 (रु. छः करोड़ छियासी लाख सतहत्तर हजार छियानबे और चौवालिस पैसा मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. रु. 235700.00<br>2. रु. 491900.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह<br>2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. 05.07.2024<br>2. 05.07.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. निविदा 19.07.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15.30 बले खोली जायेगी।<br>2. निविदा 19.07.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15.30 बले खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें |
| अ | तकनीकी<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों मे से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो या<br>एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रुपये में N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य<br>02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25<br>03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. "कोई भी इंजीनियरिंग कार्य" या "परिवहन कार्य"<br>2. "प्रीफैब्रिकेटेड मोल्ड/कुसिबल चार्ज/ए.टी. वेल्डिंग थिम्बल का उत्पादन और आपूर्ति" या "स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य" |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ |

नोटः 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.–02 एंड 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–2025
दिनांकः 24.06.2024
1906/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अवैध वसूली के आरोप में डीएम द्वारा की गयी बड़ी कार्यवाही

अवधनामा ब्यूरो

- सामान्यतः वांछित नकल एक सप्ताह के अन्दर देने का था प्राविधान, तीन बार आने के बाद भी नकल देने में की जा रही थी हीला-हवाली

**सोनभद्र।** डिप्टी कलेक्टर, मुख्यालय/ प्रभारी अधिकारी, राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट प्रमोद कुमार तिवारी ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के समक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा मोबाइल नम्बर-7068011111 द्वारा 18 जून, 2024 को प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया गया कि वे राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट सोनभद्र नियमानुसार अभिलेख का मुआयना कराकर नकल वास्ते 03 जून, 2024 को प्रार्थना पत्र दिया था। सामान्यतः वांछित नकल एक सप्ताह के अन्दर दिये जाने का प्राविधान है, लेकिन तीन बार आने के बाद भी नकल नहीं दी जा रही है और हर बार 1000-2000 रूपये भी जमा करा लेने पर अभी भी राजस्व अभिलेखागार में कार्यरत श्री पाठक उपरोक्त के द्वारा पाँच हजार रूपये की मांग की जा रही है और तभी नकल दिये जाने की बात की जा रही है, जिस पर उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की गयी है।

जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को शिकायती प्रार्थन पत्र में अंकित तथ्यों की जाँचकर रामअनुज पाठक प्राइवेट व्यक्ति के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर कराते हुए छबिन्द्र नाथ सिंह राजस्व अभिलेखपाल के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0) सोनभद्र के पृष्ठांकन आदेश दिनांक 18 जून, .2024 के अनुपालन में कृष्ण कुमार मिश्रा के प्रार्थना पत्र पर जाँच करने के क्रम में राजस्व अभिलेखागार में कार्यरत कर्मचारी खुशबू शर्मा कनिष्ठ सहायक व प्रेमचन्द वरिष्ठ सहायक का बयान लेने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि रामाअनुज पाठक (अज्ञात उपरोक्त द्वारा अनधिकृत ढंग से राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट सोनभद्र में नवम्बर, 2023 के पूर्व से अभिलेखों के फोटो स्टेट करने का कार्य करते हुए शिकायतकर्ता उपरोक्त से नकल प्रार्थना पत्र संख्या-12957 दिनांक 03.06.2024 के एवज में उत्कोच के रुप में धनराशि की माँग की गयी, जिस शासन/प्रशासन की जीरो टॉरलेन्स की नीति के विरुद्ध इसके द्वारा छवि धूमिल करने का कृत्य किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में श्री रामअनुज पाठक (अज्ञात) के विरूद्ध नकल निर्गत कराने के नाम आम जनता से अवैध धन उगाही करने के लिये दोषी पाये जाने के दृष्टिगत उनके विरुद्ध सुसंगत धारा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित को दिया गया है।

# मौदहा के छात्रों ने एएमयू की प्रवेश परीक्षा में किया अच्छा प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** बीते दिनों आयोजित हुई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के 11वीं एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को देर रात घोषित हुआ। जिसमें मौदहा कस्बे के दर्जनों छात्रों ने सफलता पाकर अपने माता-पिता सहित गुरूजनो का नाम रौशन किया है। जिसके उपरांत कोचिंग अध्यापको ने उत्तीर्ण मेधावियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। बुधवार को कस्बे में संचालित एक इंस्टीट्यूट निरंतर पिछले कई वर्ष से क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए छात्र छात्राओं को निखारने का काम कर रही है, जिसके बाद नतीजा आने पर इंस्टीट्यूट के अध्यापक खुशी से गदगद हैं। जिसमें पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के 11वीं एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा सफलता का परचम लहराया है। जिसमें छात्र मुदस्सिर मकसूद ने 11वीं में आल इंडिया रैंक 394 एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग में आल इंडिया रैंक 30 हासिल कर परिवार सहित कोचिंग का नाम रौशन किया है। वहीं मोहम्मद तमकीन वारसी ने डिप्लोमा इंजीनियरिंग में 198 रैंक हासिल कर सफलता पाई है। इसी तरह आसिया मुश्ताक, ऐजान अफजल, अक्शा तबरेज, मोहम्मद शफी, मोहम्मद शाद, आरिफा, रोहन वर्मा ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार सहित कोचिंग को गौरवान्वित किया है। उत्तीर्ण सभी मेधावियों का रयान इंस्टीट्यूट के संचालक फरीद अहमद (बाबू जी) सर एवं समस्त अध्यापकों द्वारा फूल माला पहना मुंह मीठा कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान वरिष्ठ अध्यापक मुजीब अहमद, आमिर खान, मोहम्मद अहमद, जकीर अहमद, आसिफ रियाज़, तौफीक अहमद व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# पुरानी रंजीश को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे व चाकू, आधा दर्जन घायल

- घटना के बाद सुचना पर नहीं पहुंची जुगैल पुलिस तो चोपन में कर दिया चक्का जाम

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/ सोनभद्र।** बिते मंगलवार को जहां एक तरफ लोग बाग हो रही बरसात का लुत्फ उठा रहे थे कहीं न मौसम में आई नर्माहट का आनंद चोपन पुलिस भी ले रही थी तभी सुचना मिली कि कुछ लोग घायल अवस्था में आकर चोपन वैरियर पर वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर चक्का जाम कर दिये हैं खबर मिलते ही तत्काल चोपन पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि मामला जुगैल थाना क्षेत्र का है जहां मारपीट चाकू बाजी के बाद पिड़ितो द्वारा जुगैल पुलिस को सूचना दी गई लेकिन घंटों बित जाने के बाद जब कोई नहीं पहुंचा तो गुस्साये पिड़ितो ने चोपन आकर चक्का जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर शाम को जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट के पास पुरानी रंजीश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें चाकू लाठी डंडे से तकरीबन आधा दर्जन लोग घायल हो गए घटना के बाद घायलों ने जब इसकी सूचना पीआरबी 112 को दी तो घंटों बित जाने के बाद भी मौके पर पुलिस नहीं पहुंची जिससे नाराज होकर सभी घायल चोपन वैरियर पर आकर वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात्रि 11ः00 बजे चक्का जाम कर प्रदर्शन करने लगे जिससे कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित हो गया वही मामले की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची चोपन पुलिस ने चक्का जाम कर रहे लोगों से बातचीत कर मामले के बारे में जानकारी ली और सभी घायलों को तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायलों में शिवम 21 वर्ष मुन्ना, कमलेश 22 वर्ष पुत्र मुन्ना , शकुन्तला 46 वर्ष पत्नी मुन्ना , विमलेश 24 वर्ष पुत्र मुन्ना, रितेश पुत्र मुन्ना को इलाज हेतु भर्ती कराया गया वहीं घायलों का कहना था कि दूसरे पक्ष से तकरीबन दर्जन भर लोगों ने हाथों में चाकू लाठी एवं डंडे से हमला किया जिसमें परिवार की महिला समेत पुरुष घायल हो गए। वहीं इस बाबत ओबरा पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय ने बताया कि सभी घायल सुरक्षित हैं आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# बालश्रम की टूटी कमर, 25 नाबालिग बच्चों को कराया गया बालश्रम से

अवधनामा ब्यूरो

- चोपन, ओबरा मार्केट से पच्चीस बच्चों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में ब्लाक चोपन अन्तर्गत चोपन,ओबरा मार्केट के विभिन्न स्थानों पर होटलों, ढाबों एवं मोटर पार्ट्स की दुकानों पर बालश्रम उन्मूलन अभियान श्रम विभाग, जिला प्रोवेशन विभाग, थाना मानव तस्करी रोधी एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया अभियान के दौरान कुल पच्चीस बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए सम्बंधित बीस नियोक्ताओ पर विधिक कार्यवाही की गयी। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि बाल श्रम, बाल भिक्षा वृत्ति, बाल विवाह एवं बाल तस्करी के रोकथाम हेतु जनपद के सभी ब्लाको में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक जुलाई माह से आहूत कराते हुए कार्ययोजना तैयार किया जाएगा जिससे ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से ग्राम स्तर पर बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु पात्र बच्चों का चिन्हांकन कराते हुए उन्हे विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाएगा साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल भिक्षा वृत्ति से मुक्त कराये गये बच्चों का समिति के माध्यम से अनुश्रवण कराया जाएगा।

टीम मे मौकै पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी रामकुमार,शिवेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश चंद्र सरोज, जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, थाना मानव तस्करी रोधी एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव, आरक्षी अमन द्विवेदी, मुख्य आरक्षी मंजीत कुमार पटेल ,चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट से सुपरवाइजर धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे।

# जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



- जिले को पिछड़ेपन से बाहर करने के लिए बैंक जनता के साथ करें सकारात्मक सहयोग: जिलाधिकारी
- बैंक जनता के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते हुए रोजगार परक योजनाओं में निभाये अपनी अहम भूमिका: डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बीते शायं को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैंकों की जिला सलाहकार समिति/डीसीसी के सम्बन्ध बैंक मैनेजर व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैंक जनता के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते हुए रोजगार परक योजनाओं को मूर्त रूप देने में सकारात्मक सहयोग कर जिले के विकास में सार्थक भूमिका निभाएं। जिले के सभी बैंक भारत सरकार और रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों के प्रति नियमित जिम्मेदारी के साथ ही मानवीय नैतिकता भी निभायें और जिले को पिछड़ेपन से बाहर करने के लिए बैंक जनता से सकारात्मक सहयोग करना सुनिश्चित करें। बैंक अपने कार्यों में सुधार लायें, अन्यथा की दशा में कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहें।

उन्होंने कहा कि बैठक में बैंक मैनेजर द्वारा स्वयं उपस्थित न होकर छोटे कर्मचारी को भेजा जाता है, जिन्हें विभागीय जानकारी न होने के साथ ही योजनाओं की जानकारी नहीं रहता, जो लापरवाही का द्योतक है। बैठक में अनुपस्थित मैनेजर के खिलाफ नोटिस जारी करने के साथ ही अगली बैठक में उपस्थिति के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो बैंकर्स जनता के भलाई के लिए काम नहीं कर रहें हैं, वे अपने कार्यों में सुधार लायें अन्यथा की दशा में कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। इस मौके पर जिलाधिकारी ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना जैसे-वार्षिक ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं पशुपालकों/मत्स्य पालकों को के0सी0सी0 की प्रगति, वसूली प्रमाण पत्रों की प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण/शहरी आजीविका मिशन की प्रगति, पी0एम0 स्वनिधि योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद की प्रगति, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार की प्रगति, मुख्यमंत्री मॉटीकला रोजगार, बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन, एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड, धानमंत्री फसल बीमा योजना, वित्तीय परामर्शदाता केन्द्र की प्रगति, इण्डबैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संचालन एवं उसकी प्रगति, वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता हेतु किये गये पहल की प्रगति, विभिन्न त्रैमासिक विवरणियों/ वांछित सूचनाओं/ शिकायतों के जबाब का प्रेषण आदि बिन्दुओं पर बारी-बारी से सम्बन्धित अधिकारियों से बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स रोजगार परक योजनाओं में सहयोग करते हुए स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दें, जिससे स्थानीय स्तर पर बेरोजगारों रोजगार से जोड़ा जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, एलडीएम, बैंक के बैंक मैनेजरगण, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र आर0पी0 गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, सम्बन्धित बैंक प्रतिनिधिगण आदि मौजूद रहें।

# सीएमओ ने प्राइवेट हॉस्पिटल नोडल को किया निर्देशित



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार के अध्यक्षता में प्राइवेट हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन व विभिन्न उपकरणों को लेकर बैठक की गई जिसमें सीएमओ डॉक्टर अश्वनी कुमार ने नोडेल अधिकारी, पीसीपीएनडीटी एवं प्राइवेट हास्पिटल पंजीयन निर्देशित किया कि अपने जांच के दौरान जिले भर के प्राईवेट हास्पिटल में रजिस्ट्रेशन हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सोनभद्र, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड, वाराणसी तथा मैनेजिंग डायरेक्टर, सी.पी.सी. (बी.एम. डब्लू.), वाराणसी के साथ बैठक आहूत की गयी जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा 85 प्राईवेट हास्पिटलों की ऑडिट रिपोर्ट सौंपी गयी तथा क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रतिदिन रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा गया और मैनेजिंग डायरेक्टर, सी.पी.सी. को प्राईवेट हास्पिटलों से बायोमेडिकल वेस्ट न उठाने कि शिकायत में नाराजगी जताई गयी और हिदायत दी गयी कि नियमित तरिके से सभी प्राईवेट हास्पिटलों से बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण किया जाये तथा अस्पतालों को रिकार्ड हेतु लॉग बुक उपलब्ध कराया जाये।

# खुदे नाले की खुदाई में लगी मनरेगा मजदूरों की डिमाण्ड

- सी0डी0ओ0 ने जांच कराने की कही बात

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर मौदहा।** भारत सरकार की योजना मनरेगा एक ऐसी योजना है जो सदैव सवालों के नर्गे में रहती है इस योजन के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों तथा ग्राम सचिवों की मिलीभगत से सरकार की योजना को बहुत ही नुकसान पहुंचाया जाता है। किसी भी ग्राम पंचायत का स्थली निरीक्षण करलीजीए और उसी ग्राम पंचायत के कागजी विकास कार्यो को देख लिजिए दूध का दूध पानी का पानी साफ नजर जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि यह सब आला अधिकारीयों को भी मालूम रहता है ऐसा नही है कि उन से छुपा हो इस तरह का एक प्रकरण मौदहा विकास खंड के सिजवाही ग्राम पंचायत का सामने आया जहां नाला खुदाई में की गयी गड़बड़ी नजर आ रही है क्योंकि कार्य मे 77 मजदूरों की लगी डिमाण्ड बताती है कि पूर्व मे उक्त घोटाला (वर्क कोड 3141021एफपी/ 95848625582340 5304) मीडिया द्वारा प्रकाश लानें के बाद अब पुनः खुदे खुदाये कार्य मे 77 मजदूरों की डिमाण्ड लगाते हुये मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम को भेदकर 8 फोटो अपलोड की गयी है जो यह बताने के लिये पर्याप्त हैं कि कुछ तो गड़बड़ है।

ज्ञात हो कि बीते तीन सप्ताह पूर्व ग्राम सिजवाही में खेत से नदी तक नाला खुदाई के कार्य मे 97 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज कराकर मनरेगा मजदूरों से काम कराया जाना प्रदर्शित किया जा रहा था किन्तु मीडिया टीम ने जब मौके में जाकर मजदूरों की व्यवस्था देखी तो उन्हे मौके पर मजदूर तो नहीं मिले किन्तु नाला खुदाई के नाम पर खेत से नदी तक खुदा पडा कच्चा नाला जरूर दिखाई दिया। जिसे ये बताने वाला भी मौके पर कोई नहीं मिला था कि खुदाई जेसीबी से हुयी है या मजदूरो द्वारा खोदा गया है स्थलीय निरीक्षण में ऐसा प्रतीत हुआ था कि जैसे कच्चा नाला पहले से खुदा पडा हो और मजदूरों की डिमाण्ड फर्जी दर्ज करायी गयी है। गलत फोटो अपलोड करनें के पश्चात दिनांक 13 जून को खंड विकास अधिकारी मौदहा ने समस्त ग्राम पंचायत अधिकारीयों , समस्त ग्राम विकास अधिकारीयों व समस्त रोजगार सेवको को पत्रांक संख्या 173 जारी कर सख्त निंदेश दिये थे कि श्रमिको की मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम से ही कार्य स्थल पर फोटो अपलोड हो और इतना ही नहीं ,फोटोग्राफ अपलोड करते समय प्रत्येक मस्टररोल पर दर्ज श्रमिको की सख्या व चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिये। फोटोग्राफी अपलोड करते समय पर्याप्त प्रकाश हो और किसी भी दशा मे पूर्व मे खींची गयी फोटोग्राफी अपलोड न हो अन्यथा कि स्थिति मे सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।लेकिन ग्राम सिजवाही में नाला खुदाई कार्य के नाम पर पुनः शुरू हुआ फर्जीवाडा क्षेत्र पंचायत की योजना से हो रहा है। जिसमे दिनांक 25 जून 2024 को 8 मस्टर रोल क्रमशः 5832, 5833, 5834, 5835, 5836, 5837, 5838, 5839 मे 77 मजदूरों की डिमाण्ड दर्ज कराकर फोटो अपलोड करनें में निंदेशों का पालन नहीं किया गया है और क्षेत्र पंचायत से कराये जा रहे कार्य के सचिव खण्ड विकास अधिकारी है जबकि कार्यक्रम अधिकारी का प्रभार भी इन्ही के पास है। अब इन परिस्थितियों मे जब जांच अधिकारी खुद अपने कार्य में अपने निंदेशों का अनुपालन नहीं कर पा रहे तो अधीनस्थ ग्राम पंचायत अधिकारियों / विकास अधिकारियो/ रोजगार सेवको से कैसे निंदेश फालो करवाए जा सकेंगे यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

उक्त प्रकरण के सम्बंध में जब खण्ड विकास अधिकारी मौदहा से उन का वर्जन जान नें के लिए फोन किया गया तो उन के द्वारा फोन रिसीव नही किया गया। हालाकि उक्त मामले को मुख्य विकास अधिकारी ने गम्भीरता से सुनकर जांच करवानें की बात कही है।

# डीएम की सदारत में राष्ट्रीय बचत की बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डा0ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार में राष्ट्रीय बचत की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें डाकघर से सम्बंधित वित्त मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं के बारे में शशिकांत रावत, जिला बचत अधिकारी द्वारा तथा किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, मासिक आय योजना, पी0पी0एफ0 योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, आर0डी0 आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा खालिद अंजुम उपजिलाधिकारी / प्रमाण अधि0, राष्ट्रीय बचत ने अभिकर्ताओं से जमा में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की अभिकर्ताओं ने वर्तमान में जमा के सम्बंध में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया यथा कुरारा पोस्ट ऑफिस में प्रिंटर खराब होने की जानकारी दी जिस सम्बंध में अंशुमान पाठक, पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर हमीरपुर ने अग्रिम 15 दिन में समस्या का सम्पूर्ण निस्तारण करने का वादा किया। पोस्ट मास्टर हमीरपुर ने अमिनकर्ताओं से अनुरोध किया कि आप लोग सुकन्या समृद्धि योजना एवं महिला सम्मान पत्र में अधिकाधिक खाते खुलवाते हुये इन जनप्रिय योजना का लाम आम जनमानस को मिल सके। बैठक के अंत में राहुल पाण्डेय, जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा जनता के धन को सुरक्षित करने के सम्बंध में पोस्ट मास्टर से जानना चाहा कि जनपद हमीरपुर में वर्तमान में जनता के धन को सुरक्षित रखने के क्या उपाये अपनाये जा रहे हैं। इस सम्बंध में पोस्ट मास्टर द्वारा अवगत कराया गया कि अब जिले में किसी भी पासबुक में हाथ से इंट्री नहीं हो रही है समस्त इंट्री प्रिंटर के द्वारा की जा रही है एवं समस्त खातों को मोबाइल नम्बर से जोड़ दिया गया है जिससे खाताधारक के पास प्रत्येक माह जमा की सूचना पहुँच जाती है इसके अलावा भी यदि खाताधारक चाहे तो यूनिक आई डी से अपने खाते में जमा धन की जानकारी मोबाईल फोन द्वारा देख सकता है। अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अभिकर्ताओं को धन्यवाद देते हुये बैठक समाप्त की घोषणा की।

# गैर जिम्मेदार सफाई कर्मी पर की गयी कार्यवाही

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण ने अवगत कराया है कि सुरेन्द्र मोहन पाण्डेय पुत्र प्रेम मोहन पाण्डेय, सफाईकर्मी राजस्व ग्राम पनारी, छाप पंचायत-पनारी, विकास खण्ड-चोपन के विरुद्ध कई आरोपों में अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित है, के मद्देनजर तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी, ओबरा की आख्या के अनुसार ग्राम प्रधान पनारी द्वारा बयान किया गया कि इनके पेरोल पर मेरे (ग्राम प्रधान) द्वारा हस्ताहार नहीं किया गया है तथा जब भी इनको साफ-सफाई के लिये कहा जाता है, तो इनके द्वारा उत्तर दिया जाता है कि साफ-सफाई का कार्य मेरा नहीं है। उन्होंने बताया कि सुरेन्द्र मोहन पाण्डेय के द्वारा तैनाती के ग्राम में साफ-सफाई का कार्य न करना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतना तथा आदेशों/ निर्देशों की अवहेलना किया जाता है। निलम्बन



अवधि में सुरेन्द्र मोहन पाण्डेय पुत्र प्रेम मोहन पाण्डेय, निलम्बित सफाईकर्मी की विकास खण्ड-चोपन से सम्बद्ध किया जाता है तथा इनके निलम्बन प्रकरण में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (प्राविधिक), सोनमद्र को जांच अधिकारी नामित किया जाता है। नामित जाँच अधिकारी द्वारा निलम्बित कर्मचारी को नियमानुसार आरोप पत्र जारी करते हुये जाँच की कार्यवाही एक पक्ष के भीतर पूर्ण कर जाँच आख्या प्रस्तुत करेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं पर होने वाली मौतों पर गहरी चिन्ता व नाराजगी व्यक्त करते हुए नशा कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के ड्राईविंग लाइसेन्श निरस्तीकरण तथा संबंधित वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन को देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने हेतु जागरूक किया जाए तथा समझाने के बावजूद भी हेलमेट न लगाने वालों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि जनपद की मुख्य सड़कों के आबादी भागों में ,चौराहों पर सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए। आबादी क्षेत्र में ,तीव्र मोड़ो पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाए। सड़कों पर से अवैध अतिक्रमण/ अवैध पार्किंग हटाए जाने हेतु प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। 18 वर्ष से कम की आयु के रिक्शा चालकों पर कार्यवाही/वाहन सीज करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने ण् ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट / गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों / हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक , साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें तथा दुर्घटना पूर्व ,दुर्घटना होने पर तथा दुर्घटना पश्चात उससे निपटने की कार्ययोजना तैयार कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं। बड़ी संख्या में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, उपजिलाधिकारी (सदर) पवन प्रकाश पाठक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अमिताब राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक कुमार सिंह , डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कई वर्ष से तैनात है एक ही अवर अभियन्ता

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** हमीरपुर लोक निर्माण विभाग मे तैनात अवर अभियंता रमेश चन्द गुप्ता जनपद मे लगभग आठ दस सालो से तैनात है और इसी प्रकार से अवर अभियंता महोदय को लोक निर्माण विभाग के साथ साथ कई विभागो मे भी सम्बंधित है जिसमे डूडा विभाग हमीरपुर और नगर पंचायत सुमेरपुर मे भी लगभग आठ सालो से सम्बंध है इस प्रकार से जेई महोदय द्वारा नगर पंचायत सुमेरपुर मे जो भी निर्माण कार्य हो रहा है उनको मानको के अनुरूप नही करवा पा रहे है उनके कार्यकाल मे बनी अधिकंश नाली सी सी सड़के इंटर लकिंग बेहद घटिया है बिना मानक की धड़ले से बनायी गयी है जो अधिकंश सड़के तो उखड़ भी गयी है मगर जेई कभी भी कार्य के समय निरीक्षण नही किया जाता है और ठेकेदारो से साठ गाठ के चलते भारी कमीशन बाजी से ठेकेदारो का भुगतान भी किया जाता है इस प्रकार से वर्तमान समय मे नगर पंचायत सुमेरपुर द्वारा कई वार्ड मे निर्माण कार्य किये गये है और कई निर्माण कार्य कराये जा रहे है जो बेहद घटिया और मानक के विपरीत है मगर जेई महोदय कभी भी कार्यो का धरातल पर आकर निरक्षण नही करते है सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अवर अभियंता और ठेकेदारो की साठ गाठ से ये सब खेल हो रहा है जब की शासन के निर्देश के अनुसार इतने सालो से तैनात जेई महोदय का अभी तक स्थांतरण हो जाना चाहिए था मगर विभागीय अधिकारियो के हाथ रखे होने के कारण अभी तक एक ही जनपद पर वो तैनात है नगर पंचायत सुमेरपुर के कुछ समाज सेवीयो ने मुख्य मंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करके जेई को नगर पंचायत से सम्बंध हटाये जाने तथा इनके स्थान पर दूसरे अवर अभियंता को सम्बंध किये जाने की मांग की है।

# कार्यालयः नगर पंचायत-बिस्कोहर, जनपद-सिद्धार्थनगर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र.

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024


अरविंद कुमार शर्मा
मा. नगर विकास मंत्री


राकेश राठौर गुरू
मा. राज्य नगर विकास मंत्री


जगदम्बिका पाल
मा. सांसद


माता प्रसाद पाण्डेय
मा. विधायक


सुभाष यदुवंशी
मा. विधान परिषद सदस्य

**उमाशंकर**
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सिद्धार्थनगर

**पवन अग्रवाल**
जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर

## हिन्दी दैनिक 'अवधनामा' के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### नगर पंचायत बिस्कोहर अपने सम्मानित नगरवासियों से निम्न अपील करती है:-

1. यह नगर आपका है, आप नगर के सम्मानित नागरिक हैं, नगर को स्वच्छ, प्रदूषण रहित बनाये रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग करें। अपने घरों का कूड़ा करकट नालियों में न डालें, उसे निश्चित स्थान पर ही रखें। 2. सार्वजनिक सड़क, भूमि, पटरी व नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। 3. नगर पंचायत द्वारा नगर में स्थापित प्रकाश बिन्दु जो अंधेरे में आप के मार्ग दर्शक हैं, को क्षति न पहुंचायें। 4. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अंदर कार्यालय में समय से दर्ज करायें। 5. प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करें, नगर को प्रदूषण से बचायें। जूट व कागज से बने थैले का ही प्रयोग करें। 6. खुले मैदान या खेतों में शौच के लिए न जाएं, घर में बने शौचालय का प्रयोग करें। 7. अधिक से अधिक पेड़ लगायें भूमंडल को बेहतर बनायें। 8. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने में सहयोग करें। 9. छत से कूड़ा न फेंके, फेंकते हुए पकड़े जाने पर नगर पंचायत द्वारा कानूनी कार्यवाही की जायेगी। 10. नगर पंचायत द्वारा लगवाये गये हरे-नीले डस्टबिन में कचरे को अलग-अलग डालें। 11. अपने घर के आस-पास गंदगी न होने दें तथा उसे साफ-सुथरा रखें। 12. नगर पंचायत द्वारा लगाये गये वाटर एटीएम से शुद्ध पयेजल का उपयोग करें। 13. सार्वजनिक नलों की टोटी खोलकर व्यर्थ पानी की बर्बादी न करें। 14. किसी भी समस्या के सुझाव/निस्तारण हेतु नगर पंचायत के टोल फ्री नं.-18001206209 पर सम्पर्क करें।



**अमरजीत**
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत-बिस्कोहर, सिद्धार्थनगर

**सभी रोगों की एक दवाई। हमेशा रखो साफ-सफाई**
**समस्त सम्मानित सभासदगण**

**अजय गुप्ता**
अध्यक्ष, नगर पंचायत-बिस्कोहर, सिद्धार्थनगर

# कार्यालयः नगर पंचायत-इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र.

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024


अरविंद कुमार शर्मा
मा. नगर विकास मंत्री


राकेश राठौर गुरू
मा. राज्य नगर विकास मंत्री


जगदम्बिका पाल
मा. सांसद


माता प्रसाद पाण्डेय
मा. विधायक इटवा


सुभाष यदुवंशी
मा. विधान परिषद सदस्य

**उमाशंकर**
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सिद्धार्थनगर

**पवन अग्रवाल**
जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर

## हिन्दी दैनिक 'अवधनामा' के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### नगर पंचायत इटवा अपने सम्मानित नगरवासियों से निम्न अपील करती है:-

1. यह नगर आपका है, आप नगर के सम्मानित नागरिक हैं, नगर को स्वच्छ, प्रदूषण रहित बनाये रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग करें। अपने घरों का कूड़ा करकट नालियों में न डालें, उसे निश्चित स्थान पर ही रखें। 2. सार्वजनिक सड़क, भूमि, पटरी व नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। 3. नगर पंचायत द्वारा नगर में स्थापित प्रकाश बिन्दु जो अंधेरे में आप के मार्ग दर्शक हैं, को क्षति न पहुंचायें। 4. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अंदर कार्यालय में समय से दर्ज करायें। 5. प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करें, नगर को प्रदूषण से बचायें। जूट व कागज से बने थैले का ही प्रयोग करें। 6. खुले मैदान या खेतों में शौच के लिए न जाएं, घर में बने शौचालय का प्रयोग करें। 7. अधिक से अधिक पेड़ लगायें भूमंडल को बेहतर बनायें। 8. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने में सहयोग करें। 9. छत से कूड़ा न फेंके, फेंकते हुए पकड़े जाने पर नगर पंचायत द्वारा कानूनी कार्यवाही की जायेगी। 10. नगर पंचायत द्वारा लगवाये गये हरे-नीले डस्टबिन में कचरे को अलग-अलग डालें। 11. अपने घर के आस-पास गंदगी न होने दें तथा उसे साफ-सुथरा रखें। 12. नगर पंचायत द्वारा लगाये गये वाटर एटीएम से शुद्ध पयेजल का उपयोग करें। 13. सार्वजनिक नलों की टोटी खोलकर व्यर्थ पानी की बर्बादी न करें। 14. किसी भी समस्या के सुझाव/निस्तारण हेतु नगर पंचायत के टोल फ्री नं.-18001206209 पर सम्पर्क करें।



**संदीप कुमार**
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत-इटवा, सिद्धार्थनगर

**सभी रोगों की एक दवाई। हमेशा रखो साफ-सफाई**
**समस्त सम्मानित सभासदगण**

**विकास जायसवाल**
अध्यक्ष, नगर पंचायत-इटवा, सिद्धार्थनगर